जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-243 ▶ मुंबई, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




गदर काटेगी लखनऊ !

पेज 11






# वक्फ बिल लाएगी मोदी सरकार

## ▶▶ लोकसभा में 2 अप्रैल को हो सकता है पेश

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक बिल केंद्र सरकार ने तैयार कर ली है। इसे 2 अप्रैल को लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, “मेरी सभी से अपील है कि जब हम संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहे हैं, तो हमें सदन में बहस और चर्चा में अवश्य भाग लेना चाहिए। संसद के बाहर, रिकॉर्ड संख्या में परामर्श और विचार-विमर्श हुए हैं। जेपीसी ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे व्यापक परामर्श प्रक्रिया और सर्वोच्च प्रतिनिधित्व का रिकॉर्ड बनाया है। अब जबकि विधेयक तैयार है, मैं सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे इसमें भाग लें और संसद में अपने विचार रखें। कृपया गुमराह न करें।” वक्फ संशोधन विधेयक पर केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, “कुछ लोग कह रहे हैं कि यह वक्फ संशोधन विधेयक असंवैधानिक है। वक्फ नियम आजादी से पहले से ही अस्तित्व में हैं ये सभी प्रावधान पहले से ही अस्तित्व में हैं। अगर वक्फ अधिनियम आजादी से पहले से अस्तित्व में है, तो यह अवैध कैसे हो सकता है?”




### मुसलमानों को गुमराह न करें : रिजिजू

- किरेन रिजिजू ने कहा, “भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है। कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही झूठी बातें हमारे समाज और राष्ट्र के लिए बहुत हानिकारक हैं। मैं सभी से अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया उन नेताओं की पहचान करें जो झूठ बोल रहे हैं। ये वे लोग हैं जिन्होंने सीएए के दौरान देश को गुमराह किया। मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सबसे सुरक्षित हैं और अल्पसंख्यकों को भारत में स्वतंत्रता के सबसे अच्छे अधिकार प्राप्त हैं।”

### वक्फ बिल से डरने की जरूरत नहीं : सैयद नसरुद्दीन चिश्ती



सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि मेरा मानना है कि मौजूदा वक्फ बिल है उसमें अमेंडमेंट की सख्त जरूरत है और मुसलमान को किसी भी तरीके से इससे डरने की जरूरत नहीं है। मीडिया पर आकर बयान देना वह आधिकारिक बयान नहीं होता है। भारत सरकार संसद में खड़े होकर आधिकारिक तौर पर कोई बयान दे, यह किसी के खिलाफ नहीं है, कोई आपकी मस्जिद, दरगाह है छीनी जाएंगी, ईमामबाड़े छीने नहीं जाएंगे, तो हमें उस आधिकारिक बयान को मनाना चाहिए। जो जज्बात भड़काने की कोशिश कर रहे हैं यह गलत है। जब भी मुसलमान के रिफॉर्म की बात आती है और भारत सरकार कुछ करना चाहती है इस तरीके से कुछ लोग वह जाकर के मुसलमान के जज्बातों को भड़कते हैं जो सरासर गलत है।

### वक्फ बिल में बदलाव समय की आवश्यकता

सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि वक्फ बिल में बदलाव समय की आवश्यकता इसलिए है कि वक्फ की इतनी संपत्तियां हैं, उनको जो रेंट पर दिया हुआ है और आज अगर मार्केट वैल्यू की रेंट देखी जाए और जिन लोगों को वक्फ की संपत्तियां रेंट पर दी गई है, उन्होंने किसी ने 8 पर किसी ने 10 पर किसी ने 500 में ले रखी हैं, किसी ने हजार रुपए में ले रखी है, जबकि उन प्रॉपर्टी की वैल्यू करोड़ों में है।

### वक्फ संशोधन बिल पर सपा का तीखा विरोध

वक्फ संशोधन बिल को लेकर जियाउर्रहमान बर्क ने सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, “हमने संसद में पहले भी इस बिल का कड़ा विरोध किया था। अब जो सत्र बाकी है उसमें सरकार इसे लाने की तैयारी में है। लेकिन हम और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मिलकर इसका डटकर मुकाबला करेंगे। हम धरने और प्रदर्शन कर रहे हैं और जरूरत पड़ी तो न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।”

# 2029 में भी मोदी ही होंगे प्रधानमंत्री : सीएम

## ▶▶ पिता के रहते उत्तराधिकार पर बात 'मुगल संस्कृति'



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि मोदी आने वाले वर्षों तक देश की अगुवाई करेंगे। फडणवीस ने यह भी कहा कि 2029 में हम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे। दरअसल शिवसेना (यूटीबी) के नेता संजय राऊत ने हाल ही में कहा था कि मोदी रविवार को नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय यह संदेश देने के लिए गए थे कि वे रिटायर हो रहे हैं। नागपुर में संवाददाताओं से बात करते हुए वरिष्ठ आरएसएस नेता सुरेश ‘भैयाजी’ जोशी ने भी इस तरह की किसी भी तरह की चर्चा से इनकार किया है। सीएम फडणवीस ने कहा, हमारे लिए मोदी ही नेता हैं और वे आगे भी हमारे नेता बने रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, जब तक नेता सक्रिय हैं, उनके उत्तराधिकारी पर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में जब पिता जीवित होते हैं, तब उत्तराधिकारी पर बात करना ठीक नहीं माना जाता। यह मुगल संस्कृति है। अभी इसका समय नहीं आया है।

### औरंगजेब का मकबरा संरक्षित स्मारक

- मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि लोग मुगल बादशाह औरंगजेब को पसंद करें या न करें, लेकिन उसका मकबरा एक संरक्षित स्मारक है। किसी को उसका महिमामंडन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘कानून के दायरे से बाहर’ की ढांचों को हटा दिया जाना चाहिए। दक्षिणपंथी संगठन छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद शहर में स्थित 17वीं सदी के मुगल शासक के मकबरे को हटाने की मांग कर रहे हैं।

### औरंगजेब की कब्र का मुद्दा अनावश्यक : जोशी



- औरंगजेब विवाद को लेकर लेकर आरएसएस नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि औरंगजेब की कब्र का मुद्दा अनावश्यक है। औरंगजेब की मृत्यु यहीं हुई थी और उनकी कब्र बनाई गई थी। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अफजल खान की कब्र बनवाकर एक मिसाल कायम की थी। यह भारत की उदारता और समावेशिता को दर्शाता है। कब्र बनी रहेगी और जो कोई भी इसे देखना चाहे, वो जा सकता है।






# 27 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर पोस्ट करते हुए कहा कि मोदी सरकार की ड्रग्स को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने 27.4 करोड़ रुपये की मेथमफेटामाइन, एमडीएमए और कोकेन जब्त की। शाह ने इस सफलता के लिए एनसीबी और दिल्ली पुलिस की सराहना की। यह कार्रवाई तब शुरू हुई जब एनसीबी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को दिल्ली के छतरपुर इलाके में उच्च गुणवत्ता वाली मेथमफेटामाइन की डिलीवरी की सूचना मिली। संदिग्धों पर नजर रखने के बाद एक वाहन को रोका गया, जिसमें 5.103 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली क्रिस्टल मेथमफेटामाइन मिली, जिसकी कीमत करीब 10.2 करोड़ रुपये आंकी गई। वाहन में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार अफ्रीकी नागरिक शामिल हैं।

- **चार अफ्रीकी सहित 5 गिरफ्तार**
- **गृह मंत्री अमित शाह ने की पुलिस की तारीफ**

### अपार्टमेंट में मिला प्रतिबंधित ड्रग्स

मौके पर पूछताछ और तकनीकी जांच से पता चला कि यह मादक पदार्थ पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में एक अफ्रीकी किचन से लाया गया था। इस किचन की तलाशी में 1.156 किलोग्राम क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, 4.142 किलोग्राम अफगान हेरोइन और 5.776 किलोग्राम एमडीएमए (एक्स्टसी पिल्स) बरामद हुई, जिनकी कीमत करीब 16.4 करोड़ रुपये है। इसके बाद ग्रेटर नोएडा में एक किराए के अपार्टमेंट की तलाशी ली गई, जहां से 389 ग्राम अफगान हेरोइन और 26 ग्राम कोकेन बरामद की गई।

### मध्य प्रदेश सरकार का फैसला

# मांसाहारी खाद्य पदार्थों पर प्रतिबंध

**भोपाल।** चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से हो चुकी है। चैत्र नवरात्रि में नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस पवित्र अवसर को देखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला किया है। राज्य के मैहर शहर में नवरात्र के दौरान रविवार से सभी मांसाहारी खाद्य पदार्थों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मैहर में मां शारदा मंदिर शक्तिपीठ है। इस कारण मैहर शहर को श्रद्धालुओं के लिए काफी अहम माना जाता है। मैहर जिले में मां शारदा मंदिर शक्तिपीठ में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां शारदे चैत्र नवरात्र मेले में शामिल होने के लिए मैहर आते हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि 30 मार्च को चेती चांद, 6 अप्रैल को राम नवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा पर भोपाल और इंदौर में मांस की दुकानें बंद रहेंगी।




▶▶ चैत्र नवरात्रि के चलते लगी रोक

# भारत को टैरिफ छूट पर ट्रंप की चुप्पी



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने तय किया है कि वे इस साल के अंत तक एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के एक हिस्से पर हस्ताक्षर कर लेंगे। हालांकि, इस जानकारी के साथ यह नहीं बताया गया है कि इससे भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित रेसिप्रोकल टैरिफों यानी ‘जैसे को तैसा‘ टैरिफों के मामले में कुछ छूट मिलेगी या नहीं। ट्रंप ने इन टैरिफों को 2 अप्रैल, 2025 से लागू करने की बात कही है। यानी इसके बाद अमेरिका भारत से किसी खास सामान के आयात पर उतना ही टैरिफ लगाएगा, जितना भारत उस सामान के अमेरिका से आयात पर लगाता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार की बातचीत बहुत अहम थी। नीति निर्माताओं और बहुत से कारोबारियों का ध्यान इस ओर लगा हुआ था। दरअसल भारत पर इन टैरिफों के लागू होते ही, भारत के लिए अमेरिका से कारोबार की शर्तें कठिन हो जाएंगी। अमेरिका और भारत के बीच होने वाले कपड़ा, दवाओं, गाड़ियों और आईटी सेवाओं के कारोबार पर इसका काफी बुरा असर होगा। भारत के साथ कारोबार में अमेरिका को काफी कारोबारी घाटा होता है। डोनाल्ड ट्रंप इस कारोबारी घाटे को कम करने के लिए ये टैरिफ लगाना चाहते हैं।

### कल से लागू होने हैं टैरिफ

भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की ओर से शनिवार देर रात बताया गया कि सितंबर, 2025 तक ट्रेड डील के पहले हिस्से को पूरा करने पर अमेरिका के साथ सहमति बन गई है। इस बातचीत के लिए अमेरिका से एक दल नई दिल्ली आया हुआ था। दोनों पक्षों के बीच मार्केट तक पहुंच सुनिश्चित करने, टैरिफ कम करने, और सप्लाई चेन मजबूत करने पर चर्चा हुई। लेकिन सामने आई जानकारी में 2 अप्रैल यानी बुधवार से लागू होने जा रहे रेसिप्रोकल टैरिफों पर राहत का कोई इशारा नहीं मिला है।






## न्यूज BRIEF

### अरुणाचल प्रदेश में भूकंप के झटके

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में 31 मार्च को भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोपहर दो बजकर 38 मिनट पर लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। रिएक्टल स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3 ।5 आंकी गई। इससे पहले म्यांमार सहित चीन के आसपास के देशों में भारी भूकंप आया था जिससे सैकड़ों लोागों की मौत हो गई थी।

### एप्पल पर 1388 करोड़ रुपए का जुर्माना

**पेरिस।** आईफोन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एप्पल पर 15 करोड़ यूरो से भी ज्यादा का भारी-भरकम जुर्माना ठोका गया है। एप्पल पर 15 करोड़ यूरो का ये बड़ा जुर्माना फ्रांस के कॉम्पिटीशन रेगुलेटर ने लगाया है। फ्रांस के कॉम्पिटीशन रेगुलेटर ने सोमवार को कहा कि उन्होंने जांच में पाया कि एप्पल के एटीटी ढांचे का उद्देश्य यूजर्स को थर्ड पार्टी के एप्लिकेशन द्वारा डेटा कलेक्शन के लिए सहमति देने की अनिवार्यता है।

### पीएम की निजी सचिव बनीं निधि तिवारी

**नई दिल्ली।** डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग ने आईएफएस निधि तिवारी को प्रधानमंत्री का निजी सचिव बना दिया गया है। निधि तिवारी 2014 बैच की आईएफएस की अधिकारी हैं। निधि तिवारी वर्तमान में पीएमओ में उप सचिव के रूप में काम कर रहीं थी, लेकिन अब वे पीएम की पर्सनल सेक्रेटरी के रूप में काम करेंगी।

# छत्तीसगढ़ : 25 लाख की इनामी नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी सुरक्षा बलों ने माओवादी संगठन को करारा झटका दिया जब दंतेवाड़ा और बीजापुर की सीमा पर हुई मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु ढेर कर दी गयी। जवानों ने महिला नक्सली के शव के साथ इंसास राइफल और भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दंतेवाड़ा और बीजापुर में सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और जवानों के वापस आने के बाद अंतिम आंकड़े जारी किए जाएंगे। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि, जवानों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। इस बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि आज दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु मारी गई। उन्होंने कहा, “भटके हुए लोगों से पुनः अपील है कि नक्सलवाद के काले अंधकार को छोड़ें और लोकतंत्र के प्रकाश से उज्ज्वल समाज की मुख्यधारा में शामिल हों।



### कठुआ एनकाउंटर : चार जवान शहीद

# परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी



**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कठुआ जिले में पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए चार पुलिसकर्मियों के परिवारों से मुलाकात की और उनके प्रति अपनी संवेदना और समर्थन व्यक्त किया। उपराज्यपाल ने परिवारों को अगले परिजनों, ज्यादातर शहीद पुलिसकर्मियों की विधवाओं के लिए सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया।

एलजी ने परिवारों से कहा कि देश की जनता उनके साथ है और सरकार की ओर से पूरा सहयोग सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। पत्नियों ने नागरिक विभागों में नौकरी की मांग की, क्योंकि उनके पास छोटे बच्चे हैं, जिनकी देखभाल करनी है। एलजी ने जम्मू जिले के अखनूर इलाके के हेड कांस्टेबल जगबीर सिंह के परिवार से भी मुलाकात की और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। कठुआ जिले के सान्याल बेल्ट के सुदूर जंगली इलाके में गुरुवार को भीषण गोलीबारी में घुसपैठ कर रहे दो आतंकवादी और चार पुलिसकर्मी मारे गए, जबकि एक पुलिस उपाधीक्षक सहित तीन अन्य घायल हो गए। सिन्हा ने कठुआ जिले के कन्ना चक में बलविंदर सिंह चिब के घर का दौरा किया, जहां उन्होंने उनकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास लोंदी गांव में जसवंत सिंह के परिवार से मुलाकात की और परिवार को समर्थन दिया। बाद में, वह रियासी जिले के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने चंबा गांव में पुलिस अधिकारी तारिक अहमद के परिवार से मुलाकात की।

- **जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का वादा**

### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने की घोषणा

# दो पहिया के साथ दो हेलमेट देना जरूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में दो पहिया वाहन निर्माताओं को अपने वाहन के साथ अब से दो हेलमेट देना अनिवार्य करने का ऐलान कर दिय है। गडकरी की ओर से घोषणा की गई है कि दो पहिया वाहनों को खरीदते समय निर्माता को दो हेलमेट देने होंगे। यह हेलमेट आईएसआई प्रमाणित होंगे और इनको देना अनिवार्य है। दिल्ली में आयोजित एक ऑटो समिट के दौरान इसकी घोषणा की गई है। टू व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने इस घोषणा का स्वागत किया है। यह नियम नहीं, बल्कि देश की आवश्यकता है। यह फैसला अब ऐसी त्रासदियों को रोकेगा जो इस हादसों में जान गंवा चुके है। हेलमेट निर्माता संघ ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण आईएसआई हेलमेट के उत्पादन में वृद्धि करेंगे और देशभर में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित हो। भारत में हर साल बड़ी संख्या में सड़क हादसों में कई लोगों की जान जाती है।

### करियर की पहली गेंद पर झटका विकेट

# अश्विनी की असरदार गेंदबाजी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने मुंबई के लिए डेब्यू मैच में पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बन गए हैं। अश्विनी को केकेआर के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल किया और उन्होंने अपने ओवर की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर अपना दम दिखाया। अश्विनी ने अपने आईपीएल करियर की पहली गेंद पर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को आउट किया मुंबई के लिए अश्विनी से पहले डेब्यू मैच की पहली गेंद पर अली मुर्तजा, अल्जारी जोसेफ और डेवाल्ड ब्रेविस ने विकेट लिए हैं। अश्विन कुमार ने डेब्यू पर तीन ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए। यह आईपीएल इतिहास में डेब्यू पर किसी गेंदबाज का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अश्विनी ने रहाणे के अलावा रिंकू सिंह, मनीष पांडे और आंद्रे रसेल को अपना शिकार बनाया।



▶▶ तीन ओवर में लिए चार विकेट लिए

**विशेष सूची में बनाई जगह**

ओवरऑल अश्विनी 10वें गेंदबाज हैं जिन्होंने आईपीएल में डेब्यू मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया है। अश्विनी के अलावा ईशांत शर्मा, विलकिन मोता, शेन हारवुड, अमित सिंह, चार्ल लैंगडेवेट, अली मुर्तजा, टीपी सुधिंद्रा, अल्जारी जोसेफ और पथिराना ऐसा कर चुके हैं।

# इमरान खान नोबेल शांति पुरस्कार को नामित

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और फिलहाल जेल में बंद इमरान खान को नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया। इमरान खान को मानवाधिकार और लोकतंत्र के लिए उनकी कोशिशों के लिए नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया है। पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस और नॉर्वेजियन राजनीतिक पार्टी सेंट्रम की ओर से ये जानकारी दी गई है। पार्टी सेंट्रम की ओर से एक्स पर जानकारी देते हुए कहा गया, “हमें पार्टी सेंट्रम की ओर से इस बात की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि नॉमिनेशन के राइट वाले किसी व्यक्ति के साथ गठबंधन कर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान में मानवाधिकार और लोकतंत्र के साथ उनके काम के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है।” बता दें कि यह दूसरा मौका है जब इमरान खान को नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया गया है। इससे पहले 2019 में दक्षिण एशिया में शांति को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें नॉमिनेट किया गया था।

# रामविलास पासवान की पत्नी बेदखल!



**खगड़िया।** संपति को लेकर राम विलास पासवान के परिवार में विवाद पैदा हो गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की पत्नी ने उनके बड़े भाई रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी के कमरे में ताला जड़ दिया है। मामला संपत्ति विवाद को लेकर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पशुपति पारस अपने पुस्तैनी घर के बगल में रामविलास पासवान का समाधि स्थल बनाए हुए हैं। इसको लेकर विवाद शुरु हो गया है। रविवार को पशुपति पारस की पत्नी शहरबन्नी पहुंची और रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी के कमरे में ताला जड़ दिया। राजकुमारी देवी ने भी अपनी गोतनी पशुपति पारस की पत्नी पर कमरे को बंद करने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने अलौली थाना में भी आवेदन दे दिया है। राजकुमारी देवी का आरोप है कि पशुपति कुमार पारस की पत्नी शोभा देवी और स्वर्गीय रामचंद्र पासवान की पत्नी सुनैना देवी ने उनको घर से निकालकर ताला मार दिया है। इस घटना से आहत होकर वह बीमार हो गई हैं।

नवी मुंबई मनपा



# परिवहन उपक्रम में डिजिटल अवकाश प्रणाली का उपयोग

## 100 दिनों की कार्य योजना के संबंध में निर्देश

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के सरकारी निर्णय क्र. संकीर्ण 2025/प्र.क्र.7/ र.व का. 1, 13 जनवरी 2025 के अनुसार राज्य सरकार ने क्षेत्रीय, सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों के लिए 100 दिनों की कार्य योजना के अंतर्गत उल्लिखित बिंदुओं पर प्रभावी अमल के संबंध में निर्देश/सूचनाएं जारी की हैं। उसी के अनुरूप नवी मुंबई मनपा परिवहन उपक्रम में अवकाश से संबंधित कार्यवाही योजनाबद्ध तरीके से हो, इस उद्देश्य से अवकाश प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) का कार्यान्वयन किया गया है।

### एलएमएस (लीव मैनेजमेंट सिस्टम) का प्रभावी उपयोग

- परिवहन उपक्रम में कार्यरत स्थायी एवं रोख मानदेय आधार पर कार्यरत सभी संवर्गों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश प्रबंधन हेतु एलएमएस का 100% उपयोग तीन फरवरी से ऑनलाइन ऐप के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। अब तक परिवहन उपक्रम के विभिन्न कार्यालयों से 4246 ऑनलाइन अवकाश आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही की गई है, जिससे अवकाश आवेदनों की स्थिति शून्य लंबितता है। सरकारी कार्यों में कर्मचारियों/अधिकारियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति, आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश तथा चिकित्सा अवकाश की सटीक योजना कम जनशक्ति में सुनिश्चित करने हेतु कार्यालयों में अवकाश प्रबंधन के दृष्टिकोण से एलएमएस प्रणाली का उपयोग किया गया है। इसके चलते जनशक्ति का समुचित उपयोग संभव हो सका है।

### एलएमएस प्रणाली के लाभ

- एलएमएस प्रणाली के कारण अधिकारी व कर्मचारी 24 घंटे कार्य हेतु सक्रिय रहते हुए अन्य स्थानों से भी अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही अधिकारीगण भी अवकाश स्वीकृत कर सकते हैं, जिससे कार्य में गति आती है और समय की बचत होती है।
- एलएमएस प्रणाली के तहत अवकाश आवेदन ऑनलाइन होने से कागज का उपयोग घटता है और उस पर होने वाला खर्च भी कम होता है, साथ ही सभी अवकाश दस्तावेज डिजिटल रूप में संग्रहित किए जाते हैं।
- मोबाइल ऐप के माध्यम से अवकाश आवेदन की स्थिति एवं कर्मचारी की उपस्थिति की जानकारी उपलब्ध होने से कर्मचारियों को कार्यालय जाकर जानकारी लेने में लगने वाले समय की बचत होती है।
- एलएमएस प्रणाली के माध्यम से यह जानकारी शीघ्रता व सटीकता से प्राप्त हो जाती है कि किस विभाग में कितने कर्मचारी अवकाश पर हैं, जिससे जनशक्ति का उचित नियोजन संभव हो पाता है।
- एलएमएस प्रणाली के कारण अवकाश प्रबंधन में पारदर्शिता और कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है।
- ई-ऑफिस प्रणाली और एलएमएस प्रणाली के कारण परिवहन उपक्रम के कार्यों में पारदर्शिता आई है और कार्यों का निपटारा तीव्र गति से हो रहा है। नवी मुंबई मनपा परिवहन उपक्रम प्रशासन ने उक्त जानकारी दी है।

# सूरत स्टेशन पर अधिकांश ट्रेनों के ठहराव आज से




▶▶ प्लेटफॉर्म संख्या 2-3 पर चल रहा एयर कॉनकोर्स का कार्य पूरा

**सूरत।** सूरत स्टेशन का पूर्ण रूप से कायाकल्प हो रहा है और इसे विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूरत स्टेशन पुनर्विकास के तहत प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 (फेज-II) पर कॉनकोर्स का काम पूरा हो चुका है। इसे देखते हुए, जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश ट्रेनों का 1 अप्रैल, 2025 से सूरत स्टेशन पर परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर चल रहे सूरत स्टेशन पुनर्विकास कार्य का दूसरा चरण पूरा हो गया है। इस कार्य के मद्देनजर किए गए ब्लॉक के कारण जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश 1 अप्रैल, 2025 से परिचालन फिर से शुरू करेंगी। हालांकि यह सूचित किया जाता है कि ताप्ती लाइन की सभी ट्रेनों (नंदुरबार/जलगांव से आने और जाने वाली) उधना स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा।

पश्चिम रेलवे की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट

# रेलवे ने पहुंचाया दक्षिण गुजरात में चीकू

**मुंबई।** किसान रेल सुविधा के कारण लंबी दूरी के बाजारों तक अपने उत्पाद को पहुंचा पाते हैं और इस प्रकार अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर पाते हैं पश्चिम रेलवे की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट ने चीकू के परिवहन को सड़क मार्ग से रेल मार्ग पर स्थानांतरित करने में सहायता की। रेल के माध्यम से कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) ने चीकू के परिवहन को सड़क मार्ग से रेल मार्ग पर लाने में सफलता हासिल की। इस दिशा में वलसाड, नवसारी और दक्षिण गुजरात क्षेत्र के चीकू किसानों के लाभ के लिए बिलिमोरा से दिल्ली के आदर्श नगर तक स्पेशल ट्रेन शुरू की गई।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों द्वारा वलसाड जिले में चीकू के व्यापार से जुड़ी विभिन्न सहकारी समितियों के साथ रेल मार्ग से परिवहन के लाभों पर प्रकाश डालने के लिए व्यापक चर्चा की गई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, हाल ही में वी. वी. के. एस. खेडुत मंडली, अमलसाड ने आदर्श नगर, दिल्ली में अपनी उपज के परिवहन और वितरण के लिए बिलिमोरा से चीकू की लगभग 35,000 पेटियां लोड कीं। चीकू की पेटियों के लिए समर्पित यह स्पेशल ट्रेन 24 घंटे के भीतर यानी सुबह करीब 07:00 बजे अपने गंतव्य पर पहुँच गई। इससे जल्दी खराब होने वाले इस उत्पाद की ताज़गी बरकरार रही और बाज़ारों के खुलने से पहले ही वहां तक पहुँचाना संभव हो गया।



▶▶ उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर पाते किसान

▶▶ बिलिमोरा से चीकू की लगभग 35,000 पेटियां लोड कीं

नवी मुंबई मनपा : कोपरखैरणे और नेरुल विभाग

# अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई





**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस की कोई परवाह न किए जाने के कारण, अनधिकृत निर्माण कार्य के विरुद्ध नवी मुंबई मनपा विभाग द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने नेरुल और कोपरखैरणे विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत नेरुल विभाग में पारूल भारद्वाज, प्लॉट क्रमांक 84, सेक्टर 19, नेरुल, नवी मुंबई के स्थान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किए जाने पर लगभग 6.10 मीटर X 4.10 मीटर के माप की पार्किंग क्षेत्र में अनधिकृत रूप से विस्तारित निर्माण कार्य किया जा रहा था, जो दृष्टिगोचर हुआ। इस अनधिकृत निर्माण के लिए नेरुल विभाग कार्यालय की ओर से महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना तथा नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के अंतर्गत 11/03/2025 को नोटिस जारी की गई थी। हालांकि, नोटिस की समयावधि समाप्त होने के बाद भी अनधिकृत निर्माण स्वयं द्वारा नहीं हटाया गया। उक्त कार्रवाई नेरुल विभाग के सहायक आयुक्त तथा विभागीय अधिकारी जयंत जावडेकर, कनिष्ठ अभियंता संजय सोनटक्के, अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी, 10 मजदूर, 2 गैस कटर, 2 ब्रेकर, 2 भारी हथौड़े और अतिक्रमण विभाग की पुलिस टीम तथा सुरक्षा रक्षकों की सहायता से की गई। साथ ही उक्त निर्माणकर्ता से रु.10,000/- की दंडात्मक राशि वसूल की गई है। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत कोपरखैरणे विभाग में साधना राजेंद्र नवले, एस.एस. टाइप, रूम क्रमांक 733, सेक्टर 18, कोपरखैरणे, नवी मुंबई को महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना तथा नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के अंतर्गत 25 फरवरी को नोटिस दी गई थी। उक्त निर्माण पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। कोपरखैरणे रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग के निकट फुटपाथ पर बसे बेघर लोगों का सामान जब्त कर डंपिंग स्थल पर जमा किया गया। इस अनधिकृत निर्माण पर कोपरखैरणे विभाग द्वारा तोड़क अभियान आयोजित किया गया था। इस तोड़ कार्रवाई अभियान के लिए कोपरखैरणे विभाग के सहायक आयुक्त वसंत मुंडावरे, कनिष्ठ अभियंता चंद्रकांत धोत्रे तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी और न.मुं.म.पा. का पुलिस बंदोबस्त उपस्थित था। उक्त कार्रवाई हेतु 6 मजदूर, 2 इलेक्ट्रॉनिक हैमर, 1 पिकअप वैन, 1 गैस कटर का उपयोग किया गया। आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई और तीव्र रूप में की जाएगी।

हिन्दी प्रचार एवं शोध संस्था मुंबई

# शब्दों का जादूगर होता कवि : डॉ. मिश्र

- भायंदर पूर्व में संस्था की 245वीं गोष्ठी का आयोजन

**मुंबई।** हिन्दी प्रचार एवं शोध संस्था मुंबई द्वारा न्यूसीब्यू, न्यू रविराज काम्प्लेक्स, जेसल पार्क भायंदर पूर्व में संस्था की 245वीं गोष्ठी का आयोजन संस्था के महासचिव डा. उमेश चन्द्र शुक्ल के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डा. सुधाकर मिश्र ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि कवि शब्दों का जादूगर होता है। विन्यास विदग्धि से शब्दों के प्रयोग से भावक को सम्मोहित करता है। मुख्य अतिथि श्रेयस्कर पत्रिका के संपादक डा. कृपाशंकर मिश्र ने कविता पढ़ी "असत्य का समूल नाश सत्य ही सदा करै।", डा. उमेश चंद्र शुक्ल ने शेर पढ़ा "बात दूर तक गई अफवाहों में ही रही होती। ढूलक कर आँसुओं ने सही बात ना कहीं होती।" प्राध्यापक विजय नाथ मिश्र ने "शेर की सवारी गले मुण्ड माला धारी।" कविता पढ़ी तो डॉ.मदन गोपाल गुप्ता " शतदल की मुस्कान प्रिये"," जवनियाँ हठ ना छोड़े।" गीतकार मार्कंडेय त्रिपाठी ने दो गीत पढ़ें। भोलानाथ तिवारी मूर्धन्य भारतांचली ने काव्य पाठ किया। फिल्मों और सीरियल के लिए रिसर्च करने वाले डा. संजय सिंह निर्जल ने कविता पढ़ी " विश्वामित्र का हृदय राम राम बोल उठा।" अमरनाथ द्विवेदी अमर ने "मैं कोई कवि नहीं शब्दों का जादूगर हूँ।" तो शब्दार्थ के संयोजक किरन चौबे ने "आज वक्त तुम्हारा है कल किसी और का होगा।" बेहतरीन गीत प्रस्तुत किया। अरूण दुबे अविकल ने " तीन ताप हारी अम्बे मातु तिरसुलवाँ"। अजीत सिंह ने गीत "हमें क्या पता था यही जिंदगी है।" इस अवसर पर कहानीकार प्रभाकर मिश्र ने "कहां आ गए हम" कहानी का वाचन किया। मार्कंडेय त्रिपाठी ने सरस्वती वंदना करके विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव डा.उमेश चंद्र शुक्ला ने किया। अतिथियों के प्रति आभार वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र पांडे ने व्यक्त किया।




# प्रेमी के बाद प्रेमिका ने की आत्महत्या

- प्रेमिका ने प्रेमी के प्रस्ताव को ठुकराया
- लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का दिया था प्रस्ताव



**नालासोपारा।** नायगांव में प्रेमी के आत्महत्या करने के बाद प्रेमिका ने भी आत्महत्या कर ली। जितेंद्र अपनी 17 वर्षीय नाबालिग प्रेमिका को लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का प्रस्ताव दे रहा था। युवती के इंकार करने के बाद शनिवार को जितेंद्र ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार नायगांव पूर्व निवासी जितेन्द्र वर्मा (24) और 17 वर्षीय युवती के बीच प्रेम संबंध था। जितेंद्र एक निजी कंपनी में काम करता था। जबकि नाबालिग युवती पढ़ाई कर रही थी। जितेन्द्र उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहना चाहता था। लेकिन नाबालिग युवती साथ रहने के लिए राजी नहीं थी। शनिवार को युवती अपने प्रेमी जितेंद्र से मिलने उसके घर गई थी। उस समय जितेंद्र ने फिर युवती से 'लिव इन रिलेशनशिप' में रहने का आग्रह किया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जितेंद्र को डर था कि अगर उसकी प्रेमिका साथ नहीं रही, तो भविष्य में वह उसे छोड़कर चली जाएगी। उसने अपनी प्रेमिका से कहा कि अगर 'लिव इन रिलेशनशिप' में नहीं रही, तो आत्महत्या कर लूंगा। उसकी बातों को युवती ने गंभीरता से नहीं लिया, जितेंद्र ने रात को घर में लगे लोहे के एंगल से सफेद धागे की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस मामले में नायगांव पुलिस स्टेशन में अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। इस बारे में जैसे ही युवती को पता चला तो वह सदमे में आ गई। वह उदास हो गई। उसके परिवार ने उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन वह सदमे से उबर नहीं पाई। उसे लगा कि अगर उसने जितेंद्र की बात मान ली होती तो उसकी जान बच जाती।

# विरार में श्री विठ्ठल संस्थान की शोभा यात्रा

**नालासोपारा।** विरार पश्चिम के श्री विठ्ठल संस्थान विरार द्वारा गुढ़ी पड़वा के अवसर पर एक विशाल और भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर पारंपरिक वेशभूषा में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। लोगों ने हिंदू नववर्ष का स्वागत किया। इसमें शामिल झाकियां,बाइक और साइकिल विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं रही। खास बात यह रही कि महिलाएं रंग-बिरंगी साड़ियों में सजी थीं और बच्चे भी शोभा यात्रा में शामिल होकर अपनी सांस्कृतिक पहचान को बयां कर रहे थे। इस अवसर पर वसई विरार शहर महानगरपालिका के पूर्व प्रथम महापौर राजीव पाटील,बहुजन विकास पार्टी के संघटक सचिव अजीव पाटील, बविआ नेता पंकज ठाकुर और शिवसेना नेता सुदेश चौधरी आदि संस्थान के पदाधिकारी गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# अब कटरा से श्रीनगर मात्र तीन घंटे में

**जम्मू।** यूएसबीआरएल परियोजना के पश्चात अब कई सालों का इंतजार खत्म हो जाएगा। जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत चलने से कई घंटों की समय बचत होगी। कटरा से श्रीनगर कि यात्रा अब केवल तीन घंटे में होगी। अभी सड़क से यात्रा में छह से सात घंटे लगते है। फिलहाल वंदेभारत को कटरा से श्रीनगर के बीच चलाने की योजना बनाई गई है। अभी वैली में श्रीनगर से लेकर संगलदान तक ट्रेनों का आवागमन होता है। अब , संगलदान से कटरा तक रेललाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटरा तक चलाया जा सकता है।

- **यूएसबीआरएल परियोजना** : वर्ष 2009 में काजीगुंड-बारामूला सेक्शन शुरू हो गया था। वर्ष 2013 में 18 किलोमीटर बनिहाल-काजीगुंड सेक्शन, वर्ष 2014 में 25 किलोमीटर ऊधमपुर-कटरा, वर्ष 2023 में बनिहाल से संगलदान और अब संगलदान से कटरा के बीच शुरू होने वाली है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज- चिनाब ब्रिज इस परियोजना का हिस्सा है। टनल, पुल और वैली से अब रेल सफर और आनंदमय होगा।



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस संख्या:** Sr.DEE-G-R-OTP-24-25-25 दिनांक: 24.03.2025 **कार्य:** रायपुर मंडल पर हाई मास्ट का वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण ठेका दो वर्ष की अवधि के लिए। **निविदा मूल्य:** ₹ 46,68,941.40 || **बयाना राशि:** ₹ 93,400.00, **निविदा जमा:** दि. **25.04.2025** के **11:30** बजे तक। निविदा दस्तावेजों की अधिक जानकारी /खरीद, पात्रता मानदंड व उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनियर डीईई/जी/आर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों को देखें / डाउनलोड करें। इन निविदाओं के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**

PR/R/SR.DEE(RS&G)/MS/283

South East Central Railway @secrail

नवी मुंबई मनपा स्वास्थ्य विभाग

# नागरिक पीएमजेएवाई में पंजीकरण कराएं

**नवी मुंबई।** राज्य सरकार की महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना 2 जुलाई 2012 से राज्य में लागू की गई है, जबकि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, यह केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसे 23 सितंबर 2018 से राज्य में लागू किया गया है। 26 फरवरी 2019 के सरकारी निर्णयानुसार आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना से जोड़कर दोनों योजनाओं को राज्य में संयुक्त रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार संशोधित योजना को एक अप्रेल 2020 से राज्य में लागू किया गया है। वर्तमान में आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के अंतर्गत प्रति परिवार प्रति वर्ष रु.5 लाख तक का स्वास्थ्य संरक्षण उपलब्ध है, जबकि महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना (एमजेपीजेएवाई) के अंतर्गत प्रति परिवार प्रति वर्ष रु.1.5 लाख का स्वास्थ्य संरक्षण उपलब्ध है। अब महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के अंतर्गत भी प्रति परिवार प्रति वर्ष रु. 5 लाख का स्वास्थ्य संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना के लाभार्थी घटक-सामाजिक, आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना (एसईसीसी) में सूचीबद्ध परिवार, अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत आने वाले परिवार, तथा इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की अनुशंसा के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित परिवार हैं। परिवारों में प्राथमिकता राज्य सरकार के निर्देशानुसार पीले व केशरी राशन कार्डधारक लाभार्थियों को दी जा रही है।

**पुणे महानगरपालिका**

निविदा प्रकिया कक्ष पथ विभाग

निविदा जाहिरात–नविन कामे

जाहिरात क्र. 2/1715 दि. 28.03.2025

विक्री कालावधी दिनांक : 01-04-2025 09 :00 सकाळी ते 15-04-2025 02 :30 दुपारी पर्यंत

स्वीकृती दिनांक :- 01-04-2025 09 :00 सकाळी ते 15-04-2025 02 :30 दुपारी पर्यंत तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक : 16-04-2025 03 :00 दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किमंत रु. | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम रु | बयाणा रक्कम रु | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC / ROAD/2024/424 | पथ | वारजे येथील वारजे स्मशानभूमी ते डुक्करखिंड दरम्यान नॅशनल हायवेच्या अखत्यारीत असलेले वारजे चर्च ते कावेरी हॉटेल पर्यंत 200 मी.व सुवर्णा हॉटेल ते नवग्रह हनुमान मंदिर चौकापर्यंत 450 मी . लांबीची सुमारे 6 मी . सर्विस रस्ते पूर्ण मंदीने विकसित करणे . | रु 11979/- | रु 35151243/- | 175756/- | 12 | पियुष बोंडे 8380008572 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरून फक्त ऑनलाईन पद्धतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पधतीने मागविण्यात येत आहेत.
(ब) निविदा प्रक्रियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
क.) ऑनलाईन निविदा प्रकिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न.पा. येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) / 32 दिनाक 22/04/2016 नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./ आर.टी.जी.एस./एन. एफ. टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

सही/–
Hritik Ganpat Talape
टेंडर लिपिक
पथ
पुणे महानगरपालिका

सही/–
Lalit Madhukar Bendre
कार्यकारी अभियंता
पथ
पुणे महानगरपालिका

# मुंबई विवि में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**मुंबई।** हिंदी-विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय और केंद्रीय हिंदी निदेशालय के तत्वावधान में 27 से 29 मार्च के बीच तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कुलगुरु डॉ. रवीन्द्र कुलकर्णी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में कौशल विकास को रेखांकित किया। केंद्रीय हिंदी निदेशालय के निदेशक डॉ. सुनील कुलकर्णी ने श्रवण कौशल के महत्त्व पर प्रकाश डाला। हिंदी-विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कौशल विकास का स्वरूप स्पष्ट किया। बीज वक्तव्य देते हुए डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने पांच सौ प्रकार के कौशल विकास की चर्चा की। संगोष्ठी में 'भाषा और पुस्तिका' एवं 'महाभारत का मंतव्य' का लोकार्पण भी हुआ। अगले सत्र की अध्यक्षता पांडिचेरी विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सी. जयशंकर बाबू ने की। दूसरे दिन 'हिंदी कविता और कौशल विकास' विषयक सत्र की अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे ने की। अगला सत्र 'हिंदी कथासाहित्य और कौशल विकास' पर हुआ। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ निबंधकार डॉ. श्रीराम परिहार ने की। संगोष्ठी के तीसरे दिन 'हिंदी नाटक, सिनेमा, विविध कलाएं और कौशल विकास विषय पर डॉ. जवाहर कर्णावट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। तीसरे दिन भोजनोपरांत महाराष्ट्र के अपर पुलिस महानिदेशक और फोर्स वन के निदेशक कृष्ण प्रकाश की अध्यक्षता में समापन सत्र सम्पन्न हुआ। इस सत्र में डॉ. ओमप्रकाश पांडेय ने भाषा की उत्पत्ति का अत्यंत मौलिक एवं वैज्ञानिक सिद्धांत देते हुए वैदिक काल से अब तक के कौशल विकास को रेखांकित किया।



हिंदी विभाग, मुंबई विवि और केंद्रीय हिंदी निदेशालय हुए शामिल

**इन्होंने दिए वक्तव्य**

- संगोष्ठी में डॉ. नरेंद्र पाठक, श्रीमती मंजू लोढ़ा, वीरेन्द्र याज्ञि, मानविकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल सिंह, निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. दीपक पांडेय, डॉ. संतोष मोटवानी, जी बिज़नेस के कार्यकारी संपादक अमित कुमार दत्ता, डॉ. दयानंद तिवारी, विद्याधर जोग, डॉ. दिनेश पाठक, श्रीमती शाश्वत चटर्जी, सोनल सिंह, वैशाली पाचुंदे और डॉ. इंद्रकुमार विश्वकर्मा, डॉ. मिथिलेश शर्मा, डॉ. संजय सिहं, डॉ. मीरा सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. अजीत राय, डॉ. जनक नंदिनी त्रिपाठी, डॉ. कंचन यादव, राजेश दुबे, आनंद शर्मा, ऋचा गायकवाड़, डॉ. रीतामणि बैश्य, डॉ. सतीश पांडेय, डॉ. प्रेमलता, डॉ. श्यामसुंदर पांडेय, डॉ. सत्यवती चौबे, डॉ. वेदप्रकाश दुबे एवं डॉ. मेदिनी अंजनीकर, अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम शुक्ल, डॉ. पल्लवी प्रकाश, सुश्री संज्योति सानप, डॉ. भारती सानप, डॉ. मृगेन्द्र राय, डॉ. रामदास तोंडे, डॉ. संजय प्रभाकर, डॉ. मनोज कुमार दुबे, नीलम यादव और आशा शेनॉय वक्तव्य दिया।

**इन्होंने किया संचालन**

- इस तीन दिवसीय संगोष्ठी के विविध सत्रों का संचालन डॉ. सचिन गपाट, डॉ. प्रेमलता, डॉ. हनुमंत धायगुड़े, डॉ. जनक नंदिनी त्रिपाठी, मीनू मदान एवं डॉ. सुनील वल्वी ने किया।

# 64 लाख किसानों को बीमा मुआवजा : कोकाटे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के करीब 64 लाख किसानों को राहत देने वाला एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उनके बैंक खातों में सीधे 2,555 करोड़ का बीमा मुआवजा जमा किया जाएगा। सरकार ने बीमा कंपनियों को लंबित राज्य अनुदान हिस्से के रूप में 2,852 करोड़ वितरित करने की मंजूरी दी है। इस निर्णय के चलते, विभिन्न पिछली फसली ऋतुओं के लंबित बीमा मुआवजे की राशि सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में जमा की जाएगी। बीमा कंपनियों को यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसानों को उनका हक समय पर मिल सके, ऐसा कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा। खरीफ 2022 और रबी 2022-23: 2.87 करोड़, खरीफ 2023: 181 करोड़, रबी 2023-24: 63.14 करोड़, खरीफ 2024: 2,308 करोड़ कुल मिलाकर, राज्य के 64 लाख लाभार्थी किसानों को 2,555 करोड़ की राशि वितरित की।

चाकू की नोंक पर युवती से रेप का आरोप

# वसई में आरोपी गिरफ्तार

**वसई।** नालासोपारा में चाकू की नोंक पर नाबालिग लड़की से बलात्कार का मामला सामने आया है। बलात्कार के बाद लड़की के गर्भवती होने के बाद यह घटना सामने आई है। आरोपी चाकू की नोंक पर उसे सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। नालासोपारा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता की उम्र अभी 17 साल है और वह कॉलेज में पढ़ रही है। नालासोपारा पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार उसके साथ बलात्कार की पहली घटना पिछले साल हुई थी। आरोपी सुनील कुमार निर्मल (33) पिछले कुछ दिनों से उसे परेशान कर रहा था। वह उसे फोन करके रास्ते में रोककर शारीरिक सुख की मांग कर रहा था। अगस्त 2024 में जब वह कॉलेज से आ रही थी, तो आरोपी सुनील कुमार निर्मल ने उसका पीछा किया। कुछ दूर जाकर उसने उसे रोक लिया। उसने पीड़िता को चाकू दिखाकर धमकाया। उसने उसके मानसिक रूप से विक्षिप्त भाई को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने उसे जबरन रिक्शा में बिठाया और नालासोपारा पश्चिम के नीलेगांव में दरगाह के पास ले गया और वहां पेड़ों के पीछे एक आश्रय में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। फिर उसने अगस्त 2024 से फरवरी 2025 के बीच उसे डरा धमकाकर बार-बार बलात्कार किया था।

## शिर्डी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

**केंद्र ने दी गुढ़ी पाड़वा पर भक्तों को सौगात**

# रात्रिकालीन उड़ानों की सेवा शुरू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शिर्डी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गुढ़ी पाड़वा के शुभ अवसर पर आधिकारिक रूप से रात्रि उड़ानों की शुरुआत हो गई है। रनवे के डामरीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के कारण इस ऐतिहासिक सुविधा को शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी (एमएडीसी) और संबंधित नियामक संस्थाओं के प्रयासों से शिर्डी की हवाई सेवा नई ऊंचाइयों तक पहुंची है। इस नई सुविधा का लाभ यात्रियों और पर्यटकों को मिलेगा।




### प्रतिदिन 22 उड़ानों का संचालन

इस विस्तार के बाद, शिर्डी हवाई अड्डा प्रतिदिन कुल 11 विमानों (22 उड़ान संचालन) को संभालेगा, जिससे प्रतिदिन लगभग 2200 यात्रियों को सेवा प्रदान की जाएगी। यह बुनियादी ढांचे और हवाई परिवहन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। श्री साईंबाबा के दर्शन करने और सुबह 4 बजे होने वाली काकड़ आरती में शामिल होने के लिए आने वाले भक्तों के लिए यह सेवा बहुत उपयोगी साबित होगी। कई एयरलाइन कंपनियों ने भी शिर्डी के लिए अधिक उड़ानें शुरू करने की इच्छा व्यक्त की है।

### इंदौर से अमरावती पहुंचा विशेष परीक्षण विमान

एटीआर-72 परीक्षण विमान रविवार को पहली बार अमरावती हवाई अड्डे पर सफलतापूर्वक उतरा। यह विशेष परीक्षण विमान इंदौर से अमरावती पहुंचा, जिससे पता चलता है कि हवाई अड्डा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) - उड़ान के तहत वाणिज्यिक विमानन सेवाओं के लिए पूरी तरह से तैयार है। ठीक 15:56 बजे एटीआर-72 विमान की अमरावती हवाईअड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। यह परिष्कृत बुनियादी ढांचे, नेविगेशन सिस्टम और ग्राउंड हैंडलिंग क्षमताओं का पहला सफल परीक्षण जैसा क्षण था। इसके कुछ ही मिनट बाद 16 बजकर 17 मिनट पर विमान ने इस ऐतिहासिक पल को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए इंदौर के लिए दोबारा उड़ान भरी।

### क्षेत्रीय हवाई यात्रा का एक नया अध्याय शुरू

यह सफल परीक्षण उड़ान तो बस शुरुआत है। आगामी भव्य उद्घाटन समारोह के साथ, अमरावती भारत के हवाई नेटवर्क में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। यह टियर-2 और टियर-3 शहरों में विमानन सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हर गुजरते कदम के साथ, अमरावती हवाई अड्डा महाराष्ट्र में एक प्रमुख हवाई अड्डा केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है।

### इंडिगो एयरलाइंस ने जोड़े दो विमान

■ इंडिगो एयरलाइंस ने अपनी सेवाओं में दो नए विमानों को जोड़ा है। विशेष रूप से, हैदराबाद-शिर्डी-हैदराबाद मार्ग पर 78 यात्रियों की क्षमता वाली नियमित उड़ान शुरू की गई है। यह सेवा गुड़ी पड़वा और उगादी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए एक उपहार के रूप में शुरू की गई है।

### सीएम लगातार रहे प्रयासरत



■ शिर्डी हवाई अड्डे से रात्री उड़ानों की शुरुआत मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी के अध्यक्ष देवेंद्र फडणवीस की दूरदृष्टि के कारण संभव हुई है। इस ऐतिहासिक अवसर पर महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी की प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने कहा कि यह सुविधा न केवल हवाई परिवहन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी।

# 'महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार 2025' से भविका विनोद साल्वी सम्मानित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाली भविका विनोद साल्वी को रविवार को प्रतिष्ठित 'महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए अथक प्रयासों के लिए दिया गया। भविका साल्वी का समाजसेवा का यह सफर 2012 में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष का पद संभालने से शुरू हुआ था। इसके बाद वे 2022 में भाजपा मलबार हिल की उपाध्यक्ष बनी और तब से लेकर अब तक वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से उन्होंने 2022 में 'नारी तू नारायणी' समूह की स्थापना की। इस समूह के माध्यम से वे नवरात्रि उत्सव, कृष्ण जन्माष्टमी और बोट पार्टी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को एकजुट करने और महिलाओं को मंच देने का काम कर रही हैं। उनके प्रयासों को पहले भी कई बार सराहा गया है। भविका साल्वी को ग्लोबल नारी सम्मान अवार्ड 3.0 (7 मार्च 2024), 100 गौरव सम्मान अवार्ड (14 अगस्त 2024) और हस्ताक्षर स्वाभिमान अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जा चुका हैं। हाल ही में पुणे में आयोजित एक समारोह में सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने उन्हें सम्मानित किया था। इस नई उपलब्धि पर भविका साल्वी ने कहा कि 'यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं का हैं जो आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं। 'महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार 2025' मेरे लिए एक नई जिम्मेदारी लेकर आया हैं, जिससे मैं और अधिक ऊर्जा के साथ समाज के लिए काम कर सकूं।' उनका यह समर्पण और समाज के प्रति उनकी निष्ठा आने वाले वर्षों में भी प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

■ **2022 में की 'नारी तू नारायणी' समूह की स्थापना**

## कुणाल कामरा के घर पहुंची मुंबई पुलिस

**मुंबई।** तमिलनाडु में रह रहे कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अपने नए सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुंबई पुलिस पर तंज कसा है। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- 'आप एक ऐसे पते पर गए हैं जहां मैं बीते दस साल से नहीं रहा हूं। यह अपना वक्त और आम जनता के संसाधनों को बर्बाद करने जैसा है।' सोमवार को मुंबई पुलिस कुणाल के मुंबई स्थित घर पर पहुंची थी। पुलिस ने बीते दिनों कुणाल को पेश होने के लिए कई समन भेजे थे पर कुणाल अब तक पेश नहीं हुए। तमिलनाडु के रहने वाले कुणाल को मद्रास उच्च न्यायालय ने अंतरिम अग्रिम जमानत दी है। वहीं, एकनाथ शिंदे की पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें धमकी दी थी कि अगर वे कहीं भी सार्वजनिक स्थान पर दिखे तो उन पर हमला किया जाएगा। वहीं, कामरा ने अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है और उस स्थान पर तोड़फोड़ की आलोचना की है जहां उनका कॉमेडी शो रिकॉर्ड किया गया था।



■ कामरा का तंज-वक्त बर्बाद कर रहे हैं

## विधायक भातखलकर ने किया शौचालय का उद्घाटन



**मुंबई।** कांदिवली पूर्व पोइसर से ए. सिंह कॉलोनी में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण पूरा हो गया। सोमवार को कांदिवली पूर्व के स्थानीय विधायक अतुल भातखलकर ने इसका उद्घाटन किया। शौचालयों की कमी के कारण यहां के नागरिकों को अब तक काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, रविवार को यहां के निवासियों ने नागरिकों की एक बहुत गंभीर समस्या को हल करने के लिए विधायक अतुल भातखलकर के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत विधायक अतुल भातखलकर ने निवासियों की सुविधा के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शौचालयों का निर्माण किया है। मैं सदैव यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में किसी को भी असुविधा न हो और स्वच्छता बनी रहे। यह वक्तव्य विधायक भातखलकर ने रविवार को उद्घाटन के दौरान दिया।

# जीण भवानी के जयकारों से गुंजायमान दरबार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**मुंबई।** श्री जीणमाता प्रचार मंडल द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सोलहवां वार्षिक महोत्सव सरस्वती ग्राउंड, गोरेगांव पूर्व, मुंबई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। प्रवासी राजस्थानी समुदाय के जीण भक्तों ने जिसमें मुंबई उपनगर,मलाड, गोरगांव,मीरा रोड,भायंदर, थाने, भिवंडी, कल्याण, वसई,विरार आदि से श्रद्धालु महोत्सव में सम्मिलित हुए। अध्यक्ष व ट्रस्टी डा. नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सेवा कार्य के अंतर्गत दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री व सिलाई मशीनों का वितरण किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य यजमान ने विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ माता की ज्योत प्रज्वलित करके किया। मनमोहक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। दादी परिवार मंगला पुरोहित द्वारा नृत्य नाटिका के साथ जीण चरित मानस मंगल पाठ कि प्रस्तुति की गई। मंडल की महिलाओं द्वारा सजीव चित्रण पर भक्त अभिभूत हो गए। नव दुर्गा, जन्मोत्सव, मेहंदी उत्सव,राधा कृष्ण रास लीला सहित दिल्ली से आए हुए कलाकारों ने उड़ते हुए हनुमान की प्रस्तुति,शंकर पार्वती, श्रीकृष्ण सुदामा, शेर के साथ मां को बुलाने की प्रस्तुति पर भक्त गण भावुक हो गए। अनेक प्रस्तुतियों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय जीण भवानी के जयकारों से भक्तिमय माहौल कर दिया। प्रसिद्ध भजन गायक अरविंद सहल कोलकाता द्वारा भजनों की अमृत वर्षा में भक्तों ने डुबकी के साथ नाच कर भक्ति रस का आनंद लिया। इस अवसर जीण माता को छप्पन भोग अर्पित किया एवम श्रद्धालुओं को बधाई व प्रसाद का वितरण किया गया। मंडल के ट्रस्टी व अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ,ट्रस्टी व सचिव विजय डोकानियां, ट्रस्टी व कोषाध्यक्ष सांवल चंद अग्रवाल, ट्रस्टी व मुख्य संरक्षक नंदू अग्रवाल सहित सुरेश खंडेलिया, प्रमोद सांगानेरिया,शंकर मित्तल, रमेशचंद्र अग्रवाल, मुकेश डोकानियां, प्रवीण मुकीम, सीए विष्णु अग्रवाल,राज कुमार अग्रवाल सहित सभी मंडल के सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में लिए विशेष सहयोग रहा। महोत्सव में विधायक विद्या ठाकुर, राजस्थानी फिल्म अभिनेता सन्नी अग्रवाल,गणपत कोठारी,सुरेश भगेरिया,डॉ श्याम अग्रवाल,देवकीनंदन जिंदल, सहित समाज के उपस्थित गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी सराहना की। महाप्रसाद व आरती के साथ समापन हुआ।

**श्री जीणमाता प्रचार मंडल द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि**

## श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण हितैषिणी सभा, मुंबई

# भायंदर में महर्षि गौतम जयंती का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**मुंबई।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण हितैषिणी सभा मुंबई द्वारा महर्षि गौतम जयंती का आयोजन महेश्वरी भवन भायंदर में किया गया। संस्था अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि आज का दिन हमारे समाज के ऋषि गौतम का प्राक्ट्योत्सव का दिन है। साथ ही महाराष्ट्र का प्रमुख त्यौहार गुढ़ी पाड़वा हिंदू नववर्ष भी है। समारोह में महर्षि गौतम का पूजन तथा महिला समिति द्वारा गणगौर उत्सव मनाया गया जिसमें राजस्थानी गीत, नृत्य एवं बच्चों के कार्यक्रम हुए समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज के कार्यक्रम सौजन्यकर्ता सतीश उपाध्याय का सम्मान महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री श्री प्रताप सरनायक के द्वारा किया गया। प्रताप सरनायक एवं विधायक नरेंद्र मेहता, कॉरपोरेटर श्री सुरेश खंडेलवाल उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने समाज के कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि समाज का बड़ा महत्व है समाज ही अपनी संस्कृति एवं उत्सवों को बचाए रखता है और भावी पीढ़ी को प्रेरित करता है। संस्था की ओर से समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ता-उमेश जोशी, अजय दामोदर उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, राम अवतार उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, एस.पी.शर्मा, अरुण जोशी, रमेशशर्मा, संजय त्रिपाठी, रामानुज जोशी का सम्मान किया गया। महिला समिति द्वारा गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती विजया द्विवेदी, श्रीमती शशि त्रिपाठी, श्रीमती तारा शर्मा, श्रीमती राधा पंचारिया, श्रीमती शुभदा शर्मा, श्रीमती वंदना तिवारी, श्रीमती कविता शर्मा व अन्य महिला सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन विवेक तिवारी ने किया तथा महेश उपाध्याय ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी तथा महिला समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।




## रेप केस में डायरेक्टर सनोज गिरफ्तार

**दिल्ली हाई कोर्ट से जमानत खारिज**



**मुंबई।** महाकुंभ मेले में वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म का ऑफर देने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। रेप के मामले में गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली हाई कोर्ट से बेल खारिज होने के बाद दिल्ली के नबी करीम थाना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सनोज मिश्रा ने एक छोटे कस्बे से आने वाली, हीरोइन बनने की तमन्ना रखने वाली एक लड़की के साथ कई बार रेप किया। साल 2020 में टिकटॉक और इंस्टाग्राम के जरिए उसकी मुलाकात सनोज मिश्रा से हुई थी। उस समय वह झांसी में रहती थी। कुछ समय तक दोनों के बीच बातचीत होती रही और फिर डायरेक्टर ने 17 जून 2021 को उसे फोन कर बताया कि वो झांसी रेलवे स्टेशन पहुंच चुका है। जब पीड़िता ने सामाजिक दबाव का हवाला देते हुए मिलने से इनकार कर दिया, तो आरोपी सनोज मिश्रा ने आत्महत्या की धमकी दी थी।

## 'पगारिया जेबीएन महाकुंभ -2025' का अनावरण आज

**जीतो मुंबई जोन द्वारा किया जा रहा आयोजन**

**सुरेश भंसाली/ जागरूक टाइम्स**

मुंबई। जीतो मुंबई जोन द्वारा 'पगरिया जेबीएन महाकुम्भ-2025' का आयोजन किया जा रहा है, जिसका अनावरण एक अप्रेल, मंगलवार को किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, जीतो मुंबई जोन गोवालिया टैंक के सहयोग से "मुंबई पगारिया जेबीएन महाकुंभ" का आयोजन छह, सात एवं आठ जून को किया जाएगा जबकि इसका अनावरण एक अप्रेल को सुबह नौ से 11 बजे के बीच जेड बॉलरूम, वर्ली, मुंबई में किया जाएगा। जेबीएन संयोजक जीतो गोवालिया टैंक चैप्टर मुंबई के संयोजक हार्दिक शाह ने संपूर्ण जैन समाज को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम के दौरान लोगों से उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जीतो मुंबई जोन के चेयरमैन विनय जैन, वाइस चेयरमैन अशोक मेहता, चीफ सेक्रेटरी विजय जैन, जेबीएन कन्वीनर हार्दिक शाह के अलावा टीम पगारिया जेबीएन से प्रेसीडेंट, जीतो अपेक्स विजय भंडारी, चेयरमैन कैलाश गोलेच्छा, डायरेक्टर इंचार्ज महावीर लुणावत, चीफ सेक्रेटरी सीए अजय जैन सहित जीतो ग्वालिया टैंक चैप्टर से चेयरमैन जयेश भंसाली एवं चीफ सेक्रेटरी महेंद्र शाह पूरी मेहनत से जुटे हुए हैं।

JITO BUSINESS NETWORK Powered by PAGARIYA

## मनोर फ्लाईओवर से सर्विस रोड पर गिरा टैंकर

**नालासोपारा।** नालासोपारा में रविवार शाम पांच बजे बाई अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर मनोर मस्तान नाका फ्लाईओवर से केरोसिन से भरा एक टैंकर नीचे गिर गया। इस हादसे में टैंकर का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सौभाग्य से, बड़ा हादसा टल गया क्योंकि जब टैंकर फ्लाईओवर से सर्विस रोड पर गिरा, तब नीचे कोई वाहन या नागरिक मौजूद नहीं थे। मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर मस्तान नाका फ्लाईओवर से तेज गति से मुंबई से गुजरात की ओर जा रहा केरोसिन से भरा टैंकर फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर गिर गया। इससे बड़ी मात्रा में केरोसिन लीक हो गया और सड़क पर फैल गया। एहतियात के तौर पर पुलिस ने मस्तान नाका फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड को बंद कर दिया है । यातायात को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कर दिया है। दुर्घटनाग्रस्त टैंकर का चालक केबिन में फंस गया था। हालांकि, मौके पर तुरंत पहुंची पुलिस और स्थानीय नागरिकों ने गंभीर रूप से घायल चालक को दुर्घटनाग्रस्त टैंकर से बाहर निकालने का हर संभव प्रयास किया। उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# बोईसर में धूमधाम से मनाया राजस्थानी 'गणगौर बिंदोरो' पर्व



**अखिलेश आर. तिवारी/ जागरूक टाइम्स**

**नालासोपारा।** म्हारो राजस्थानी परंपरा की श्रद्धा व भक्ति भाव से परिपूर्ण महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाला राजस्थानी पर्व 'गणगौर बिंदोरो' का आयोजन ओस्तवाल उत्सव महिला मंडल की ओर से औद्योगिक शहर बोईसर स्थित ओस्तवाल एम्पायर के श्रीगणेश मंदिर प्रांगण में 21 मार्च से शुरू हुआ और 31 को संपन्न हुआ। नित्य शाम 4 से 6 बजे तक संजी सँवरीं महिलाओं द्वारा बड़े ही उमंग और आपसी तालमेल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम को ढोलक के थाप पर नृत्य गीतों के साथ मनाया गया। यह सांस्कृतिक 'गणगौर बिंदोरो' होली पर्व के बाद मनाया जाता है। आठ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में प्रतिदिन लगभग डेढ़ सौ महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर गणगौर बिंदोरो के मधुर संगीतमय गीतों के साथ गणगौर ईसर जी (शिव पार्वती)की अद्भुत अनूठी भक्ति से मंत्रमुग्ध कर देने वाली और राजस्थानी संस्कृति को जीवंत रखने वाली प्रस्तुतियां दी। राजस्थान की इस बेहद मनमोहक संस्कृति की प्रस्तुति को ओस्तवाल उत्सव महिला मंडल द्वारा 28 को शोभा यात्रा निकाली गई। आयोजकों की ओर से हर दिन पूजा में शामिल महिलाओं के लिए मिष्ठान व शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई थी। गणगौर विंदोरो पूजन का आयोजन ओस्तवाल उत्सव महिला मंडल संस्थापक संतोष टेलर,अध्यक्षा रेनू मोदी,उपाध्यक्ष संतोष राजपुरोहित,सचिव प्रिया चोटियां, कमलेश जांगिड़, सुमन वर्मा, साधना माली, कंचन परिहार ,ऊषा शर्मा, सुशीला परमानंद ,कृति गुलयान, मंजू सैनी आदि महिलाओं की मेहनत और जोश ने इस महिला मंडल को बोईसर में विशेष पहचान दिलाई है।

## कोलाबा में गणगौर पूजा का भव्य आयोजन

**मुंबई।** कफ परेड, कोलाबा में गणगौर पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और गणगौर माता की पूजा-अर्चना की।



गणगौर पूजा राजस्थान और गुजरात की एक प्रमुख पारंपरिक पूजा है, जो शिव और पार्वती की आराधना के लिए की जाती है। इस पूजा का मुख्य उद्देश्य विवाहित महिलाओं के सुखी वैवाहिक जीवन और उनके पतियों की लंबी आयु की कामना करना है। कफ परेड, कोलाबा में आयोजित गणगौर पूजा में महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा-अर्चना की और उनकी आराधना की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस पूजा के आयोजन में स्थानीय समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और गणगौर माता की पूजा-अर्चना में शामिल हुए। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि यह स्थानीय समुदाय के लोगों के बीच एकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का भी एक अवसर था। इस अवसर पर मारवाड़ी समुदाय से राखी गुप्ता, आशा अग्रवाल, राजी अग्रवाल, सुनीता जैन, साँची, श्रुति सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं ।

**मुंबई।** संत श्री राजाराम आश्रम शिकारपुरा के गादिपति महन्त श्री 108 श्री दयाराम महाराज के मुंबई आगमन पर दर्शन एवं वंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महंत दयाराम महाराज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते नरेन्द्र भंडारी अध्यक्ष राजस्थान सेल भारतीय जनता पार्टी मुंबई एवं किसान नेता नरेन्द्र चौधरी उपाध्यक्ष राजस्थान सेल भारतीय जनता पार्टी मुंबई।



■ फोटो : सुरेश भंसाली

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# जोधपुर के एमडीएम हॉस्पिटल में लगी आग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल के जनाना विंग आईसीयू में सोमवार की सुबह अचानक से आग लग गई। घटना के समय अस्पताल में बेड पर मरीज भी सो रहा था हालांकि, कुछ मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। इसके चलते बड़ा हादसा टल गया।



### ऑक्सीजन पाइप में लगी आग

मथुरादास माथुर हॉस्पीटल की अधीक्षक डा. विकास राजपुरोहित ने बताया कि सोमवार की सुबह जनाना विंग के आईसीयू में ऑक्सीजन सप्लाई करने वाले पाइप में अचानक से आग लग गई थी तुरंत फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई, टीम के पहुंचने से पहले ही कुछ ही मिनट में आग पर काबू पा लिया गया।
आग सुबह आठ बजकर 15 मिनट पर लगी। हॉस्पीटल से फायर सेफ्टी के सिलेंडर लेकर होमगार्ड के जवानों ने आग पर काबू पाया।

### मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

इधर आग लगने की सूचना पर बासनी फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। बासनी फायर ऑफिसर प्रशांत सिंह चौहान ने बताया कि जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पीटल में आज सुबह आठ बजे के करीब अचानक से आग लग गई थी, जिस जगह आग लगी वहां पर ऑक्सीजन सप्लाई के पाइप बिछाए गए हैं। इस दौरान चीफ फायर ऑफिसर जलज घसीया, सहायक अग्निशमन अधिकारी हेमराज शर्मा, बासनी अधिकारी प्रशांत सिंह चौहान, फायर मैन रक्षित, रमेश, राहुल और लोकेश सैनी मौजूद रहे।

## जोधपुर : ऑयल शॉप में लगी आग

### घबराकर बाहर आए दुकानदार

**जोधपुर।** जोधपुर के पांचवी रोड चौराहा न्यू कोहिनूर के पास एक ऑयल शॉप में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



### दुकान में रखा था ऑयल

■ निगम दक्षिण के सीएफओ जलज घसिया ने बताया सोमवार की दोपहर न्यू कोहिनूर के पास चारू इंटरप्राइजेज नाम की शॉप में आग लग गई। दुकान में ऑयल कंपनियों के अलग-अलग ब्रांड का सामान भी रखा हुआ था। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। जिस दुकान में आग लगी उसके पीछे ही गोदाम भी बना रखा था। ऑयल होने की वजह से आग विकराल होने लगी।

## दुकान के सामने युवक से मारपीट

**बालोतरा।** बालोतरा में नाकोड़ा रोड पर स्थित जनरल स्टोर की दुकान पर बैठे युवक पर दो बाइकों पर आए पांच बदमाशों ने हमला कर दिया। सिर में चोट लगने के कारण युवक को अस्पताल ले जाया गया। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। बालोतरा थाने के एएसआई बाबूलाल ने बताया कि बालोतरा निवासी भावेश कुमार (23) पुत्र अशोक माली एसबीआई बैंक के सामने जनरल स्टोर की दुकान पर बैठा था। इस दौरान दो बाइकों पर आए करीब पांच युवकों ने उस पर हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बालोतरा पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस अब इन्हीं फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।

# नवसंवत्सर पर उम्मेद अस्पताल में जन्मे शिशुओं को मिले उपहार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** भारतीय हिंदू नववर्ष पर उम्मेद अस्पताल में जन्मे शिशुओं के लिए उपहार सोमवार को उनकी माताओं को प्रदान किए गए। उड़ान फाउंडेशन के अध्यक्ष वरुण धनाड़िया ने बताया कि नववर्ष विक्रम संवत 2082 के दिन उम्मेद अस्पताल में जन्मे शिशुओं को उपहार देने की घोषणा उड़ान फाउंडेशन ने की। आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति सचिव महेंद्र दवे ने कहा की नववर्ष हर किसी के जीवन में नए आशा और समृद्धि की शुरुआत होती है।
उम्मेद अस्पताल अधीक्षक डा. मोहन मखवाना ने कहा की इस दिन नवजात शिशुओं को विशेष रूप से आशीर्वाद देना एक प्रेरणादायक पहल है, जो समाज में खुशहाली और सकारात्मकता का संदेश फैलाती है। इस अवसर पर आचार्य एवं विभागाध्यक्ष (स्त्री एवं प्रसूति रोग) डा. कल्पना मेहता, आचार्य (माइक्रोबाइलोजी) डा. राजेंद्र परिहार, आचार्य (शिशु रोग) डा. हरीश मौर्य, सह आचार्य (स्त्री एवं प्रसूति रोग) डा. सरोज मौर्य, उप अधीक्षक डा. भारती टाक, नववर्ष महोत्सव समिति अध्यक्ष अशोक चौहान, अशोक गहलोत, नीलेश सोनी, श्रीकांत पारीक, डा. शैली बलारा, डा. ललित जैलिया, सिस्टर ऐलियमा एवं सिस्टर नैना सहित कई अन्य प्रबुद्धजन भी उपस्थित थे।

## तिलवाड़ा में नि :शुल्क भोजनशाला का समापन



**बालोतरा।** श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल द्वारा मल्लीनाथ पशु मेले में चलाई गई निःशुल्क भोजनशाला का समापन समारोह संपन्न हो गया। समारोह की अध्यक्षता पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायणगिरी महाराज ने की। समापन समारोह में कन्या पूजन का विशेष आयोजन किया गया। कन्याओं को फल-और अन्न-प्रसाद वितरित किया गया। श्री रावल मल्लीनाथ मंदिर तिलवाड़ा, श्री राणी रूपादे मंदिर और श्री रावल मल्लीनाथ मंदिर मालाजाल में भोग प्रसाद अर्पित किया गया। महंत नारायणगिरी महाराज और संस्थान अध्यक्ष रावल ने प्रसाद वितरण के लिए वाहनों को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रसाद तिलवाड़ा, थान मल्लीनाथ और बोरावास के हर घर में पहुंचाया गया। संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह ने बताया कि भोजनशाला में छत्तीशी कौम के सभी मेलार्थियों को बिना भेदभाव के भोजन कराया गया। महंत नारायणगिरी महाराज ने संस्थान और स्वयंसेवकों की सेवा भावना की सराहना की। कार्यक्रम में श्री रावल मल्लीनाथ, श्री राणी रूपादे संस्थान के सचिव सुमेरसिंह, श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान के सचिव गजेंद्रसिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जेल पहुंचे 150 अधिकारी और जवान, किया निरीक्षण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** सीएम और डिप्टी सीएम को जेल से जान से मारने की धमकी मिलने के बाद प्रदेश में पुलिस व प्रशासन एक्टिव हो गया है। सोमवार को बाड़मेर पुलिस के 150 अधिकारी और जवानों के साथ प्रशासन ने बाड़मेर कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। हालांकि पुलिस का कहना है कि हर माह में दो बार चैकिंग की जाती है। एएसपी जसाराम बोस का कहना है कि निरीक्षण के दौरान किसी कैदी के पास से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। दरअसल, बीते दिनों राजस्थान सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकियां मिली थी। इसमें सीएम को बीकानेर के सेंट्रल जेल से धमकी दी गई थी। इसके बाद प्रदेशभर में पुलिस व जिला प्रशासन एक्टिव हो गया। सोमवार को बाड़मेर पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी जिला कारागृह का निरीक्षण करने पहुंचे। अचानक 150 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के साथ चैकिंग करने पहुंचे। इस दौरान एडीएम राजेंद्र चांदावत, एएसपी जसाराम बोस, एसडीएम वीरमाराम, ट्रैफिक डीएसपी, कोतवाली, सदर, ग्रामीण सहित अलग-अलग थानों के थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ता पहुंचा। एएसपी जसाराम बोस ने कहा- बाड़मेर में हर माह में दो माह में जिला कारागृह का निरीक्षण किया जाता है। ईद के दिन जाब्ता वहां पर तैनात था। एसपी नरेंद्र कुमार मीना के निर्देश पर कारागृह का निरीक्षण किया गया। हालांकि जेल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। यह निरीक्षण समय-समय पर आगे भी किया जाएगा।



तलाशी के दौरान नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

## चार तस्कर गिरफ्तार 6.35 ग्राम स्मैक बरामद

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने मादक पदार्थ की खरीद- फरोख्त करते चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 6.35 ग्राम स्मैक बरामद की है। वहीं इनके पास से एक स्विफ्ट कार, बाइक को जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार सिणधरी थानाधिकारी मय पुलिस टीम की ओर से रात में गश्त, निगरानी और वाहन की चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान सिणधरी-बाड़मेर स्टेट हाइवे के पास सूनी जगह पर एक स्विफ्ट कार व एक बाइक खड़ी पाई गई। संदिग्ध प्रतीत होने पर पूछताछ की गई। स्विफ्ट कार में चार युवक संदिग्ध वस्तु खरीद- फरोख्त करते पाए गए। इस पर कार और युवकों की तलाशी ली गई। चारों के पास में कुल 6.35 ग्राम स्मैक मिली। वहीं इलेक्ट्रिक कांटा, लाइटर, माचिस सहित अन्य सामान भी जब्त किया। पुलिस टीम ने स्विफ्ट कार और एक बाइक को बरामद किया। सिणधरी पुलिस ने बाबूलाल पुत्र मुकनाराम निवासी रामदेवरा, सिणधरी, सांवलाराम पुत्र वहेनाराम निवासी राणेरी, टाकुबेरी, बुधाराम पुत्र बींजाराम निवासी महादेव नगर, अरणियाली महेचान सिणधरी, भंवराराम पुत्र बींजाराम निवासी राणेरी टाकूबेरी को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। फिलहाल चारों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है।



## धूमधाम से निकलेगी गंवर माता की शोभायात्रा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में चैत्र नवरात्र की तीज के मौके पर सोमवार को गंवर माता की शोभायात्रा धूमधाम से निकली। इसको लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया। जोधपुर में माता का दो किलो से अधिक सोने के गहनों से श्रृंगार किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम को लेकर पुलिस भी अलर्ट रही। गंवर माता की सवारी शाम छह बजे पेला मूंदड़ों की गली, राखी हाउस से प्रांरभ हुई। संयोजक अशोक भैया ने बताया कि इस बार गंवर माता की शोभायात्रा में अनोखी क्राउन वाली सुसज्जित बग्गी में हुई जिसे अलग से तैयार करवाया गया है। यह बग्गी करीब एक माह में तैयार की गई है। इसके अलावा तीस झांकियां, चार बैंड सहित स्पेशल भगवान शिव की झांकी भी सजाई गई।
शोभायात्रा पुंगलपाड़ा, हट्टड़ियों का चौक, कबूतरों का चौक, जालोरी गेट के अंदर, बालवाड़ी स्कूल, खाण्डा फलसा, आडा बाजार, सर्राफा बजार, कपड़ा बजार, सिटी पुलिस, त्रिपोलिया बाजार होते हुए घंटाघर में विश्राम कर वापिस माणक चौक, लखारा बाजार होते हुए रात दो बजे तक राखी हाउस पहुंची।



## अवैध बजरी पर कार्रवाई

### डंपर और दो ट्रैक्टर जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा जिले में पुलिस ने अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की है। ऑपरेशन अखरोट के तहत डीएसटी पुलिस, बालोतरा, बायतु और पचपदरा पुलिस ने मिलकर अभियान चलाया। पचपदरा में डीएसटी प्रभारी इमरान खान को सरहद मूंगड़ा रोड पर अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिली। उप निरीक्षक सुराराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध बजरी से भरा डंपर पकड़ा। डंपर चालक मेघाराम को गिरफ्तार कर लिया गया। बायतु थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक दुर्गाराम की टीम ने बिना नंबर का महिंद्रा ट्रैक्टर-टोली जब्त किया। इस वाहन से अवैध बजरी की ढुलाई हो रही थी। पुलिस ने चालक दिनेश को गिरफ्तार किया। बालोतरा थाने के उप निरीक्षक बाबूलाल ने एक और ट्रैक्टर-टोली को पकड़ा। वाहन में बिना वैध परमिट और बिल्टी के बजरी का परिवहन हो रहा था। चालक भीमाराम को हिरासत में लिया गया। तीनों मामलों में खनिज विभाग को सूचित कर दिया गया है। विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापार जगत

# बिड़ला की धूम-अडानी, अंबानी और टाटा की बढ़ती मुश्किलें

### केवल बिड़ला ग्रुप की उछली मार्केट वैल्यू

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2024-25 में बिड़ला ग्रुप ने बाजार में धूम मचाई, जबकि अडानी, अंबानी और टाटा को मुश्किल साल रहा। अब निवेशकों की नजर अप्रेल-जून तिमाही के रिजल्ट्स पर है। दरअसल भारतीय शेयर बाजार के साथ-साथ देश के बड़े कारोबारी समूहों के लिए भी मुश्किल भरा रहा। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, ट्रेड वॉर की आशंकाओं और वैल्यूएशन चिंताओं के बीच मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, कुमार मंगलम बिड़ला और टाटा ग्रुप की कंपनियों को भी झटका लगा। रिपोर्ट के विश्लेषण के मुताबिक, इन चार बड़े समूहों में से सिर्फ आदित्य बिड़ला ग्रुप ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी कुल मार्केट कैप बढ़ाई।

आदित्य बिड़ला ग्रुप की 40 में से 26 कंपनियों के शेयर वित्त वर्ष 2024-25 में ऊपर रहे, जबकि 14 में गिरावट दर्ज की गई। इस साल ग्रुप की कुल मार्केट वैल्यू 1.45 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 8.5 लाख करोड़ रुपए हो गई। इसमें सबसे बड़ा योगदान अल्ट्राटेक सीमेंट (+57,680 करोड़, शेयर 18% चढ़ा) का रहा। अन्य कंपनियों चंबल फर्टिलाइजर्स, अदित्य बिड़ला फैशन, हिंडाल्को, ग्रासिम भी फायदे में रहे। UBS ने अल्ट्राटेक सीमेंट को 'बाय' रेटिंग दी है और टारगेट प्राइस 13,000 रुपए (पहले 9,000 रुपए) रखा है, क्योंकि सेक्टर में कॉस्ट सेविंग, प्राइस स्थिरता और अंबुजा सीमेंट के साथ कंसॉलिडेशन से मजबूती की उम्मीद है। अडानी, अंबानी और टाटा को झटका-वित्त वर्ष 2024-25 में अडानी ग्रुप की किसी भी कंपनी के शेयर नहीं बढ़े। अडानी ग्रीन (-48%, मार्केट कैप में 1.40 लाख करोड़ का नुकसान), अडानी एंटरप्राइजेज (-96,093 करोड़) में रही। क्योंकि, भ्रष्टाचार और फ्रॉड के आरोपों से विदेशी और घरेलू निवेशकों में भरोसा कम हुआ। मुकेश अंबानी की रिलायंस ग्रुप की मार्केट वैल्यू 3.78 लाख करोड़ रुपए घटी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 14% गिरे, जिससे 2.88 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल बिजनेस में कमजोरी, रिटेल ग्रोथ धीमी होने की वजह से नुकसान हुआ। जियो फाइनेंशियल 35.73% गिरकर 80,306 करोड़ रुपए की मार्केट कैप खोई। जबकि, TV18 ब्रॉडकास्ट और जस्ट डायल में सबसे ज्यादा तेजी रही। टाटा ग्रुप की 25 में से 16 कंपनियों के शेयर नीचे रहे, जिससे कुल मार्केट कैप 2.58 लाख करोड़ रुपए घटी। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑटो इम्पोर्ट पर 25% टैरिफ की आशंका से सबसे बड़ा नुकसान टाटा मोटर्स (-32%, 1.15 लाख करोड़ का नुकसान) का हुआ।



# 600 तक जा सकते राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयर

**नई दिल्ली।** राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयर इन दिनों कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 184 रुपए पर पहुंचकर बंद हुए थे। इसमें गिरावट देखी गई थी। हालांकि, मार्केट एनालिस्ट के मुताबिक, राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों में तेजी की संभावना है और आने वाले समय में यह शेयर ट्रिपल मुनाफा करा सकता है। इसका मार्केट कैप 5,484.45 करोड़ रुपए है। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 333 रुपए और 52 वीक का लो प्राइस 151 रुपए है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजेश एक्सपोर्ट्स का औसत टारगेट प्राइस 600 रुपए है। यह वर्तमान प्राइस से 226% तक चढ़ सकता है। स्टॉक को कवर करने वाले एक विश्लेषक ने इसे 'मजबूत खरीद' रेटिंग दी है। बता दें कि इस साल अब तक कंपनी के शेयर में 20% और सालभर में 36% तक की गिरावट दर्ज की गई है। पांच साल में इसमें 70% तक की गिरावट देखी गई है। हालांकि, पिछले एक महीने में कंपनी के शेयर में 20% तक की तेजी देखी गई है। साल 2001 से अब तक इसका मैक्सिमम रिटर्न करीबन 9000% का है। छह जुलाई 2001 को इस शेयर की कीमत दो रुपए थी।



### कंपनी का कारोबार

कंपनी सोने और ज्वेलरी का रिफाइंड, डिजाइन और बिक्री करती है। राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड की स्थापना 1989 में हुई थी। यह कंपनी सोने के कारोबार में ग्लोबल प्रमुख है। कंपनी का मुख्यालय बैंगलोर, कर्नाटक में है। कंपनी लगभग कर्ज फ्री है। राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में प्रति वर्ष 400 टन सोने के उत्पादों के निर्माण करने की क्षमता है। इसमें बेहतरीन सादे और जड़े हुए आभूषण, पदक और सिक्के शामिल हैं।

## आप का राशिफल 1 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक 2 4 6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यर्थ चिंता से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक 3 6 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-3-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक 4 7 8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पावेंगे। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक 1 4 7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक 3 5 6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यवसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा हो जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

# चीन ने पंक्चर कर दी एलन मस्क की टेस्ला

### लोगों के गुस्से ने पूरी कर दी रही-सही कसर

**मुंबई।** टेस्ला कंपनी के बुरे दिन चल रहे हैं। निवेशकों को एलन मस्क के राजनीतिक विचारों से परेशानी हो रही है। एलन मस्क ने संकेत दिया है कि वह ट्रंप प्रशासन के डिपार्टमेंट ऑफ़ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे सकते हैं। शायद यह कदम टेस्ला को बचाने के लिए बहुत देर से उठाया जा रहा है। टेस्ला कुछ समय पहले तक अमेरिकी ऑटोमोबाइल का चमकता सितारा थी। जब 2008 में पहली टेस्ला आई, तो शाइनी रोडस्टर 3.9 सेकंड में 0 से 60mph की गति पकड़ सकती थी। इसकी टॉप स्पीड 125 मील प्रति घंटा थी। यह एक बार चार्ज करने पर 244 मील चल सकती थी। यह एनर्जी बचाने में माहिर थी। इसका कार्बन फुटप्रिंट भी कम था। लगभग $100,000 की कीमत पर यह बहुत खास थी। यह स्टाइल, अंतरात्मा और उद्देश्य का प्रतीक थी। टेस्ला ने आगे चलकर छह और मॉडल बनाए। बाजार में टेस्ला की वैल्यू आधा दर्जन पारंपरिक कार कंपनियों के संयुक्त मूल्य से भी अधिक थी। एलन मस्क कंपनी की स्थापना के एक साल बाद 2004 में कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारक के रूप में शामिल हुए थे। आज वह दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। टेस्ला ने तकनीक के वादे के चमकदार प्रतीक के रूप में लोगों के दिलों पर राज किया। फिर, ट्रंप का दौर आया। एलन मस्क ट्रंप के समर्थक और फाइनेंसर बन गए। उन्हें डिपार्टमेंट ऑफ़ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का प्रमुख बना दिया गया। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की छंटनी करनी शुरू कर दी। लोगों की नजरों में वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के करीबी विश्वासपात्र बन गए।

# ट्रंप का टैरिफ खोलेगा ऑटो पार्ट्स बनाने वाली भारतीय कंपनियों की राह



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने विदेशों में बनी गाड़ियों और ऑटो पार्ट्स पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। मोटर इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ यूएसए के अनुसार, ऑटोमोबाइल पर टैरिफ तीन अप्रेल से लागू होंगे जबकि ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ तीन मई से पहले लागू होंगे। जानकारों का कहना है कि भारत पर शायद ही इसका कोई बुरा असर होगा। ऑटो इंडस्ट्री में 20 साल का अनुभव रखने वाले सुंदरम श्रीनिवासन का कहना है कि ट्रंप का टैरिफ भारतीय ऑटो पार्ट्स कंपनियों के लिए वरदान साबित हो सकती है। एक लेख में उन्होंने कहा कि ट्रंप के टैरिफ का भारत पर ज्यादा असर होने की आशंका नहीं है। लेकिन यह अमेरिका को पार्ट्स के बड़े निर्यातकों कनाडा, मैक्सिको, चीन और अन्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। भारत का अमेरिका को ऑटो एक्सपोर्ट लगभग 10 मिलियन डॉलर है। यह जापान के अमेरिका को होने वाले ऑटोमोबाइल निर्यात के मुकाबले बहुत कम है। ऑटोमोबाइल पार्ट्स के मामले में भारत एक मजबूत दावेदार है। भारत अमेरिका को 2.2 अरब डॉलर का निर्यात करता है। यह भारत के कुल ऑटोमोबाइल कंपोनेंट निर्यात का लगभग 30% है। लेकिन अगर इसे सही संदर्भ में देखें, तो यह अमेरिका के कुल ऑटोमोबाइल पार्ट्स आयात का 3% से भी कम है। डोनाल्ड ट्रंप का निशाना यह नहीं है। लेकिन यह अमेरिका को पार्ट्स के बड़े निर्यातकों कनाडा, मैक्सिको और चीन जैसे देशों के लिए एक साइड इफेक्ट हो सकता है। भारत में ऑटो पार्ट्स कंपनियों को इस बात का डर नहीं है कि वे ट्रंप टैरिफ के कारण उनके उत्पाद प्रतिस्पर्धियों से महंगे हो जाएंगे। उन्हें इस बात का डर है कि आयातक लागत का कम से कम कुछ हिस्सा खुद वहन करने का दबाव डालेंगे। इससे उनका मुनाफा काफी कम हो जाएगा। कुछ कंपनियों ने इस संभावना को देखते हुए पहले से ही लागत कम करने का अभियान शुरू कर दिया है।

# सब स्टेशन से सुधरेगी बिजली की समस्या: गर्ग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जोधपुर डिस्कॉम के जालोर वृत्त के अधीन स्वीकृत 33/11 केवी सब स्टेशन मोहनजी की प्याऊ का शिलान्यास कार्यक्रम राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को विधिवत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि 33/11 केवी सब स्टेशन के निर्माण से रणछोड़ नगर, मोहनजी की प्याऊ, औद्योगिक क्षेत्र सहित विभिन्न श्रेणियों के विद्युत उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा साथ ही ग्रेनाइट उद्यमियों की वोल्टेज की समस्या का निस्तारण संभव होगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने स्थानीय निवासियों से चर्चा करते हुए बिजली आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लिया तथा विभागीय अधिकारियों को एफआरटी टीम की मदद से समयबद्ध तरीके से फॉल्ट का निस्तारण करवाने, ट्रांसफॉर्मर की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही किसानों के ट्रांसफॉर्मर जलने पर उन्हें जल्द से जल्द बदलने की बात कही। उन्होंने प्रत्येक जीएसएस पर नॉर्म्स के अनुसार संबंधित फर्मों को पाबंद करते हुए तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। केन्द्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत अनुमानित लागत 350 लाख की राशि से 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण किया जायेगा जिसमें 15 एमवीए का पॉवर ट्रांसफॉर्मर, 3.5 किलोमीटर 33 केवी लाईन, 6.2 किलोमीटर 11 केवी लाईन का निर्माण कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर रवि सोलंकी, दिनेश गोयल, प्रकाश परमार, प्रहलादसिंह निठारवाल, दिलीप शर्मा, महेन्द्र सिंह, प्रेमाराम देवासी, ओबाराम देवासी, पुखराज चैधरी, लक्ष्मण सुन्देशा, विद्युत विभाग के एसई धर्मेन्द्र प्रजापति, अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार सहित डिस्कॉमकर्मी उपस्थित रहे।



⏩ 33/11 केवी सब स्टेशन मोहनजी की प्याऊ का शिलान्यास



# हिंदू समाज अपनी जड़ों की तरफ लौटे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



⏩ भारतीय नववर्ष व आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पर 31 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन

**भीनमाल।** भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा स्थानीय जीवनदास महाराज की बगेची में 31 कुंडिय महायज्ञ, दीपमाला व रंगोली का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य राजू सिंह माली ने बताया कि भारतीय नववर्ष पर आयोजित महायज्ञ में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया एवं जातिगत भेद तथा व्यसन को अपने जीवन से समाप्त कर कोई भी एक अच्छी बात को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। राजू सिंह माली ने बताया कि सनातन संस्कृति संघ द्वारा भारतीय नववर्ष पर हमेशा महायज्ञ का आयोजन किया जाता है एवं हिंदू समाज में इस दिन के महत्व को लेकर प्रचार प्रसार किया जाता है, ताकि हिंदू समाज अपनी जड़ों की तरफ लौटे। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि डॉ श्रवण कुमार मोदी, जयरूपाराम माली, प्रेमाराम बंजारा, गुमानमल जैन, गुमान सिंह राव, केराराम चौधरी, शंकरलाल सोलंकी, नारिंगराम पटेल, ओटाराम मेघवाल, वचन सिंह राव व किशोर सांखला मौजूद थे। इस दौरान नारिंगराम पटेल ने कहा कि हमारे नववर्ष के महत्व को समझकर उसे ज्यादा महत्व देना होगा, हमें हमारी संस्कृति की तरफ लौटना होगा। गुमान सिंह राव ने वेदों व सनातन धर्म की तरफ लौटने की अपील। किशोर सांखला ने सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा हिंदू समाज में अलख को लेकर प्रशंसा की। वचन सिंह राव ने जातिभेद को मिटाकर हिंदू समाज की एकता की बात कही।

सनातन संस्कृति जागरण संघ के लिए यह कार्यक्रम इसलिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि संगठन के आदर्श महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज को आज 150 वर्ष पूर्ण हो रहे थे। इस अवसर पर संगठन द्वारा सैकड़ों दीपक जलाकर मनमोहक दीपमाला बनाई गई एवं आकर्षक रंगोली से कार्यक्रम स्थल की सजावट भी की गई थी। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर ओमप्रकाश माहेश्वरी, प्रभू राम जीनगर, दिलीप सोनी, हीरालाल सोनी,वालाराम मौर्य,नरपत सिंह आर्य,राजमल माली,नटवरलाल जीनगर, सुखराज माली, शंकरलाल फुलवरिया,तारचंद फुलवरिया, शंकरलाल गर्ग, मुकेश सोलंकी, शंकरलाल गहलोत,अर्जुन बंजारा,भरत सिंह राव, कुलदीप सिंह राव, आर्य राहुल बंजारा, अक्षय बंजारा व आर्य रोहित मेघवाल आदि उपस्थित रहे। यज्ञ का संपादन राव विक्रम सिंह आर्य द्वारा वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न करवाया गया।

# हिंदू नववर्ष पर घर-घर जाकर लगाया तिलक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** नगर में आदर्श विद्या मंदिर परिवार द्वारा भारतीय हिंदू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। नववर्ष की प्रातः कालीन वेला पर विद्या मंदिर भीनमाल की सभी 6 इकाइयों के भैया,बहनों, आचार्य, दीदी द्वारा अलग अलग टोली बनाकर पूरे नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों तथा घर-घर जाकर तिलक, मोली व मिठाई खिलाकर भारतीय नव वर्ष 2082 की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित व्यास द्वारा भारतीय नव वर्ष की विज्ञान व प्रकृति के साथ जुड़ाव तथा इसके महत्व से अवगत करवाया गया। अतिथियों तथा नगर वासियों द्वारा 2082 दीप प्रज्वलन किए गए। कार्यक्रम के अंत में भारत माता पूजन किया गया।



## इनकी रही उपस्थिति

■ इस अवसर पर डॉ. श्रवण मोदी, एडवोकेट बालू राम चौधरी, प्रताप पुरोहित,हरीश सुथार, रतन अग्रवाल, नरेंद्र आचार्य,नारायण जांगिड़, सुरेश पारीक,नरेंद्र सिंह गोयल, पूर्णा सोनी, राव सावल सिंह लोल, जेठाराम गौड़, राजेश सेन, अशोक सोनी, अमित व्यास, उर्मिला खंडेलवाल, प्रमोद दवे, नीमा आचार्य, रंजन पटेल, आचार्य दीदी, अभिभावक व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## दीप माला और रंगोली का आयोजन

■ विद्या मंदिर परिवार द्वारा शाम को स्थानीय माघ चौक पर 2082 दीपकों की दीपमाला तथा रंगोली द्वारा भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रान्त कार्यवाह खीमाराम सुथार द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद भैया बहनों द्वारा भिन्न भिन्न धूनों पर घोष वादन किया गया।

## नववर्ष पर 51 फीट का भगवा ध्वज लहराया

**मांडोली।** निकटवर्ती रायपुरिया में विश्व हिन्दू परिषद बागरा प्रखंड के रायपुरीया खण्ड के रायपुरीया गांव में रामोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत 51 फिट का भव्य भगवा ध्वज लगाया गया। महात्माओं के बौद्धिक के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें श्री श्री 1008ब्रह्मा नंदजी महाराज रायपुरीया मठ, विश्व हिन्दू परिषद केंद्रीय मार्गदर्शन मंडल के टोलीसदस्य श्री श्री 1008 तीर्थ गिरीजी महाराज मडवारिया मठ, सिरोही से प्रांत सह धर्माचार्य प्रमुख शिवलाल सुथार, जिला जालोर सह मंत्री रतन सिह नून रायपुरिया ठा.शा. भवानी सिंहजी, यशवंत सिंह , लक्ष्मण सिंह , दिलीप माली, परबत सिंह, तुलसी भाई माली, तुलसी भाई पुरोहित, समरता मेघवाल कुपा मेघवाल, सवाजी सेन, भरत सिंह , भंवर विश्नोई, जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश रावल कानदर बागरा प्रखंड संयोजक रणजीत सिंह सियाणा और रायपुरीया खण्ड के अध्यक्ष सूरज सिंह उपाध्यक्ष छत्तरसिंह व लक्ष्मण भाई पुरोहित मंत्री निर्मल संयोजक दिलीप भारती गौ रक्षा प्रमुख प्रकाश रावल आदि मौजूद रहे।



## भव्य शोभायात्रा व धर्मसभा 6 को

**भीनमाल।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल भीनमाल द्वारा श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 6 अप्रेल को भव्य शोभायात्रा व धर्मसभा का आयोजन स्थानीय माघ चौक पर होगा। स्थानीय फाफरिया हनुमान जी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी,जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर माघ चौक पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित होगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद जोधपुर प्रांत के सह कोषाध्यक्ष वचन सिंह राव ने दी।

# भीनमाल में गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** माहेश्वरी समाज द्वारा सोमवार को गणगौर का त्यौहार शहर में गणगौर की सवारी निकाल कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व होली के दूसरे दिन से प्रारंभ हुआ जो तीज के दिन ग्वर माता व ईसर जी के विवाह के साथ सम्पन्न होता है। गणगौर की सवारी सोमवार सुबह माता की सवारी माहेश्वरी समाज भवन से प्रारंभ हुई, करड़ा चार रास्ता, गायत्री मंदिर रोड, वराहश्याम मंदिर व चंडीनाथ महादेव मंदिर से होते हुए पुनः समाज भवन में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में माहेश्वरी की महिलाएं नवीन परिधान में सजधज कर शामिल हुई।



इस दौरान मंगल गीत के साथ नृत्य का आनंद भी उठाया। दीपिका राठी ने बताया कि माता गणगौर की पूजा चैत्र कृष्ण एकम यानी धुलंडी से शुरू होकर चैत्र शुक्ल तृतीया यानी तीसरे नवरात्र को पूरी होती है। 18 दिन तक चलने वाली गणगौर पूजा यूं तो राजस्थान का मुख्य पर्व है,इसके अलावा यह त्योहार उत्तरप्रदेश,मध्य प्रदेश,हरियाणा और गुजरात के कुछ इलाकों में भी मनाया जाता है। पार्वती देवी माहेश्वरी ने बताया की गणगौर को गौरी तृतीया भी कहते हैं। अखंड सौभाग्य के लिए मनाया जाने वाला गणगौर पर्व मनाने के लिए कुंवारी लड़कियां और सुहागिन महिलाएं घर-घर में गणगौर यानी शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। इसमें ईसर और गौर यानी शिव-पार्वती की मिट्टी की मूर्ति बनाकर सोलह श्रृंगार कर सजाया जाता है। यह पूजा 18 दिन तक लगातार चलती है। 16 वे दिन ईसर-ग्वर (शिव-पार्वती) का विवाह धूमधाम से सम्पन्न होता है। ईसर भगवान की बारात रमेश राठी के घर से रवाना होकर पीताम्बर दास के घर आई। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## विवेकानंद चौराहा को 151 दीपों से सजाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विवेकानंद चौराहा पर आदर्श विद्या मंदिर परिवार द्वारा हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर 151 दीपों का प्रज्वलन किया गया। समिति अध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी ने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार हमारा नववर्ष चैत्र माह से आरंभ होता है। भारत विकास परिषद अध्यक्ष परसराम कंसारा ने कहा कि जिस तरह हम अंग्रेजी कैलेंडर को मानते हैं उसी तरह उत्साह से हिंदू नववर्ष मनाना चाहिए। विवेकानंद चौराहा को 151 दीपों से सजाया गया। इस दौरान डॉ.श्रवण कुमार मोदी, जिला सदस्य प्रताप पुरोहित, समिति के अध्यक्ष शंकरलाल,उपाध्यक्ष ललित राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटी, शैक्षिक प्रमुख प्रवेश जैन, संपर्क प्रमुख प्रवीण बोहरा, प्रचार प्रमुख जोधाराम देवासी, समिति सदस्य कैलाश सिंह, अंतिका, मीनाक्षी,जिला निरीक्षक नरेंद्र,अमित व्यास, हनुमान प्रसाद दवे व प्रधानाचार्या रंजन पटेल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।



## भील समाज ब्लॉक सायला की बैठक आयोजित



**सायला।** शहर के भीलवाड़ी स्थित महादेव मंदिर में भील समाज ब्लॉक सायला की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण ब्लॉक सायला की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मास्टर भोलाराम राणा खरल को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जबकि हरसन ओटवाला को उपाध्यक्ष, सोमाराम आलवाडा को सचिव, सुश्री जोशना तडवा को महिला मंत्री, विजय राणा को मीडिया प्रभारी, रतन रेवतड़ा व मादाराम को सलाहकार मंत्री, जोगाराम ओटवाला को सामाजिक मंत्री, जोईताराम बोरवाडा को खेल मंत्री नियुक्त किया गया। इस दौरान पारसाराम, वगताराम, कैलाश, राणाराम, चोपाराम सायला, नरपत चौराऊ, नवाराम जालमपुरा, जोराराम मोकणी, मानाराम आलवाडा, बाबुराम उन्नडी, कृष्ण कुमार, झालाराम पोषाणा, वेलाराम कुआबेर, जबराराम तडवा, वचनाराम बोरवाडा, जबराराम खरल मौजूद रहे।

# वर्तमान हालात किसानों के लिए खतरे की घंटी: बिश्नोई

**साचौर।** राजस्थान किसान सभा का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन 29 व 30 मार्च को भीलवाड़ा के गंगापुर में आयोजित हुआ। किसान सभा जालौर के जिला अध्यक्ष विरद सिंह चौहान ने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर और राष्ट्रीय महासचिव के पी सिंह रहे। राजस्थान किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष तारा सिंह सिद्धू और राज्य महा सचिव कैलाश गहलोत ने ध्वजारोहण किया। द्वितीय सत्र की शुरुआत स्टेट सेकेट्री कैलाश गहलोत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर की। सदन ने सर्वसम्मति से प्रतिवेदन को पारित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर ने कहा कि आज देश के वर्तमान हालात किसानों के लिए खतरे की घंटी है। बाजार की वस्तुओं के भाव आसमान छू रहे हैं। जबकि किसानों की उपज को भाव नहीं मिल रहे हैं। सरकार देश के सरकारी उपक्रमों को कोड़ियों के भाव निजी कंपनियों को बेच रही है। किसान वर्ग खेती किसानी को छोड़कर पलायन कर रहा है। किसानों की आत्महत्याओं का आंकड़ा बढ़ रहा है। किसान अपनी उपज का भाव मांग रहा है और उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर खरीद की गारंटी की मांग पूरे देश में उठ रही है। देश के किसान स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने की मांग को लेकर आंदोलित है। राष्ट्रीय महासचिव केडी सिंह ने बताया कि पूरे देश के किसानों को अपने हक़ और अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष तारा सिंह सिद्धू ने आव्हान किया कि किसानों की एकता के लिए ग्राम इकाईयां गठित कर अपनी न्यायोचित मांगों के बारे में शिक्षित करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भौगोलिक स्थितियां अलग-अलग होने के कारण किसानों की कई समस्याएं भी अलग-अलग हैं। आदिवासी जिलों में जल जमीन और जंगल से संबंधित समस्याएं हैं। तो नहरी क्षेत्रों में बिजली पानी की समस्याएं हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजस्थान किसान सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई ने जालौर जिले की ज्वलंत समस्याओं की विस्तृत जानकारी देते हुए रिलायंस कंपनी की मनमानी और रबी 2023 का हजारों किसानों के बकाया फसल बीमा क्लेम का भुगतान और वर्ष 2022 से जिले के अरबों रुपए आदान अनुदान जो लंबे समय से बकाया है उनके भुगतान की मांग को लेकर कृषि मंत्रालय और संबंधित उच्चाधिकारियों से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। आगामी 15,16 और 17 अप्रेल को तमिलनाडु के नागपट्टनम में अखिल भारतीय किसान सभा का राष्ट्रीय सम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें राजस्थान से 15 डेलिगेट भाग लेंगे। दूसरे दिन राजस्थान किसान सभा की स्टेट कार्यकारिणी चुनी गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष तारा सिंह सिद्धू ,कार्यकारी अध्यक्ष एड सूरजभान सिंह, स्टेट सेकेट्री कैलाश गहलोत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईशराराम विश्नोई, उपाध्यक्ष नरेंद्र आचार्य, कमलेश सैनी, घनश्याम तावड़ सहित 51 साथियों की राज्य कौंसिल का गठन किया गया। जिसमें जालौर जिले से ईशराराम विश्नोई, विरद सिंह चौहान, मकाराम चौधरी, जोराराम बड़गांव चुने गए। राज्य सम्मेलन भीलवाड़ा में भाग लेने जालौर जिले से डैलिगेट के रूप में ईशराराम विश्नोई, विरद सिंह चौहान,मकाराम चौधरी, आदि उपिस्थत थे।



## शहर समेत क्षेत्र में धूमधाम से मनाई ईद

### हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को खिलाई मिठाई

**सांचौर।** शहर सहित पूरे क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली, जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस खास मौके पर हिंदू समाज के लोगों ने अपने मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी और उन्हें मिठाइयाँ खिलाकर इस पर्व की खुशियों में भागीदारी निभाई। हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की यह मिसाल क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और एकता का प्रतीक बनी। ईद के अवसर पर बाजारों में भी खासा उत्साह देखा गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर ईद की बधाइयां दीं।



### ईद-उल-अजहा पर अदा की नमाज

**सायला।** उपखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में सोमवार को मुस्लिम समुदाय की ओर से ईद-उल-अजहा का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सायला में शीतला माता चौक स्थित दरगाह में सुबह मोमिनो के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद मौलाना अहमद हुसैन ने मोमिनों को ईद की नमाज अदा करवाई। नमाज में दुआ मांगकर खुशहाली की कामना की। साथ ही सभी को नेकी की राह पर चलते हुए खुदा की इबादत करने को कहा। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी लगातार शांति व्यवस्था में मुस्तेद नजर आएं। इसी प्रकार क्षेत्र के सांगाना, तेजा की बेरी, जीवाणा, सिराणा में भी ईद का पर्व मनाया गया।



# श्रवण ढाका अध्यक्ष एवं अशोक पुरोहित मंत्री निर्वाचित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उप शाखा भीनमाल महासमिति का अधिवेशन व ब्लाक कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय में मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई की अध्यक्षता, चुनाव अधिकारी प्राचार्य निबाराम चौधरी व जिला सभा अध्यक्ष कलाराम पहाड़िया के पर्यवेक्षण में आयोजित हुए। संगठन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयकरण खिलेरी ने बताया कि महासमिति अधिवेशन में निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष लाडूराम माजू द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं आगंतुक शिक्षकों व अतिथियों और सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों का बहूमान किया गया।

तत्पश्चात ब्लॉक मंत्री विरमाराम चौधरी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित शिक्षकों द्वारा पारित किया गया।अधिवेशन को संबोधित करते हुए संगठन के मुख्य महामंत्री पूनमचंद बिश्नोई ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग की एवं प्रदेश स्तरीय गतिविधि में कर्मचारियों द्वारा आने वाले दिनों में किए जाने वाले आंदोलन व संघर्षों के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अधिवेशन में सीबीईओ भगवान राम बिश्नोई,प्राचार्य रघुनाथराम खिलेरी,भागीरथराम विश्नोई, ओमप्रकाश पूनिया,कूम्भाराम जाट,भूराराम चौधरी, जगदीश खिचड व गोपीचंद खिलेरी द्वारा उद्बोधन दिया गया।

संगठन प्रदेश पदाधिकारी खियाराम पूनिया, जालाराम विश्नोई,जयकरण खिलेरी, बाबूलाल सियाग, सांचौर जिलामंत्री कैलाश कड़वासरा,रमेश कुमार राणा,रतन माजू व महबूब खान ने भी संबोधित किया। महासमिति अधिवेशन के पश्चात चुनाव अधिकारी एवं पर्यवेक्षक द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई।चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार ढाका, मंत्री अशोक कुमार पुरोहित, सभा अध्यक्ष मानाराम चौधरी, उपसभा अध्यक्ष जगदीश बिश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल,उपाध्यक्ष रामकिशन व खेताराम मेघवाल, महिला मंत्री दमला विश्नोई ,कोषाध्यक्ष भैराराम,तृतीय श्रेणी शिक्षक प्रतिनिधि रामकिशन, वरिष्ठ अध्यापक शिक्षक प्रतिनिधि जबराराम, शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि बाबूलाल व माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि अंकुश मीणा निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित ब्लॉक पदाधिकारी को जिला पर्यवेक्षक कलाराम पहाड़िया द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## सुविचार

विफलता का सामना करना है तो आपको आत्मविश्वास से भरपूर बनना पड़ेगा।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## संविधान संशोधन पर संग्राम

भारत में फिर एक बड़े आंदोलन की तैयारी चल रही है और इस आंदोलन को हवा देने के लिए सभी विपक्षी दल लगे हुए हैं। हरेक विपक्षी दल यह साबित करने में लगा हुआ है कि इस आंदोलन की आग को भड़काने में हमारी फूंक सबसे ज्यादा लगी है। यह सब कुछ वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ माहौल बनाने के लिए किया जा रहा है। मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल के को संविधान पर सीधा हमला बताया जा रहा है। देशभर में ईद-उल-फितर के मौके पर इस बिल के विरोध में नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा की। इस बीच कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने वक्फ संशोधन विधेयक पर बयान देते हुए इसको लेकर जेडीयू और टीडीपी का रुख साफ करने की मांग की है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहना है कि वक्फ संशोधन विधेयक संविधान पर सीधा हमला है और इसकी बुनियाद के खिलाफ है।। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ है। सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, बल्कि टीएमसी, सपा, आप समेत सभी पार्टियां इस विधेयक का विरोध करती हैं। जेडीयू-टीडीपी जो अपने आपको सेक्युलर पार्टी कहती है, जो कहती है कि संविधान का सम्मान करते हैं, वो क्या करेगी। जब जेपीसी में बिल जाता तो हर एक संशोधन पर चर्चा होती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि वे भी कई जेपीसी के अध्यक्ष रह चुके हैं, लेकिन वे हर एक संशोधन पर चर्चा करते थे और आम सहमति के बाद ही बिल को आगे भेजा जाता था। इस बार सांसदों को कहा गया कि 2 दिन में 450 पन्नों की रिपोर्ट पढ़ो। 44 संशोधनों पर भी चर्चा नहीं हुई। यह सदन के खिलाफ है। कांग्रेस नेता जनता के समक्ष संविधान पर हमले की बात को इस तरह इंगित कर रहे हैं जैसे मोदी सरकार ऐसी पहली सरकार है जिसने संविधान में संशोधन किया है। जबकि वक्फ बोर्ड का गठन भी अपने आप में संविधान में संशोधन ही है क्योंकि केंद्रीय वक्फ परिषद अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन, एक सांविधिक निकाय है, जिसकी 1964 में वक्फ अधिनियम 1954 में दिए गए प्रावधान के अनुसार, वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली और ऑक्फ प्रशासन से संबंधित मामलों में केन्द्र सरकार के सलाहकार निकाय के रूप में स्थापित किया गया था। यानि वक्फ बोर्ड का गठन देश में डा. बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान लागू होने के बाद किया गया। लेकिन अगर बात करें कांग्रेस की तो संविधान को सबसे अधिक कांग्रेस के शासनकाल में ही बदला गया। ये बदलाव आज भी हमारे संविधान का हिस्सा हैं इन कभी भी आपातकाल और उसकी आड़ में हुए संविधान संशोधनों की क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती थी। कांग्रेस शासनकाल में लगभग 80 दफा संविधान में संशोधन किया।

### ये रक्षा सौदे बनाएंगे

# भारतीय सेना को अधिक सशक्त



संजय श्रीवास्तव

रक्षा सौदे जब सुर्खियों में आते हैं तो शानदार लगते हैं। लेकिन इन सौदे के आपूर्ति अंजाम तक पहुंचने में इतना समय लग जाता है कि हथियारों की तकनीक पुरानी पड़ जाती है और सौदे ज्यादा महंगे हो जाते हैं। सरकार ने इसका बढ़िया काट निकाला है, उसने सौदों को स्वदेशी रखा है और प्रक्रिया की देरी को दूर करने के लिए कठोर उपाय किए हैं ताकि वर्तमान रक्षा सौदे महज सुर्खी बनकर न रह जाएं। रक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए गए हालिया कदम बेहद महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले हैं, जो देश की सेना को न सिर्फ और बलशाली बनाने वाले हैं बल्कि निकट भविष्य में उसकी तस्वीर बदल देंगे। अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 156 प्रचंड हेलीकाप्टरों की खरीद हो अथवा अत्याधुनिक एटीएजीएस यानी एडवांस्ड टोव्ड ऑर्टलरी गन सिस्टम वाली तोपों एवं तोपगाड़ियों की खरीद के लिए 6,900 करोड़ का करार हो।

इमेज

माउंटेड गन सिस्टम की तलाश के लिए टेंडर जारी होना हो अथवा रक्षा मंत्रालय द्वारा तकरीबन तीन लाख करोड़ रुपए के अनुबंधों पर हस्ताक्षर करना या फिर वित्तीय वर्ष 2024-25 में डेढ लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत रक्षा खरीद के सौदे कर गुजरना। इस तरह के कई बड़े और ठोस कदम सेना की मजबूती के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का दर्शाते हैं। सेना के सौदों, उनकी मंजूरी तथा आपूर्ति में बरसों बरस की देरी जो सामान्य बात थी, उसको दूर करने के लिए सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, इससे न सिर्फ प्रक्रिया की जटिलता कम होगी बल्कि सौदों, अनुबंधों को खरीद तक पहुंचाने में लगने वाला समय बहुत कम हो जाएगा। अगर ये नए कायदे कानून लागू हो गए तो लड़ाकू विमानों, हथियारों तथा दूसरे सैन्य साधनों-संसाधनों की आपूर्ति में देरी संबंधी सेना की तमाम शिकायतें एक झटके में दूर हो जायेंगी। सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि वह जल्द ही 114 लड़ाकू विमान खरीदने की प्रक्रिया आरंभ करने जा रही है और उसी के साथ यह खुशखबरी भी मिली कि तेजस के लिए अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने पहला इंजिन भेज दिया है। सरकार ने देखा कि रूस यूक्रेन युद्ध के चलते गोला बारूद की आपूर्ति में दिक्कतें आयी अब भविष्य में ऐसी सांसत न आए इसके लिए उसके द्वारा आपूर्तिकर्ताओं में विविधता बढ़ाने का फैसला लेना, प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर की कंपनियों के एम्युनिशन का ट्रायल, नबलेस और सेंसर फ्यूज्ड एम्युनिशन को देश में विकसित करवाने का काम भी एक बेहतर पहल है। तब जब यह कहा जा रहा हो कि सेना लगातार सिकुड़ रही है, उसके साजो सामान पुराने होते जा रहे हैं, लड़ाकू विमानों की बेतरह कमी है, विमान वाहक समुद्री बेड़ा उन्नत तकनीक वाला नहीं रह गया है और रक्षा सौदों की शर्तों के अनुरूप आपूर्ति में देरी के चलते सैन्य शक्ति संतुलन बिगड़ रहा है, जबकि इसके बरअक्स पड़ोसी लगातार ताकतवर होते जा रहे हैं, ऐसे परिदृश्य में रक्षा क्षेत्र से आते सकारात्मक समाचार वाकई उत्साह बढ़ाने वाले हैं। प्रचंड हेलीकॉप्टर और हाई टेक



तोपें खरीदने के सरकारी फैसले में जो सर्वाधिक महत्व की बात है वह यह कि दोनों ही स्वदेशी हैं, देश में निर्मित होने हैं। प्रचंड हेलीकॉप्टर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल बनायेगा जबकि हाईटेक तोपें फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड। इन दोनों से सेना की मारक क्षमता में वृद्धि के साथ साथ ही 'मेक इन इंडिया' को भी बढ़ावा मिलेगा। जब अपने सबसे बड़े आर्डर के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड बंग्लुरू और तुमकुर में ये हेलीकॉप्टर बनाना शुरू करेगा तो बेशक रोजगार में किंचित बढ़ोतरी होगी। स्वदेशी होने के नाते यह अपनी सेना की जरूरतों के अनुसार बनेगा तथा समय से आपूर्ति की उम्मीद बढ़ेगी। विभिन्न हथियार प्रणालियों से लैस एलसीएच 'प्रचंड' रात में भी हमले की क्षमता रखता है, जहां यह जमीन और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को दागने में भी सक्षम है, वहीं यह दुश्मन के हवाई हमले को विफल करने के भी काबिल होगा। दुनिया के सबसे ऊंचे और दुर्गम युद्धक्षेत्र सियाचिन में भी कार्यक्षम यह हेलीकॉप्टर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात दुश्मन के टैंक, बंकर, ड्रोन को नष्ट करने का काम बखूबी करने वाला बताया जाता है। माउंटेड गन सिस्टम की तलाश के लिए टेंडर जारी करने के साथ सेना ने अपने तोपखानों की ताकत बढ़ाने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है। सेना देश में ही डिजाइन और डेवलप की गई स्वदेश निर्मित हवित्ज़र तोपें खरीद रहा है साथ ही टाटा और भारत फोर्ज की नई आर्टिलरी गन और हाई मोबिलिटी व्हीकल का टेडर भी पास हो चुका है। ये दोनों अत्यंत उपयोगी होने वाली हैं। सेना का निजी क्षेत्र से इतनी बड़ी संख्या में तोपें खरीदने का पहला अनुभव होगा। खरीदी जा रही इन नई तोपों की मारक क्षमता पुरानी तोपों से बहुत बेहतर है और सटीकता में ये उनसे बहुत आगे हैं। इन हल्की तोपों को किसी भी प्रकार के भू-क्षेत्रों, इलाकों में आसानी से तैनात किया जा सकता है। सेना का तोपखाना अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा तो सेना को ऑपरेशनल स्तर पर बड़ी बढ़त मिलेगी, तय है। इन कदमों से जहां हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे वहीं रक्षा उत्पाद में लगी भारतीय कंपनियां वैश्विक रक्षा बाजार में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल होंगी। पूर्व एयर वायस मार्शल संजय भटनागर ने कुछ दिन पहले कहा था कि देश की रक्षा के लिए वायुसेना के पास हर हाल में 42 स्क्वाड्रन जरूरी है लेकिन हैं सिर्फ 32। सौदों और आपूर्ति की सुस्त रफ्तारी ऐसे ही बनी रही तो साल 2035 तक भारत के पास सिर्फ 25-27 स्क्वाड्रन होंगे और हम इस मामले में पाकिस्तान की ताकत के बराबर पहुंच जाएंगे। सच तो यह है कि रक्षा सौदे महज सुर्खियों में सेना को सुख देते हैं। सौदे की खबरों के बाद सैन्य सामग्री हथियारों की आपूर्ति बरसों बरस अटकी रहती है। विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के साथ कीमत और शर्तों को लेकर वार्ताओं का दौर लंबा खिंचता है। फिर हथियारों का विभिन्न स्थितियों, परिस्थितियों में परीक्षण समय लेता है। लेकिन एक बड़ी वजह लाल फीताशाही भी है। रक्षा मंत्रालय की खरीद प्रणाली की जटिल प्रक्रिया 657 पन्नों के रक्षा अधिग्रहण प्रॉसेस मैनुअल से संचालित होती है। मैनुअल 2020 के बाद आजतक अपरिवर्तित है। जहां तक ध्रुवीय प्रदेशों और रेगिस्तान वगैरह में परीक्षण की बात है तो उन्हें अत्याधुनिक तकनीकि युक्त सिमुलेशन से किया जा सकता है। सौदों के आपूर्ति तक की प्रक्रिया में देरी के कारण देश की रक्षा क्षमताओं की वृद्धि के प्रयासों पर बुरा असर पड़ता है। हर दिन परिवर्तित होती रक्षा तकनीक के दौर में टैंक तो कुछ इंतज़ार कर सकते हैं पर आधुनिक संचार प्रणाली या फिर लड़ाकू विमान नहीं। कई बार तो सौदे के अमल में आते आते तकनीक पुरानी और सौदा महंगा हो जाता है। रक्षा खरीद प्रक्रिया को पूरा होने का निर्धारित समय 96 से घटाकर 24 हफ्ते का कर दिया जाए।

## तारीख विशेष

### जादूगर ओ. पी. शर्मा

ओम प्रकाश शर्मा भारत के प्रसिद्ध जादूगर थे। उन्होंने अपनी जिंदगी में 34 हजार से ज्यादा जादू के शो किए। ओ. पी. शर्मा का रूमाल से कबूतर उड़ाना और बक्से से आदमी को गायब करने का जादू काफी चर्चित था। उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर गोविंद नगर, कानपुर से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। जादूगर ओ. पी. शर्मा ने अंतिम बार सितंबर 2019 में आगरा में शो किए थे। प्रसिद्ध जादूगर ओ. पी. शर्मा का जन्म 1 अप्रेल 1952 में मूलगांव, बलिया, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वर्ष 1971 में स्माल आर्मस फैक्ट्री (एसएएफ) में डिजाइनर के पद पर नौकरी लगी तो वह शहर आए थे। यहां आकर पहले शास्त्री नगर स्थित कालोनी में रहे। वहां से कई साल पहले बर्रा-दो में घर बनवाया, जो भूत बंगले के नाम से जाना जाता है। ओ. पी. शर्मा ने देश विदेश में 34 हजार से अधिक शो किए। उन्होंने पहला व्यवसायिक शो मुंबई में किया था। उनके परिश्रम, प्रतिभा को देखते हुए इंडियन मैजिक मीडिया सर्कल ने उन्हें 'नेशनल मैजिक अवार्ड, 2001' व 'शहंशाह ए जादू' की महान उपाधि दी थी। उनके शो का सबसे चर्चित रगबिरंगा इंद्रजाल होता था। वर्ष 2018 के बाद से उन्होंने शो नहीं किए। उसके बाद उनके मंझले बेटे सत्यप्रकाश जूनियर ओ.पी. शर्मा के रूप में शो कर रहे हैं। ओ. पी. शर्मा के परिवार में पत्नी मीनाक्षी, दिल्ली दूरदर्शन में कार्यरत बड़े बेटे प्रेम प्रकाश शर्मा, मंझले बेटे सत्य प्रकाश शर्मा (ओपी शर्मा जूनियर) और प्रिंटिंग का काम करने वाले तीसरे बेटे पंकज प्रकाश शर्मा और संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रही सबसे छोटी बेटी रेनू शर्मा हैं। जादूगर ओ. पी. शर्मा का जादू के प्रति बचपन से ही लगाव था। तब वह कक्षा द्वितीय में पढ़ते थे। जादू के शुरुआती करतब उन्होंने अपने बड़े भाई स्व. देवतानंद शर्मा से सीखे थे। जैसे-जैसे बड़े हुए उनकी प्रतिभा में निखार आता गया और उन्होंने मायानगरी में अपना नाम स्थापित किया। फिल्मी दुनिया से मंच, साज-सज्जा, मेकअप, लाइटिंग, साउंड, का बारीकी से अध्ययन करने के बाद जादू शो में समावेश कर जादू की कला को सुसज्जित किया। समाजवादी पार्टी के टिकट पर साल 2002 में गोविंद नगर सीट से चुनाव लड़ने वाले ओ. पी. शर्मा ने वर्ष 2019 में भाजपा का दामन थाम लिया था।

# प्रकृति और जीवन के कवि 'विनोद कुमार शुक्ल' (भाग-1)

प्रो. (डॉ.) शीतला प्रसाद दुबे
कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी

वरिष्ठ रचनाकार विनोद कुमार शुक्ल को इस वर्ष का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया है। विनोद कुमार शुक्ल गद्य और पद्य दोनों को समान रूप से रचते हुए साहित्य कला को सहजता से जोड़ने का उपक्रम रचते हैं। उनके यहां सामान्य विषयों को रचनात्मक कौशल से जोड़कर समाज की तमाम दुरवस्थाओं को बड़ी सहजता के साथ प्रस्तुत किया गया है। वे व्यवस्था के अंतर्भूत तत्वों को खोलते हुए उसे इस तरह प्रस्तुत करते हैं जैसे विरोध नहीं बल्कि उसका समाधान दे रहे हों। जीवन से जुड़े उन तमाम मूल्यों को वे अपनी कविता में उतार लाते हैं, जिन मूल्यों से एक मनुष्य बेहतर मनुष्य बनता है। कविता को बेहतर कविता बनाने के लिए वे बड़े ही सहज तरीके से कहते हैं कि भले ही हमारे चारों ओर तमाम वस्तुएं हैं लेकिन उनमें से कुछ भी ऐसा नहीं है जो अतिरिक्त हो। अर्थात् पृथ्वी पर ऐसा कुछ भी नहीं है जो आवश्यक नहीं है। वे अपनी एक कविता में लिखते हैं -

'कितना बहुत है परंतु, अतिरिक्त एक भी नहीं।
एक पेड़ में कितनी सारी पत्तियां
अतिरिक्त एक भी नहीं,
एक कोंपल नहीं अतिरिक्त। एक नक्षत्र भी ऐसा
नहीं, जो अतिरिक्त हो।'

कवि कितनी सहजता से यह बताना चाहता है कि भले ही हमें कुछ वस्तुएं बहुत अधिक मात्रा में दिखाई देती हैं लेकिन वह सभी जीवन के लिए, प्रकृति के लिए अनिवार्य तत्व के रूप में कार्य करती हैं। जैसे पेड़ पर लगी हुई पत्तियां। पत्तियां ही किसी पेड़ को हरा-भरा बनाती हैं, उसको छायादार बनाती हैं, वे ही किसी वृक्ष का अस्तित्व निर्धारित करती हैं। इसीलिए वे उसके लिए अनिवार्य तत्व के रूप में कार्य करती हैं।

कवि बताना चाहते हैं कि हम अपनी आवश्यकता के अनुसार भले ही प्रकृति को देखते हैं लेकिन प्रकृति में बहुत कुछ होते हुए भी, कुछ भी ऐसा नहीं है जो अनावश्यक हो। इस अर्थ में विनोद कुमार शुक्ल प्रकृति की समृद्धि के कवि हैं। वे किसी भी व्यक्ति की पहचान, उसकी मूल्यवत्ता और मनुष्यता के साथ करते हैं। उनका मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपनी हताशा से इतना निराश हो जाता है, इतना टूट जाता है कि वह व्यक्ति नहीं रह पाता है, इसलिए जरूरी है कि हम साथ रहने को रेखांकित करें। एक तरह से वे 'संगच्छध्वं संबद्ध्वं' की संस्कृति को जीवन में उतारने के हिमायती हैं। व्यक्ति का एकाकीपन ,उसकी मनुष्यता का निषेध करता है।उसकी प्रकृति सहजीवन की है। वह प्राणियों के साथ ही नदी- नाले, पहाड़ -झरने, सबके साथ अपने अस्तित्व की कथा लिखता है। कवि के अनुसार वहीं मनुष्य है, जो स्थावर, जंगम सभी तत्वों से स्वयं को जोड़कर देखता है। वे मानव जीवन के व्यवहार को कविता का विषय बनाते हैं। ऐसे विषय जो जीवन और कविता दोनों को सहजता से जोड़कर प्रस्तुत करने के हिमायती हैं। वे केवल अपनी खुशी के लिए या स्वांतःसुखाय कुछ नहीं करते, बल्कि वे जहां कहीं भी जाते हैं, वहां की प्रकृति, परिवेश, रहन-सहन को अपने साथ लाते हैं और अपनापन वहां छोड़ आते हैं। उनकी एक कविता है -प्रवास के पहले सोचता हूं। वे लिखते हैं-

'प्रवास के पहले सोचता हूं कि निवास करता हूं। आकाश को देखता हूं
आंगन को प्रणाम करता हूं। धरती को देखता हूं
और घर के कोने को प्रणाम करता हूं,
घर के आगे पिछवाड़े
छानी -छप्पर, आले, बल्ली को,
घर के इस पार उस पार को, खुली खिड़की दरवाजे को, दिन और रात को लोगों को प्रणाम करता हूं, कि निवासियों को प्रणाम करता हूं।'

यह कवि शुक्ल के जीवन और उनकी सहजता का प्रमाण है कि ऐसे समय में जब लोग केवल घूमने के लिए, केवल अपने सुख के लिए चारों ओर आते जाते हैं, देश-विदेश, नदी नाले पहाड़ झरने



देखने जाते हैं, उन्हें जहां जाते हैं उससे कोई मतलब नहीं बल्कि वह स्वयं के सुख के लिए वहां जाते हैं। ऐसे समय में विनोद कुमार शुक्ल अपना बहुत कुछ ऐसी जगह पर छोड़ आते हैं और वहां का बहुत कुछ अपने साथ लेकर आते हैं। यही अपनापन, यही जुड़ाव उनको एक बेहतर कवि बनाता है। भले ही लोगों को आम का कोई एक पेड़ केवल फलदार होने के कारण उपयोगी लगता है, लेकिन कवि की दृष्टि में किसी फलदार वृक्ष का होना भी केवल फलदार होने की उपयोगिता नहीं सिद्ध करता बल्कि तमाम पक्षियों के घोंसले, शाखों पर दौड़ती गिलहरियां, पत्तों से टकराती हवाएं, सुबह की धूप और पेड़ से उतरती छांव इन तमाम स्थितियों को वह पेड़ एक साथ जीता है। इसलिए निरा उपयोगिता के व्यवहार का अतिक्रमण करके वे उसके बहुविध उपयोग को रेखांकित करते हैं। सामान्य व्यक्ति वृक्ष को केवल लकड़ी और फल की उपयोगिता की दृष्टि से देखता है, लेकिन कवि भारतीय संस्कृति के पैरोकार की तरह एक पेड़ के साथ पूरे ऋतु चक्र को सिद्ध करने का उपक्रम रचता है। उनके अनुसार आम का पेड़ होने से प्रयोजन था -घोंसले, गिलहरियों की चहलकदमी, बिना किसी किंतु परंतु के बहुत कुछ था पेड़ पर-हरियाली, छांव और जीवन को खुशियों की ओर ले जाती हलचल। विनोद कुमार शुक्ल एक ऐसे रचनाकार हैं जो जीवन के जितने भी बैरियर हैं उन सब को तोड़कर अपनी रचनात्मक राह को आसान बनाते हैं। वे प्रकृति, नदी-नाले, पहाड़-झरने, चट्टानें, तालाब, पेड़-पौधे, गांव-गलियां सब में डूब जाना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि यह जो स्थावर हैं, वे कहीं जा नहीं सकते तो क्या हुआ क्या हम उनके पास नहीं जा सकते। हम मनुष्य हैं हमारा कर्तव्य है कि मनुष्य बने रहने के लिए हम उन सभी प्राकृतिक शक्तियों के पास जाएं जहां से हम में ऊर्जा का संचार होता है। वे कहते हैं -

'जो मेरे घर कभी नहीं आएंगे मैं उनसे मिलने उनके पास चला जाऊंगा।
एक उफनती नदी
कभी नहीं आएगी मेरे घर नदी जैसे लोगों से मिलने नदी किनारे जाऊंगा
कुछ तैरूंगा और डूब जाऊंगा।'

नदी और नदी जैसे लोगों से मिलने के भाव कवि को मानव मूल्यों की प्रतिष्ठा और सहज जीवन के आग्रही रूप में प्रस्तुत करते हैं। कवि जीवन में तरलता को कितना महत्व देता है। वह चाहता है कि कहीं भी ऐसी कोई बात न आए जो जीवन में गांठ की तरह रस हीनता की ओर ले जाए। सामाजिक जीवन जीने वाले लोग, जिनके मन में प्रवहमयता है, जो नदी की तरह लगातार बहना पसंद करते हैं, जो अपने से चलकर दूसरों तक पहुंचना पसंद करते हैं, जो लोगों के साथ मिल बैठकर उनके जीवन का हाल-चाल जानना चाहते हैं, किसी अप्रिय स्थिति को गांठ बांध लेते हैं, उनसे बेहतर वे हैं जो सारे भेद-विभेद छोड़कर तरल व्यवहार से समृद्ध हैं।

## बोले तो...



चाहे लोग मुगल बादशाह औरंगजेब को पसंद करें या न करें, उनकी कब्र एक संरक्षित स्मारक है और इसे नहीं हटाया जाएगा। लेकिन, महिमामंडन भी नहीं होने दिया जाएगा।

-देवेंद्र फडणवीस



वक्फ कानून को बिना पढ़े, सिर्फ भावनाएं भड़काने के लिए विरोध किया जा रहा है। जब पाकिस्तान ने पुलवामा में हमला किया, तब काली पट्टी नहीं बांधी गई। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हुआ, तब भी चुप्पी रही। मुंबई में आतंकवादी हमला हुआ, तब भी ये लोग खामोश थे।

-विश्वास सारंग



केंद्र सरकार ने स्वयं को राज्यपालों के माध्यम से राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के चयन में लगभग एकाधिकार शक्ति दे दी है। यह समवर्ती सूची के विषय को केंद्र सरकार के एकमात्र अधिकार में बदलने का प्रयास है और आज के समय में संघवाद के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

- सोनिया गांधी

## कुछ अलग | अजब गजब

# स्काईडाइविंग के दौरान नहीं खुला पैराशूट, 14 हजार फीट ऊंचाई से गिरकर भी जिंदा

कहते हैं, 'जाको राखे साइयां मार सके न कोय,' यह कहावत ऑस्ट्रेलियाई स्काईडाइवर एम्मा कैरी पर पूरी तरह से फिट बैठती है। स्काईडाइविंग के दौरान पैराशूट न खुलने के बावजूद उन्होंने 14,000 फीट की ऊंचाई से गिरने के बाद भी मौत को मात दे दी। उनकी यह चमत्कारी कहानी सुनने के बाद किसी को भी अपने कानों पर विश्वास नहीं होगा। दरअसल, यह घटना साल 2013 की है जब एम्मा स्विट्जरलैंड में छुट्टियां मना रही थीं। उनके साथ उनकी दोस्त जेम्मा मर्डक भी थीं। स्काईडाइविंग करने का उनका कोई इरादा नहीं था, लेकिन आसमान में उड़ने और धरती पर उतरने का रोमांच देखकर वे खुद को रोक नहीं पाईं। आखिरकार, दोनों ने इस एडवेंचर में हाथ आजमाने का फैसला किया। सब कुछ नॉर्मल था हेलीकॉप्टर ने ऊंचाई पकड़ ली थी और कुछ ही देर में एम्मा ने छलांग लगा दी। उनके हिसाब से 10 सेकंड की फ्रीफॉल के बाद उन्हें अपना पैराशूट खोलना था। लेकिन जब उन्होंने ऐसा किया, तो उनके पैरों में कुछ अजीब सा महसूस हुआ। अगले ही पल उन्हें एहसास हुआ कि पैराशूट उनके पैरों में उलझ चुका है। जब वो रुकी, तो उन्हें लगा कि वह मर चुकी हैं। लेकिन अगले ही पल असहनीय दर्द ने उन्हें एहसास दिलाया कि वह जिंदा हैं, हालांकि उनकी स्थिति बेहद खराब थी।

तेजी से गिरने के कारण एम्मा की रीढ़ की हड्डी दो जगह से टूट गई थी। वह जमीन पर गिरीं, खून से लथपथ थीं और दर्द से कराह रही थीं। उनकी दोस्त जेम्मा, जो



सुरक्षित लैंड कर चुकी थीं, तुरंत उनकी ओर दौड़ीं। वह स्थिति देखकर घबरा गईं लेकिन एम्बुलेंस को फोन करने में देरी नहीं की। जल्द ही एम्मा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उनकी रीढ़ की हड्डी गंभीर टूट चुकी है। तुरंत सर्जरी की गई, लेकिन डॉक्टरों को भी उम्मीद नहीं थी कि एम्मा फिर कभी चल पाएंगी। सर्जरी के बाद एम्मा को ऑस्ट्रेलिया वापस भेज दिया गया, जहां उन्होंने अपने परिवार के साथ रहकर धीरे-धीरे रिकवरी शुरू की। उन्होंने न केवल दर्द को सहा बल्कि धीरे-धीरे अपने पैरों पर खड़ा होना भी शुरू कर दिया। हालांकि वह अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं चल पातीं, लेकिन उनका कहना है, 'मैं जिंदा हूं, यही सबसे बड़ी बात है।' आज एम्मा अपनी इस कहानी को दुनिया के साथ शेयर करती हैं और प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। घटना यह साबित करती है कि जिंदगी अनमोल है और अगर हौसला हो, तो इंसान मौत को भी मात दे सकता है।

## पंचांग

मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - चतुर्थी 26.34 तक |
| वार | - मंगलवार |
| नक्षत्र | - भरणी 11.08 तक |
| योग | - विष्कुंभ 09.49 तक |
| करण | - वणिज 16.06 तक |
| सूर्योदय | - 06.34 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.50 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.33 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.57 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - मेष 16.32 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.18 से 13.07 |
| राहु काल | - 15.47 से 17.19 |
| व्रत, त्यौहार | - विनायक चतुर्थी, गणेश दमनक चतुर्थी, अंगारक योग, बुधोदय पूर्व, रवियोग 11.08 प्रारंभ, भद्रा 16.06 से 26.34, |
| दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### एक गलती से कभी पीछा नहीं छोड़ेगी आर्थिक तंगी

हर व्यक्ति चाहता है कि कि उसके जीवन में सुख समृद्धि और पैसों का हमेशा फ्लो बना रहे। लेकिन कई बार हम अपने दैनिक जीवन में ऐसी कई छोटी-बड़ी गलतियां कर बैठते हैं जो कि हमारे जीवन को कठिन बना देती है और कई बार तो हम आचानक से आर्थिक तंगी से जूझने लगते हैं। तो अगर आपको भी कई दिनों से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है तो ऐसे में वास्तु के अनुसार अपने दैनिक जीवन की कुछ गलतियों को सुधारने की आवश्यकता है। अगर वास्तु के नियमों का पालन किया जाए तो सफलता निश्चित ही मिलती है। ज्योतिषाचार्य बताते हैं ऐसी कौन-कौन सी गलितियों को दैनिक जीवन में करने से बचना चाहिए, जो कि हमारे आर्थिक तंगी का कारण बन सकती हैं।

**मुख्य द्वार पर न रखें अंधेरा**-मनुष्य को कभी भी घर के मुख्य द्वार पर अंधेरा नहीं रखना चाहिए। घर के मुख्य द्वार पर अंधेरा होना एक अशुभ संकेत होता है। ऐसा करने से आपके कामों में बाधा आती है साथ ही बनते हुए काम भी बिगड़ जाते है।

**घर को रखें व्यवस्थित**- जो व्यक्ति अपने घर के सामान को व्यवस्थित करके नहीं रखता उससे मां लक्ष्मी रूष्ट हो जाती हैं। घर में चीजें इधर उधर फैलना मां लक्ष्मी को क्रोधित कर देता है और उसके कारण व्यक्ति को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।

**बिस्तर पर बैठकर खाना**- बिस्तर पर बैठकर भोजन कभी नहीं करना चाहिए। इससे मां अन्नपूर्णा नाराज हो जाती है और मां लक्ष्मी भी रूष्ट हो कर चली जाती है। इससे पैसों की समस्या होती है।

**टूटा शीशा न रखें**- व्यक्ति को कभी में घर में टूटा हुआ शीशा नहीं रखना चाहिए। टूटा हुआ शीशा घर में नकारात्मक ऊर्जा को बुलावा देता है और इसकी उपस्थिति में घर की सकारात्मक ऊर्जा चली जाती है।

**रात को न करें इत्र का उपयोग**- वास्तु शास्त्र में ऐसी कई वस्तुएं बताई गई हैं जिनका रात के समय कभी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हीं में से एक है इत्र, रात के समय इत्र का उपयोग करने से नकारात्मकता आकर्षित होती है और व्यक्ति को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



## गीता सार

**शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥
योऽन्तःसुखोऽन्तरारामस् तथान्तर्ज्योतिरेव यः।
स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति॥**

**हिंदी अर्थ –**

जो मनुष्य इस शरीर का नाश होने से पूर्व ही काम – क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही योगी है और वही सुखी है। जो योगी अंतरात्मा में ही सुख वाला है, आत्मा में ही रमण करने वाला है और जो आत्मा में ही प्रकाश (ज्ञान) वाला है, वह ब्रह्म होकर शांत परब्रह्म को प्राप्त हो जाता है।

## पाठक पाती

### खुशी के मानक सबके लिए भिन्न-भिन्न

वैश्विक खुशहाली सूचकांक 2025 के निष्कर्ष सर्वे के गलत मापदंडों के परिणाम हो सकते हैं। इसमें कई छोटे-छोटे देशों को खुशहाली में भारत से आगे दर्शाया गया है। भौतिक साधनों की बहुतायत को खुश रहने का कारण नहीं माना जा सकता। खुशी के मानक सबके लिए भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। 'संतोषी सदा सुखी', यह हमारी सनातन संस्कृति का ध्येय वाक्य है। हमारे देश में लाखों लोग अभावों में जीवन यापन करते हैं। फिर भी उनकी मुस्कुराहट और खुशी कायम रहती है। हमारे मन की आंतरिक प्रसन्नता ही हमें खुश रखती है। साधनों से प्राप्त होने वाली खुशी हमारे मन का अस्थायी भाव होता है। हमारे देश की मजबूत परिवार संस्था आपस में मिलजुल कर भावनात्मक संबंधों के आधार पर अभावों के बीच भी खुशहाली का निर्माण कर लेती है।

- ललित महालकरी, इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# गणगौर: ईसर का पूजन कर मांगी सुख समृद्धि

## पति की दीर्घायु के लिए किया व्रत

## श्रद्धा से मनाया गणगौर उत्सव, निकाली शोभायात्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में सोमवार को सुख समृद्धि और सौभाग्य का पर्व गणगौर धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में विधि विधान से माता पार्वती और शिव की पूजा अर्चना कर अपने दांपत्य जीवन की सुख समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना की तो युवतियों ने अच्छे वर की कामना की। सुहागिनों ने अपने सुहाग की दीर्घायु के लिए व्रत रखे तथा गणगौर की पूजा अर्चना की। शहर के कुम्हारवाड़ा स्थित गुप्ता समाज की ओर गणगौर पर्व मनाया गया। दोपहर को लोटिया जुलूस निकाला गया। इसके बाद सामूहिक रूप से राजपूत समाज भवन में पूजा अर्चना की गई। गौरी माता व इसरजी की पूजा अर्चना की कर गणगौर की कथा भी सुनी। शाम को गणगौर पर्व पर महिलाओं शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं सोलह श्रृंगार में सजधज कर शोभायात्रा में शामिल हुई। महिलाओं ने माता के विभिन्न गीतों पर नृत्य भी किया। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनरु कुम्हारवाड़ा पहुंची। इसमें गुप्ता समाज की महिलाओं समेत अन्य समाज की महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया।









**कालंद्री।** कस्बे में गणगौर त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। कांग्रेस ओबीसी ब्लॉक महासचिव मीना भाटी ने बताया की गणगौर पर्व महिलाओं उत्साह और भक्ति के साथ मनाया।

**सरूपगंज।** गणगौर पूजन के अंतिम दिन सोमवार को महिलाओ ने घरों में ईसर गणगौर का सेवरा निकालने की परंपरा का निर्वहन किया। शाम को गणगौर की सवारी धूमधाम के साथ निकाली। यहां शिव पार्वती स्वरूप ईसर गणगौर की प्रतिमाओं की आस्था से पूजन किया गया। 16 दिन तक चलने वाले इस पर्व में कुंवारी बालिकाएं मनपसंद वर के लिए तो सुहागिन पति की लम्बी उम्र की कामना को पूजन करती है। अग्रवाल भवन से बैंडबाजों के साथ सेवरा निकाला। अंतिम दिन गणगौर की सवारी से धूमधाम के साथ निकाली गई साथ ही परिं मा करते हुए पूजन किया।





**आबूरोड।** अर्बुदांचल में गणगौर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिनों ने ईसर-गणगौर की पूजा अर्चना की। मानपुर स्थित सनसिटी कॉलोनी मे गणगौर का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुहागन महिलाओं ने ईसर और गणगौर की यात्रा निकाली। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता शर्मा के यहां से शुरू हुई यात्रा वीणा गोयल के घर पर समाप्त हुई। इसके बाद वही पर सभी महिलाओ ने पूजा अर्चना की।

# ईदुलफितर: हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद, मांगी अमन-चैन की दुआ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में सोमवार को ईदुलफितर का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला मुख्यालय के कृष्णापुरी मार्ग स्थित ईदगाह में जामा मस्जिद के मौलाना मोहम्मद रफी ने ईदुलफितर की नमाज अदा कराई। इससे पहले सभी को भाईचारे से रहने का संदेश दिया। देश और दुनिया में अमन की दुआ की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाव पर मेले सा माहौल बना रहा। बच्चों ने खिलोनों की खरीदारी की। इसके बाद सभी एक दूसरे के घर जाकर बधाई दी तथा सेवईया एवं खीर खिलाई गई।







**आबूरोड।** अंचल में ईद-उल-फितर परम्परगत तरीके से मनाया गया। ईदगाह परिसर में ईद की लमाज अदा की गई। इमाम इनामुल हसन की अगुवाई में नमाज अदा करवाई। इमाम ने शांति व सौहार्द का संदेश दिया। सभी से एकता और भाईचारे के साथ जीवन जीने की अपील की। मौमीनों ने एक-दूसरे के गले मिलकर कर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के बाहर मेले जैसा महोल रहा। डीएसपी गोमाराम, शहर कोतवाल हरचंद देवासी सुरक्षा की कमान संभाले रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे। इसी तरह छोटी मस्जिद ओर जुम्मा मस्जिद में कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य अमित जोशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाजी वजीर खान, हाजी नूर मोहम्मद, सेवादल अध्यक्ष जसराम, पार्षद सुमित जोशी, कांग्रेस जनप्रतिनिधियों की ओर से सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार का आयोजन किया। रोजेदारों ने सामूहिक रूप से दुआएं मांगी। सदर सलीम खान शौकत नागौरी, दिलावर खान, जेपीसिंह, हैदर खान, राहुल बारोट, सैनी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, अब्दुल कयूम, एडवोकेट आरिफखान, हाजी रसुल खान, यूनिश चन्दिजा, हबीब थेम, हाजी सफी आदि मौजूद थे।



**मंडार।** कस्बे में सोमवार को धूमधाम और बड़े अदब के साथ ईद का त्योहार मनाया गया। ईद के मौके पर ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नमाज से पहले तकरीर में मौलाना सद्दीक अकबरी ने बताया कि एक माह के रोजे रखने के बाद हम लोगों को खुशी मनाने का दिन नसीब हुआ है। भाईचारे एवं सद्भाव का पैगाम देते हुए बुराइयों से दूर रहकर नेकी की राह पर चलने की सीख दी। सभी मुस्लिम समाज के लोग हुसैनी चौक से सामूहिक रूप से रवाना होने के बाद ईदगाह पहुंचे जहां पर मस्जिद के इमाम साहब सद्दीक अकबरी ने ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकवाद दी। नायब तहसीलदार जब्बरसिंह देवड़ा, थानाधिकारी रविन्द्रपालसिंह राजपुरोहित, हैड कांस्टेबल कांतिलाल राणा, कुलदीपसिंह भाटी, हाजी अनवर शेख, इब्राहिम भाटी, रसूल मेहर, अशरफ मास्टर, फजल मोहम्मद, शकूर भाटी, हाजी रमजान शेख, महबूब अली, इम्तियाज भाटी, यूनुस मेवाती, गुलाम दस्तगीर, मुन्ना भाई पठान, सिकंदर भाटी, अल्ताफ सोढा, शब्बीर भाटी, हाजी गुलाम रसूल, अली भाई, अशरफ भाटी, गुलाम नब्बी शेख, नसीर शेख, डॉ इब्राहिम पठान, डॉ.फरीद अशगरी, मुस्ताक शेख, फिरोज भाटी, अकबर खान भाटी, मुनीर मेहर सहित मौजूद रहे।



**सरूपगंज।** कस्बे में ईद-उल-फितर की नमाज सोमवार को अकीदत के साथ अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ अल्लाह की बारगाह में हिन्दुस्थान के अमन चैन एवं खुशहाली के लिए हाथ उठा कर दुआ मांगी। नमाज जामा मस्जिद के पेश इमाम दिन मोहम्मद कादरी ने अदा कारवाई। उन्होंने तकरीर में कहा कि इस्लाम धर्म हमेसा मोहब्बत ओर भाई चारे से रहकर अपने वतन से मोहब्बत करने का पैगाम देता है। नमाज मुकम्मल होने के बाद सभी ने एक दूसरें को गले लगा कर मुबारकबाद पेश की। इस दौरान पुलिस का जाब्ता भी रहा। मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस व प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

## घर में रखा मोबाइल लेकर भागा नाबालिग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** महावीर टॉकिज के पास स्थित अंबिका कॉलोनी में एक नाबालिग घर में रखा मोबाइल लेकर चंपत हो गया। पूरी घटना समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। अंबिका कॉलोनी के राजेंद्र शर्मा के आवास प्लॉट नं. 14 में में गणगौर की पूजा चल रही थी। दोपहर घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे। एक नाबलिग मौका देखकर घर में घुस गया। सीमा शर्मा पत्नी संदीप शर्मा का मोबाइल चुरा लिया। पास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक नाबालिग अंदर आकर मोबाइल ले जाता नजर आया। इस पर शहर थाने में सूचना दी गई। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन, नाबाालिग का सुराग नहीं लगा।

## रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सांबरिया ने रक्तदान कर जन्मदिन मनाया। पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ने बताया कि नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष सम्बरिया का जन्मदिन ट्रॉमा सेंटर में रक्तदान कर व केक काटकर मनाया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष चारण, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनीष परसाई, ब्लॅड बैंक प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह, गणेश आचार्य, पार्षद राधेश्याम शाक्य, दिनेश सेन, राजीव मारू, पार्षद राजेन्द्र गहलोत, कांतिलाल अग्रवाल, हरिनारायण खंडेलवाल, दीपेश आदि मौजूद थे।



## आर्य समाज ने मनाया 150वां स्थापना दिवस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर शहर के आर्य समाज मंदिर में 150वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। आर्य समाजियों ने सामूहिक रूप से यज्ञ के रूप में आहुति व प्रसाद वितरण करके मनाया। रविवार को सारणेश्वर द्वार के बाहर स्थित मंदिर में आर्य समाज के भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ में पूर्णाहुति दी। इसके बाद हुई बैठक में आर्य समाज के अध्यक्ष सुनीत देव ने बताया कि आर्य समाज द्वारा स्थापित महर्षि दयानंद सरस्वती ने विश्व शांति के आधार के लिए 10 सिद्धांतों और वेदों की स्थापना के लिए एक संदेश दिया। डॉ.जगदीश आर्य ने कहा कि 1875 ई. में आर्य समाज की स्थापना की आजादी की लड़ाई में भी आर्य समाज का बड़ा योगदान रहा है। सचिव देवेन्द्र आर्य, डॉ. जगदीश प्रसाद, नटवरलाल, दिनेश आर्य, पवन आर्य, बसंती आर्य, दमयंती डाबी समेत कई लोग शामिल थे।

## शिक्षकों ने नववर्ष पर आयोजित किए कार्यक्रम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तत्वावधान में रेवदर और मंडार में भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में कार्यं म आयोजित किए गए। उपशाखा अध्यक्ष वीपीसिंह ने बताया कि भारतीय नववर्ष की महता ओर इसकी उपयोगिता के के लिए रेवदर उपशाखा को पांच परिक्षेत्रों मंडार, रेवदर, निंबज, सिरोड़ी और भटाना पांच भागों विभक्त किया गया। संगठन योजना के निमित रविवार को मंडार में उपशाखा अध्यक्ष के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन कर आतिशबाजी कर नववर्ष का स्वागत किया गया। राम कुटिया ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गई। मन्नाराम कोली, पन्नालाल राव, रामनिवास मोठसरा, कन्हैयालाल गुर्जर, मुकेश पुरोहित, कानाराम, हरीश गर्ग, झालाराम, राकेश, विक्रम कुमार, अमित पायल, अशोक कुमार, चंद्रमोहन, भरत घांची, संग्रामसिंह, संजय कुमार समेत सैकड़ों शिक्षक थे ।

## हर्षोल्लास से किया नवसंवत्सर का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** भारत विकास परिषद शाखा राजसमन्द द्वारा भारतीय नव संवत्सर के स्वागत में राजसमन्द शहर में विविध आयोजन हुए। शाखा सचिव गौरव मूंदड़ा ने बताया कि नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर राजनगर नवासी महंत बिहारीदास के सानिध्य, कार्यं म प्रभारी ओम प्रकाश मंत्री एवं जय प्रकाश मंत्री सहित अनेक परिषद् सदस्यों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। शाखा के नवसंवत्सर प्रकल्प प्रमुख संजय सांगानेरिया ने बताया की रविवार को प्रातः कालीन वेला में भारतीय नव संवत्सर के अभिनन्दन के क्रम में शहर के विभिन्न चौराहों पर अलग-अलग टोलियां बनाकर राहगीरों को कुंकुम तिलक लगाकर भारतीय परम्परानुसार नीम की कोपले, काली मिर्च एवं मिश्री प्रसाद वितरित की। राजसमन्द शाखा अध्यक्ष प्रदीप लड्ढा ने बताया की प्रातः 9 बजे जल चक्की चौराहे पर परिषद सदस्यों एवं मातृशक्ति द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर भारतीय नववर्ष विक्रम संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के भव्य स्वागत किया। परिषद के पुरुष वर्ग ने श्वेत वस्त्र एवं महिलाओं ने केसरिया परिधान धारण कर मानव श्रृंखला बनाते हुवे गगनभेदी जयघोष किए। हिन्दू नववर्ष समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित विशाल धर्मसभा कार्यक्रम में परिषद की और से जल व्यवस्था एवं शोभा यात्रा के दौरान स्वागत द्वार एवं पुष्पवर्षा के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया। शाखा वित्त सचिव दीपक चपलोत ने बताया की नववर्ष के उपलक्ष में रंगोली प्रतियोगिता के तहत शहर की विभिन्न संस्थाओं एवं समूहों द्वारा आकर्षक रंगोलियां बनाई गई।

## महिलाओं ने की शिव पार्वती की पूजा





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मोही कस्बे मे सोमवार को शुभ मुहूर्त पर गणगौर पूजन माता पार्वती शिव की पूजा की गई। महिलाओं ने अमर सुहाग की कामना के लिए तथा कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर के लिए व्रत उपवास रखकर लंबी उम्र की कामना की गई। अपने जीवन में अच्छे संस्कार का निर्माण जागृत करें। पूजा अर्चना तथा ठाकुरजी के भजनों की प्रस्तुति के बाद महिलाओं के द्वारा उद्यापन किया। उधर, सदर बाजार स्थित बड़े चारभुजा मंदिर में गणगौर पर्व पर ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया गया। पण्डित दिलीप कुमार पाराशर ने बताया मंगला आरती के बाद भोग लगाया गया।

# राजस्थान दिवस: लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीवंत की राजस्थान की संस्कृति और कला

## लोक कलाकारों ने घूमर, भवई और चरी नृत्य से बांधा समां

## सर केएम विद्यालय में कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस के मौके पर रविवार शाम को सरकेएम विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान की समृद्ध लोक कला और संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग एवं नगर परिषद सिरोही के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

### यह प्रस्तुतिया रही बेहतर

विभिन्न कलाकारों ने सरस्वती वंदना, राजस्थानी लोक संगीत, आदिवासी नृत्य, चरी नृत्य, घूमर नृत्य, घुटना चकरी नृत्य, वालर नृत्य एवं भवई नृत्य समेत कई कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समा बांधा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों ने न केवल राजस्थान की लोक कला को प्रस्तुत किया, बल्कि राज्य की संस्कृति को भी एक नई पहचान दी।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराड़ी, सीबीईओ आनंदराज आर्य, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक अजय माथुर, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक भैरूसिंह चौहान व आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राकेश पुरोहित ने किया।

# रामनवमी शोभायात्रा की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीराम नवमी शोभायात्रा को लेकर रविवार को श्रीराम महोत्सव समिति ने आमंत्रण पत्रिका का विमोचन विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली, समिति के अध्यक्ष मांगूसिंह बावली के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने किया। आमंत्रण पत्रिका में शोभायात्रा कार्यक्रम एवं शोभायात्रा के परि' मा मार्ग की जानकारी दी गई है । रात्रि में शहर के भाटकड़ा बस्ती में कार्य' म को लेकर बैठक कर इस आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समिति के प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद से प्रेरित श्रीराम महोत्सव समिति आगामी 6 अप्रैल को राम जन्मोत्सव कार्य' म को भव्य बनाने को लेकर लगातार शहर एवं आसपास के गांवों में सम्पर्क अभियान चलाये हुई है। उन्होंने बताया कि आमंत्रण पत्रिका शहर एवं गांवो के सभी समाजों, बस्तियों को दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक योगेश ने भाटकड़ा बस्ती में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज को सशक्त,समृद्ध, संगठित हो कर भारत को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए हमें भगवान राम के आचरण का अनुसरण करना चाहिए। कुटुंब प्रबोधन के प्रांत संयोजक कैलाश जोशी ने कहा कि इस बस्ती के लोग स्वप्रेरणा से हिंदुत्व के कार्यों में अग्रणीय भूमिका हमेशा निभाते आए हैं। यह हम सबको प्रेरणा देता है। बैठक में बस्ती प्रमुख मनीष माली ने शोभायात्रा में झांकी एवं अखाड़े के बारे में जानकारी दी । समिति के राजेश माली ने बताया कि पूरी बस्ती में घर-घर भगवा ध्वज लगाए जा रहे है। राजेश भाई, महेंद्र, कमलेश, श्रवण माली को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर अध्यक्ष विक्रमसिंह, नगर मंत्री प्रशांतसिंह, समिति कोषाध्यक्ष पुखराज सुथार, कपिल त्रिवेदी, जब्बरसिंह, जसवंत माली, राजेंद्रसिंह, हिमांशु पुरोहित, अनिल सगरवंशी, रोहित खत्री, सुनील गुप्ता, प्रकाश सेन, बाबूसिंह, हीरालाल माली शिवलाल जिंनगर, नारायण लोहार, प्रदीप सोनी, आनंद मिश्रा, पिंकी राजपुरोहित,नीता रावल, रंजन बहन, मंजुला खत्री, अमन प्रजापत, विकास दवे, नटवर गोस्वामी, छगन माली, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी हीरालाल माली, गोमाराम माली, खुशवंत माली, भाजपा किसान नेता भंवरलाल, जसवंत माली, पार्षद गोविन्द माली आदि मौजूद थे।



# संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का का आगाज हुआ। वृंदावन के स्वामी राधा चरणदास महाराज ने कथा का वाचन किया। सुमित सांबरिया के अनुसार इस तरह के आयोजन समाज मे सबके सहयोग से होते रहने चाहिए। स्वामी राधा चरणदास भागवत कथा में पंडित भूपेन्द्र, ओमप्रकाश सहयोग के लिए पहुंचे हैं। दिनेश अग्रवाल, पवन मोयल, सुमित सम्बरिया, मदनसिंह चौहान आदि मौजूद थे।

# युवा एकता मंच ने मनाया हिन्दू नववर्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** युवा एकता मंच की ओर से गजानन्द मंदिर पर शाम को रंगोली बनाई, 101 दीपक लगाकर आतिशबाजी कर हिन्दू नववर्ष मनाया। श्रवण कुमावत एवं प्रदीप प्रजापत ने कहा कि युवा एकता मंच गैर राजनैतिक संगठन है। जो सामाजिक संगठन के रूप में समाज के साथ मिलकर युवाओं को लेकर सामाजिक कार्य करते है। कृष्णपालसिंह ने बताया कि इस अवसर पर अधिवक्ता नरेश कुमावत, अनीश माली, रूपेश सुथार, अजय रावल, विनोद प्रजापत, सिद्धार्थ परिहार, संजना परिहार, हर्ष प्रजापत, महिपाल सुथार, गणपत कुमावत, अभिषेक गर्ग, जयपाल भाटी, वरुण वैष्णव, सुरेंद्र, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

# कोली बने सचिव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वास दताणी।** स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्रोमोशन एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की ओर से भरतकुमार कोली पुत्र प्रतापराम कोली को सिरोही जिले के सचिव मनोनीत किए है। राजस्थान सचिव भूपेंद्रसिंह ने बताया कि भरत कोली हर टूर्नामेंट में अपना अच्छा काम किया है। इंडो नेपाल चैंपियनशिप में गोल्ड मैडलिस्ट है। ये सिरोही जिले के लिए गर्व की बात है कि जिले का एक खिलाड़ी सचिव बना। इससे वास दत्तानी में खुशी की लहर दौड़ गई।

# प्रधानाचार्य का पद यथावत रखने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** राजस्थान शिक्षक संघ(प्रगतिशील) के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उप प्रधानाचार्य के पद को समाप्त करने पर पुनर्विचार कर वरिष्ठ व्याख्याता पद सृजित करने के निर्णय को वापस लेने की मांग की है। संघ(प्रगतिशील) के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा उप प्रधानाचार्य का पद डाइंग कैडर घोषित करने से अब उप प्रधानाचार्य का पद समाप्त होने से पदोन्नति का एक अवसर पूर्ण रूप से खत्म होगा। जिससे शिक्षकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। जो साथ छात्र हित के विरूद्ध निर्णय है। ऐसे में सरकार द्वारा उठाएं निर्णय पर मुख्यमंत्री गम्भीरता पूर्वक विचार कर स्कूल के लिए छात्र व शिक्षक हित में उप प्रधानाचार्य का पद यथावत रखे जाने की पुरजोर शब्दों में मांग की है।

# औद्योगिक विकास के लिए सरकार कर रही पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य : सांसद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में सोमवार को राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत राज्य स्तरीय निवेश उत्सव राइजिंग राज-स्थान इंपैक्ट 1.0 का लाइव प्रसारण व जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास की विपुल संभावनाएं हैं। औद्योगिक विकास के लिए राज्य व केंद्र सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को उद्योगपतियों का हर संभव सहयोग करने तथा योजनाओं का अधिकतम प्रचार प्रसार करने की बात कही। जिलास्तरीय कार्य' म में प्रधान हंसमुख मेघवाल, जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, डॉ दिनेश राय सापेला, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराड़ी, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महा प्रबंधक सहीराम विश्नोई, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक गोविंद चौधरी, सहायक निदेशक शिक्षा विभाग अजय माथुर, रीको यूनिट हेड मनोज त्यागी, जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह चौहान, एसई डिस्कॉम हेमेंद्र जिंदल, चिराग रावल सहित जिला स्तरीय अधिकारी व उद्योगपति उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 120वां वा संस्करण कार्यक्रम रेवदर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष हरीश लौहार की अध्यक्षता में सुना। इस दौरान मन की बात के जिला संयोजक मगन कोली, जिलामंत्री जगसीराम कोली, महामंत्री अमराराम मेघवाल, दशरथ सोनी, समाजसेवी अर्जुन देवासी, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश पुरोहित, जोधाराम देवासी, सोशल मीडिया जिला संयोजक पूरण राव, ईश्वर घांची, नरेश लौहार, प्रवीण लौहार आदि उपस्थित रहे। उधर,भाजपा अनादरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम को देखा गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कोली ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल देशवासियों को जोड़ता है। बल्कि हमें नई ऊर्जा और दिशा भी प्रदान करता है। प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार, समाज सेवा, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र के विकास से जुड़े हर बातो को बताता है। इस दौरान मेघाराम मेघवाल, विक्रम मेघवाल, करणसिंह, मोतीराम देवासी, ताराराम मेघवाल, बाबाराम देवासी आदि मौजूद थे।

# न्यूज ब्रीफ

## स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**निम्बज।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अनापुर में न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड रावतभाटा राजस्थान साइट द्वारा विद्यालय में स्मार्ट क्लास की स्थापना की थी। इसके लिए रतीलाल प्रजापत का सहयोग रहा। अब बच्चे डिजिटल टीवी के माध्यम से पढ़ाई करेंगे। सोमवार को स्मार्ट क्लास का शुभारंभ प्रधानाचार्य सतीश कुमार, हीराराम, डायालाल जैन, उदाराम, अमराराम देवासी, कालूराम सुथार, प्रभुराम देवासी, समेलाराम, भारमल मौजूद रहे।

## 'संगठन को मजबूत करना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी'

### कांग्रेस सिरोड़ी मंडल की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**करोटी।** रेवदर कांग्रेस पार्टी की सिरोड़ी मंडल की बैठक जुझार प्रतापसिंह मंदिर में आयोजित की गई। बैठक सिरोडी मण्डल अध्यक्ष दलपतसिंह नागाणी की अध्यक्षता, विधायक मोतीराम कोली, रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह रोहुआ, रेवदर विधानसभा प्रभारी गोविंद बंजारा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। विधायक कोली ने कहा कि आने वाले पंचायतीराज चुनाव में एक जुड़ता के साथ कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। प्रभारी बंजारा ने रेवदर विधानसभा में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष रोहुआ ने कहा कि पंचायती राज्य चुनाव में पार्टी को एक जुड़ता के साथ चुनाव लड़ना है। हर बुथ को मजबूत करने के लिए अभी से कार्यकर्ताओं को कमर कसनी होगी। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक होकर पार्टी को मजबूत करने की भी बात रखी। मण्डल अध्यक्ष नागाणी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सिरोड़ी सरपंच शैतानसिह देवड़ा, पूर्व सरपंच लक्ष्मणसिंह, सुरजपालसिंह देवड़ा, पंचायत समिति सदस्य परसराम, टोकरा बांध समिति अध्यक्ष भरतसिंह, देवेन्द्रसिंह, आशीष राव, सुल्तानसिंह, शंकरलाल, मोटाराम, वजाराम, तुलसीराम, अक्षय कुमार, दिलीप नाथ आदि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस का भव्य रोजगार मेला कल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के तत्वावधान में बुधवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभर की 60 नामी कंपनियां भाग लेंगी और 1500 से 2000 युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करेंगी। यूथ कांग्रेस की प्रदेश सचिव डिम्पल सिंदल ने बताया कि मेले में पंजीकरण सवेरे शुरु होगा। जिसमें अभ्यार्थी को बायोडाटा व आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य। विधानसभा सिरोही शिवगंज उपाध्यक्ष नटवरसिंह ने युवक युवतियों का ऑनलाइन पंजीयन करवाया गया। प्रदेश सचिव हरीश परिहार ने कहा कि युवाओं को राजनीतिक की परख यूथ कोंग्रेस से ही शुरू होती है।

## शिविर में वितरित किए उपकरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** मॉडर्न इन्सूलेटर्स लिमिटेड व भगवान महावीर विकलांग समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्यांग दो दिवसीय निःशुल्क उपकरण शिविर में पचास दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए। संयुक्त उपाध्यक्ष केके कमल ने बताया कि दिव्यांगजनों की सहायता निशुल्क उपकरण वितरण का शिविर श्रीमती मीना रांका के स्मृति में किया गया। अब तक करीब दो सौ पचास से अधिक दिव्यांगो को निशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरित किए। प्लांट हेड पी. श्रीधरण, वरिष्ठ अध्यक्ष अनिमेष बनर्जी सहित संयुक्त उपाध्यक्ष केके कमल मौजूद रहे।

## धूमधाम के साथ बिराजी मां चामुंडा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** उमरणी में दो दिवसीय मां चामुण्डा मंदिर की प्राण पतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के तहत अम्बाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। मूर्ति स्थापना की पूर्ण संध्या पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद विधि विधान के साथ शुभ मुहर्त में मूर्ति स्थापना कि गई। पंडित मोहित शर्मा, डूंगाराम, पार्षद सागर राणा, शिवसेना नगर प्रमुख लालाराम खारवाल, आबा काका, पटेल हरदा काका, पूनाराम, कालूराम मीणा, भावेश राणा आदि मौजूद रहे।



# बड़ागांव में शाही अंदाज में निकली गणगौर की सवारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बड़ागांव।** वैसे तो सोमवार को प्रदेश में गणगौर की धूम रही। लेकिन झुंझुनूं के बड़ागांव में गणगौर की सवारी अनूठी होती है। यहां पर इस साल एक ईशर दो गणगौर की सवारी निकाली गई। प्रदेश का बड़ागांव ही एक ऐसा गांव है जहां पर सबसे अधिक गणगौर की सवारियां निकल जाती है। प्राचीन समय की परंम्परा है कि राजपूत समाज में जितने उजण होते हैं। उतनी ही गणगौर की सवारियां निकलती है। गणगौर के मेले में आस पड़ौस के गांव में बड़ी संख्या में महिला पुरुष आते हैं। मेले में महिलाओं व बच्चों को चाट पकौड़ी व झूलों का आनंद लिया। महिलाओं ने मनिहारी व घरेलू सामान की दुकानों पर जमकर खरीदारी की गणगौर की एक झलक पाने के लिए महिला अपने घरों की छत पर चढ़कर गणगौर की सवारी को देखी। बहरहाल इस बार दूल्हे से सजे ईशर व दुल्हन की तरह सजी दो गणगौर की सवारी बैंड बाजे के साथ निकाली गई। दौलतसिंह शेखावत के घर पर ईशरजी के नेगचार हुए। इसके बाद सभी गणगौर की सवारी एक साथ गोपीनाथजी मंदिर पहुंची। वहां पर महिलाओं ने ईशर व गणगौर की पूजा अर्चना की। गोपीनाथजी मंदिर से ईशर और गणगौर की सवारी एक साथ रवाना हुई। जो कि बैंड बाजे के साथ-साथ सभी गणगौर एक लाइन चली। उसमें सबसे आगे ईशर की सवारी पीछे पीछे गणगौर की सवारी चल रही थी। उनके पीछे महिला छोटी गणगौर की सवारी को सिर पर रखकर चल रही थी। सवारियां गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई गणगौर के कुएं पर पहुंची जहां पर परिक्रमा लगाई गई और मिट्टी की बनी छोटी गणगौरों को कुएं में धमकाई गई। इस मौके पर रणवीर सिंह शेखावत, महावीर सिंह शेखावत, महिपाल सिंह शेखावत, राजकुमार सिंह शेखावत, कर्ण सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह शेखावत, पूर्ण सिंह शेखावत, आजाद सिंह शेखावत, नवल सिंह शेखावत, अशोक सिंह शेखावत, भवानी सिंह शेखावत, रविंद्र महंत बलराज सिंह, भूपेंद्र सिंह शेखावत आदि गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**28 गणगौर तक निकल चुकी है :** बड़ागांव में इस साल दो गणगौर की सवारी निकली गई है। लेकिन 2013 में यह संख्या 28 तक हो गई थी। वहीं 2016 में भी 18 गणगौर की एक साथ सवारी निकली गई थी। उस वक्त राजपूत परिवार की 18 बहुओं ने उजण किया था। वहीं इससे कुछ साल पहले यह संख्या 28 तक थी।

**निभाई गई और भी रस्में :** गणगौरों वाले कुएं से लौटते वक्त रास्ते में एक स्थान पर रूक कर ईशर गणगौर के फेरों की रस्म निभाई गई । ईशर और गणगौर की सवारी लवाजमे के साथ गणगौरों वाले कुएं पहुंची महिलाएं गीत गाती चल रही थी। कुएं पर पहुंच कर पूजन आदि किया और अपने साथ लाई छोटी गणगौरो को कुएं में धमकाया। लेकिन जिन ईशर और गणगौर की सवारी निकलती है। उन्हें नहीं धमकाया गया वे सभी घरों को लौट गई।

**एक साल पहले ही तय हो जाता है ईशर का घर :** ईशर को किस घर में रहना है। यह एक साल पहले ही तय हो जाता है। यानी ईशर को अगले साल के लिए अभी से ही रोक लिया गया। जैसे ही सवारी का विसर्जन हुआ और ईशर गणगौरों को वापस घर पहुंचा दिया गया। अगले साल जिस घर में उजण होना है। ईशर को वहां रोक लिया जाता है।

**ईद उल फितर का पावन त्यौहार धूमधाम से मनाया**

# हजारों हाथ एक साथ उठे दुआ में, अमन-चैन, शान्ति की मांगी दुआ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर में ईद उल फितर का त्यौहार बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया। कस्बे के मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी एवं देश में अमन-चैन, शान्ति भाईचारे की दुआ मांगी। जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद जाफर हाफिज ने ईद की नमाज अदा करवाई। कस्बे के अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा करवाई। उपस्थित मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद सभी कब्रिस्तान पहुंचे और अपने पूर्वजों को याद किया। थानाधिकारी गौरव खिड़िया के नेतृत्व में पुलिस मुस्तैद रही, सुरक्षा के पूरे इंतजाम रहे एवं चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। पूरे शहर में पुलिस की गाड़ी गश्त भी लगाती रही। कस्बे के जाट महासभा इकाई तारानगर ने भी तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनीवाल के नेतृत्व में उपस्थित लोगों को ईद पर्व की बधाई दी। इस मौके पर प्रधान संजय कस्वां, विस प्रत्याशी राकेश जांगिड़, अभिषेक बुड़ानिया, तिलोकराम कस्वां, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, जमरदीन तेली, बाबू हुसैन कुरैशी, मोहम्मद तैयब, मुंशी खां तेली, सहदेव सिंह भाटी, मोहम्मद तैयब, मानसिंह सैनी, शिव कुमार शर्मा, कुंदन सैनी, अजीतसिंह, भगतसिंह भाकर, शाबीर हुसैन, माणकचंद बेद, राकेश टाक आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को उत्कृष्ट सेवा के लिए मिला सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** जलदाय विभाग कार्यालय में कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अभियंता हिमांशु मील ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना कर्मचारियों का दायित्व है। इस मौके पर विधायक डॉ शिखा मील, उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़, सहायक अभियंता सुनील कुमावत, कनिष्ठ अभियंता गोविंदगढ़ ज्योति सैनी, कनिष्ठ अभियंता चौमू आशुतोष सैनी, ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी राम सिंह मीणा, उपकोष अधिकारी अरुण मिश्रा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उत्कृष्ट सेवा के लिए मिला सम्मान :** मीडिया प्रभारी नवीन कुमार शर्मा व मनमोहन यादव ने बताया कि विभाग में बेहतरीन कार्य करने वाले सहायक अभियंता अभय कुमार चौहान, लिपिक मुकेश मीणा, बालकृष्ण पारीक, मनमोहन यादव और तकनीकी कर्मचारी अयूब खान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान के रूप में सहायक अभियंता अभय कुमार चौहान को 51 फीट का साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान संत-महात्माओं ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम और भी भव्य बन गया।

### राष्ट्रीय आदिवासी मीणा महासभा की बैठक हुई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में राष्ट्रीय आदिवासी मीना महासभा की बैठक में सर्वसम्मति से कई निर्णय लिये गए।रिटायर्ड तहसीलदार रूपचंद मीना की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी 27 अप्रैल को बड़ी बैठक कर नवीन कार्यकारिणी के गठन मव अधिकाधिक पहुंचने का आह्वान मीणा सरदारों से किया गया। टॉयलेट बाथरूम तथा किचेन शेड बाबत विधायक मनोज न्यांगली से मिलने की सहमति बनी और सभी उपस्थित सदस्य विधायक से मिले। विधायक ने तुरंत ही मींना समाज को विधायक कोटे से 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। तहसील अध्यक्ष जितेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि सुभाष मींना, सुरेन्द्र हरपालु,मांगीलाल मीना, गिरधारी लाल,विजय मीना, सुरजभान मीणा, मामन मीणा, नरेंद्र मीना आदि ने विधायक न्यांगली का आभार जताया। सभी ने मींना छात्रावास में होने वाली आगामी बैठक में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की अपील की।

### एडवोकेट गजराज सिंह राजवी को क्षत्रिय विकास संस्थान का अध्यक्ष बनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के सुशील राजपुरोहित की अध्यक्षता में कस्बे के महाराजा तारासिंह स्मृति छात्रावास में समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें एडवोकेट गजराज सिंह राजवी को सर्वसम्मति से क्षत्रिय विकास संस्थान का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह राठौड़ ने चुनाव अधिकारी मेजर दयाल सिंह राठौड़ व मनफुल सिंह बागोर की उपस्थिति में गजराजसिंह के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी ने समर्थन किया। इस मोके पर कप्तान करणी सिंह, किशन सिंह राठौड़, अर्जुन सिंह, ईश्वर सिंह, नत्थूसिंह, कल्याण सिंह, तारासिंह, बलवीर सिंह, प्रहलाद सिंह, मोहरसिंह, मातुसिंह, संदीप सिंह, जयमाल सिंह राठौड़ सहित समाज के काफी लोग उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन राजस्थान ने कार्यकारिणी का गठन किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पद्माकर द्विवेदी एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पंडित शिवचरण लाल शर्मा के निर्देश अनुसार मुख्य संरक्षक बृज किशोर शर्मा, नगर अध्यक्ष राम अवतार शर्मा, नगर उपाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, सनेट एवं उपाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा दालानपुर, सचिव ब्रह्म दत्त शर्मा एवं विष्णु चंद शर्मा ने स्थानीय व्यवस्थापक निजी संस्थान चंपालाल शर्मा उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमहावीरजी को विजय कृष्ण शर्मा के आपके पुन: निर्देश अनुसार अनुमोदन किये जाने के बाद तहसील अध्यक्ष पद पर विजय कृष्ण शर्मा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया तथा जिला अध्यक्ष शास्त्री एवं नगर अध्यक्ष नगर उपाध्यक्ष क्रमश: राम अवतार शर्मा एवं सुरेश चंद्र शर्मा पदभार ग्रहण करते हुए अपने कर्तव्य की शपथ दिलाई।

### समाज सुधारक कर्नल बैंसला को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** गांव उदावास के भगवान श्री देवनारायण मंदिर पर सोमवार को गुर्जर समाज के लोगों ने समाज सुधारक एवं गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के मुखिया रहे स्वर्गीय कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कर्नल बैंसला की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर नमन किया। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि गुर्जर सहित एमबीसी समाज के पांच जातियों को पांच फीसदी आरक्षण दिलानें के लिए रेल की पटरियों पर जीवन गुजार कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला ने लंबा संघर्ष किया था। प्रदेश सचिव गुर्जर ने सभी लोगों ने कर्नल बैंसला के सिद्धांतों पर चलने की बात कही।

# श्याम सलोना सेवा समिति ने गौ-सेवा महाअभियान का किया शुभारंभ

**संत नागा बाबा गौशाला को भेंट की चारे की प्रथम गाड़ी, गौसेवा के लिए आगे भी रहेगा संकल्प**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** गौसेवा को समर्पित श्री श्याम सलोना सेवा समिति, चौमूं ने अपने महाअभियान की शुरुआत करते हुए संत नागा बाबा गौशाला में चारे की प्रथम गाड़ी भेंट की। इस पुनीत कार्य के लिए प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और समिति के सदस्य साक्षी बने। जहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा उपस्थित रहे। इधर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरुण यादव, गौशाला अध्यक्ष कैलाश झालानी, समिति के प्रमुख सदस्य अनिल दुसाध, मनीष गोयल, दिनेश अग्रवाल, जितेंद्र झालानी, विकास शर्मा, राकेश सेन, मुकेश खूंटेटा, निखिल खंडेलवाल, साहिल खंडेलवाल, गोवर्धन थावरिया, कन्हैयालाल थावरिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था के पदाधिकारियों अनिल दुसाध एवं मनीष गोयल ने बताया कि यह गौसेवा के लिए समिति की ओर से पहला प्रयास है, जिसे भविष्य में और व्यापक स्तर पर किया जाएगा। संस्था का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद गौशाला को समय-समय पर चारा एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि गौमाता को उचित देखभाल और पोषण मिल सके। इस अवसर पर मुकेश जांगिड़, अमित कासलीवाल, प्रवीण अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, गोपाल झालानी, रामावतार मोदी, संदीप मोदी, ओमप्रकाश कासलीवाल, अजय जैन, शंभू यादव, विक्रम वशिष्ठ, राजेश व्यास, कानराम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौसेवा के इस महाअभियान की शुरुआत के साथ ही समिति ने चोमूं क्षेत्र में गौसेवा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। संस्था ने आमजन से भी अपील की है कि वे गौसेवा में अपना योगदान दें और गौसंरक्षण के इस कार्य में भागीदार बनें।

# बैरासर छोटा विद्यालय में सार्वजनिक पुस्तकालय भवन की रखी नींव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरासर छोटा में पुस्तकालय की आवश्यकता देखते हुए विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुमित्रा पूनिया ने बताया कि आज सोमवार को नवनिर्मित लाइब्रेरी का शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम राजस्थान उच्च न्यायालय न्यायाधिपति महेन्द्र गोयल एवं उनकी माताश्री सीमा गोयल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच एडवोकेट महावीर सिंह पूनिया, मुख्य अतिथि राजेंद्र गुप्ता, पवन गोयल के सानिध्य में कार्यक्रम में अतिथियों का माल्यार्पण, साफा व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया किया कार्यक्रम में गांव में ही पढ़ने की सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आधुनिक पुस्तकालय भवन की नींव रखी। कार्यक्रम में न्यायाधिपति महेन्द्र गोयल ने कहा कि जन्मभूमि में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने पर आत्मसंतुष्टि व गौरवान्वित होने के अवसर मिलता है। शिक्षा के क्षेत्र पुस्तकालय की नींव आप सब ग्रामवासियों के स्नेह से कार्य हुआ है। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी, विद्यालय स्टाफ वरिष्ठ अध्यापक भानाराम, राजेश्वरी मधु प्रेमलता सुरेश पारीक, मुरारी बैरासर की सक्रिय भागीदारी रही वही विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान स्तर पर लाइब्रेरी नवाचार के प्रेरक अध्यापक सुनिल बैरासर, वरिष्ठ अध्यापक सुनीता शर्मा, मनोज कुमार ने किया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित्रा पूनिया ने समस्त आए हुए अतिथियों व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

# महर्षि गौतम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के अखिल भारतवर्षीय गुर्जरगौड ब्राह्मण महासभा द्वारा न्यायशास्त्र के रचियता महर्षि गौतम की जयंती धूमधाम से मनाई। महर्षि गौतम के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात वक्ताओं ने महर्षि गौतम की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके आदर्शो पर चलने व महर्षि गौतम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा सामाजिक बुराइयों को त्यागने व संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही आगामी 14 अप्रैल को स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर रामस्वरुप उपाध्याय, खिवकरण जोशी, युवक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अरुण शर्मा, तुलसीराम जोशी, रामकिशन वत्स, भारत भूषण पिरगावत, गोविन्द प्रसाद गील, बजरंग जोशी, परसाराम पिरगावत आदि मौजूद रहे।

# पारंपरिक धूमधाम से निकली गणगौर माता की सवारी, राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत नजारा दिखा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को संजोए हुए नगर परिषद चौमूं ने गणगौर माता की भव्य सवारी निकाली, जिसने शहर में उल्लास और आस्था का माहौल बना दिया। हाथी, ऊंट, घोड़े, बैंड-बाजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकली इस शोभायात्रा ने राजस्थान की सांस्कृतिक भव्यता को और अधिक उजागर किया। सवारी में कालबेलिया कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने माहौल में रंग भर दिया। उनके नृत्य और संगीत ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे गणगौर महोत्सव की गरिमा और बढ़ गई।

**नगर परिषद ने निभाई वर्षों पुरानी परंपरा :** नगर परिषद चौमूं ने परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए गणगौर माता की सवारी निकाली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस आयोजन में क्षेत्र के सभापति विष्णु सैनी, विधायक डॉ. शिखा मील, आरएलपी नेता घुट्टन यादव, पार्षदगण और गणमान्य लोग शामिल हुए, जिन्होंने गणगौर माता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।गणगौर पर्व के अवसर पर चौमू के बस स्टैंड पर विशाल मेले का आयोजन हुआ, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने माता गणगौर के दर्शन किए और मेले का आनंद लिया। महिलाओं और कन्याओं ने गणगौर माता की विधिवत पूजा कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। इस भव्य आयोजन ने न केवल राजस्थान की सांस्कृतिक शोभा को बढ़ाया बल्कि चौमू नगर की धार्मिक और ऐतिहासिक परंपराओं को भी जीवंत बनाए रखा।

# गणगौर पूजन का समापन, श्रद्धा और भक्ति के साथ पर्व मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सीकर।** जिले के राधाकिशनपुरा स्थित कमल कुंज में बीते कई दिनों से पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ गणगौर पूजन का आयोजन किया जा रहा था। इस पावन अवसर पर पटवारी परिवार की बेटी नैंसी अग्रवाल, ज्योति, पूजा, रिया, दिया, भूमिका और खुशी सहित अन्य कन्याओं ने संपूर्ण विधि-विधान से गणगौर माता की आराधना की।आज गणगौर महोत्सव का भव्य समापन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान व्रत-पूजन, मंगल गीत और गणगौर माता की विशेष आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिला। गणगौर पूजन में सुनीता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, लीला देवी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, संतोष जांगिड़, उर्मिला अग्रवाल, सुशीला देवी और संतोष गुर्जर सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया, पारंपरिक गणगौर गीत गाए, खूब उत्साह और उमंग के साथ पूजा-अर्चना की तथा हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मनाया। यह आयोजन हमारी संस्कृति को संरक्षित रखने का संदेश देता है और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी बनता है।

## लोक गीतों की मधुर ध्वनी में गणगौर की विदाई

**चिड़ावा।** राजस्थान का प्रमुख लोक पर्व गणगौर का बनोरा और लोकगीतों की मधुर स्वर लहरी के साथ 16 दिन से चल रहा उमंग और उत्साह का दौर रविवार को गणगौर की विदाई के साथ संपन्न हुआ। शहर में वार्ड नंबर 14 मे स्थित सुगन कुटीर में धरा धाम इंटरनेशनल द्वारा नव विवाहिता श्रुति पंवार एवं युवतियों, महिलाओं को सिंजारा स्वरूप मिठाई और उपहार दिए गए। सोमवार को नवविवाहिता श्रुति पंवार के साथ किशोरियों एवं महिलाओं ने गणगौर की सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की और किशोरियो ने गणगौर के लोक गीतों की मधुर स्वर लहरी पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कमलेश पंवार, लक्ष्मी पंवार, बबिता देवी, ममता शर्मा, प्रिया पंवार, सोनू बिनाबरा, यशस्वी, यशिका ने सायंकाल गणगौर को परम्परागत लोकगीतों के साथ पोदार पार्क स्थित कुएं में विसर्जन किया। इसे गणगौर को ससुराल भेजना भी कहा जाता है। वहीं सखी सहेली ग्रुप प्रमुख सुमन सोनी के निर्देशन में किरण जांगिड़ के आवास पर ग्रुप की महिलाओ ने गणगौर महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया।

## दो अध्यापिकाओं के सेवानिवृत पर सम्मान समारोह का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल झुंझुनूं में दो अध्यापिकाओं रेणू शर्मा व अर्चना द्विवेदी का सेवानिवृति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रेणू शर्मा अपने पति पवन शर्मा, पुत्र विशाल शर्मा व भतीजी जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. योगिता शर्मा के साथ व अर्चना द्विवेदी अपने ससुर एएन द्विवेदी व पति अनुपम द्विवेदी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत परम्परागत रूप से विद्यालय सचिव परमेश्वरलाल हलवाई, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. डीएन तुलस्यान व संजीव मोदी की सादर उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। दोनों ही अध्यापिकाओं का माला व साफा पहनाकर व उपहारों के साथ सम्मान किया गया। विद्यालय सचिव परमेश्वरलाल हलवाई ने अपने भाव भरे उद्बोधन में दोनों ही अध्यापिकाओं के द्वारा विद्यालय विकास में किए गए अथक प्रयासों की प्रशंसा की गई।

# सारंगवास खेतलाजी मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## गेर नृत्य दलों ने मचाई धूम







■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पश्चिमी राजस्थान के प्रसिद्ध सोनाणा खेतलाजी का वार्षिक मेला सोमवार सांय संपन्न हो गया। दो दिन तक चले इस मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। खेतलाजी के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु दूर-दराज से पहुंचे और श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान रविवार देर रात विशाल भजन संध्या व सोमवार को 50 गेर नृत्य दलों ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सोमवार को द्वितीया के दिन मुख्य मेला आयोजित हुआ, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मुख्य मंदिर में विशेष पूजा, ध्वजारोहण और आरती के साथ भव्य आयोजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की। सोनाणा खेतलाजी के दर्शन के लिए पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को निकाले गए भव्य वरघोड़े में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। शाम को हॉर्स शो देखने हजारों लोग मौजूद रहे।

### भजन संध्या में छाए इंडियन आइडल सवाई भाट

रविवार रात्रि आठ बजे संत महेन्द्रानंद गिरिजी महाराज, भक्तराज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भंडारी, भक्त रत्न सूरजमल खंडप, रमेश भंडारी के सानिध्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ। रंगबिरंगी झिलमिलाती रोशनी में नदी में पसरे मेला मैदान में इंडियन आइडल सवाई भाट ने अपने सुर बिखेरा तो सामने मौजूद जनसैलाब भाव विभोर हो गया। माही इवेंटस व मां फिल्म आना के संचालक गणेश चौधरी के बैनर तले आशा वैष्णव, नीता नायक, लेहरूदास वैष्णव और शंकर टॉक जैसे प्रसिद्ध गायक व दीपिका वैष्णव व आरती शर्मा नृत्यांगनाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। मंच संचालन प्रमोद परिहार ने किया। लोग पूरी रात मंत्रमुग्ध होकर भजन संध्या में मौजूद रहे।

### मेले में पहुंचे एमएस बिट्टा

मेले में अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा पहुंचकर मंदिर में खेतलाजी के दर्शन किए और मेले को देखा। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि हैं। जहां महाराणा प्रताप जैसे महान वीर पैदा हुए। राजस्थान से देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। किसी ने सोचा था कि राम मंदिर का निर्माण हो जाएगा। समय के साथ यह भी संभव हो गया। आज भारत की एक अलग ही पहचान हो गई हैं। ट्रस्ट कमेटी ने बिट्टा का बहुमान किया।

### इन अतिथियों की रही मौजूदगी

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री पुष्पेंद्रसिंह राणावत, पूर्व जिला परिषद सदस्य गुलाब चौधरी, पंचायत समिति सदस्य विक्रम इंदा व ग्राम पंचायत प्रशासक रेखा जणवा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और मेलों को लोकसंस्कृति और आपसी मेलझोल को बढ़ावा देने वाला बताया। अतिथियों का ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम चौधरी व पदाधिकारियों ने तिलक माला, साफा व प्रतीक चिन्ह से स्वागत किया।

### इन अतिथियों की रही मौजूदगी

लोक संस्कृति का अनूठा संगम इस मेले में पचास से अधिक रंग बिरंगे राजस्थानी परिधानों में सजे गेर नृत्य दलों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इन दलों ने सामूहिक नृत्यकर लोगों को रिझा दिया। ढोल-थाली की धुन पर नाचते इन दलों ने राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक पेश की। मेले में दिन भर नदी की तपती रेत पर गेर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विजेता दलों को पुरस्कृत किया गया।

### सुरक्षा और व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग

श्री सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट और प्रशासन ने मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत 150 पुलिसकर्मी तैनात किए थे। ट्रस्ट ने एहतियातन 50 निजी सुरक्षाकर्मी तैनात कर रखे थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सचिव महेश अखावत, कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रताराम, सहसचिव अशोक सिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार, सहित ट्रस्ट सदस्यगण छतरसिंह सोलंकी, खरताराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, रामलाल प्रजापत, कमलेश सोनी, खरताराम मेघवाल, रताराम चौधरी, दिनेश आदिवाल व रमेश चौधरी सहित ग्राम पंचायत प्रशासक रेखा जणवा ने सभी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की। मेले में डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट ने भोजन प्रसादी का इंतजाम किया था।

### मेले में सजे हाट, बाजार और विशाल झूले

इस मेले में विशाल झूले, खिलौने, वस्त्र, आभूषण, खाने पीने की सामग्री की सैकड़ों दुकानें सजीं। दूर-दराज से आए दुकानदार व हाथठेले वाले यहां अपनी दुकानें लगाकर रोजमर्रा उपयोग आने वाली वस्तुओं का व्यापार कर रहे थे। मेले में आइसक्रीम, जूस के अलावा राजस्थानी व्यंजनों का भी विशेष आकर्षण रहा, जहां मिर्ची बड़ा, दाल बाटी चूरमा, कचौरी और समोसा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन श्रद्धालुओं की पसंद बने।

### आमजन में जोरदार आस्था

मारवाड़ के लाखों परिवारों के आराध्य लोकदेवता सोनाणा खेतलाजी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। मान्यता है कि यहां संतान प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति के लिए जात दी जाती है और झड़ूला उतारे जाते हैं। इस मेले में बिना किसी जाति-धर्म के भेदभाव के सभी समाजों के लोग आस्था और श्रद्धा से शामिल होते हैं। मेले के सफल आयोजन के साथ ही द्वितीया की संध्या को गैर नृत्य दलों के पुरस्कार वितरण के साथ यह भव्य मेला संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने खेतलाजी के जयकारों के साथ विदाई ली और अगले वर्ष पुनः आने का संकल्प लिया।

सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम

# आईमाता के जयकारों से गूंजा गगन, फिंजा में गूंजी संग की थाप

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** फिंजा में गूंजती संग की थाप व घुंघरू की खनक, पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते गेरियों का उत्साह बढ़ाता विशाल जनसमूह कमोबेश कुछ ऐसा ही नजारा सोमवार को डांयलाना कंला स्थित जीजीवड़ आईमाता के मेले में देखने को मिला। सोमवार को माता के मंदिर प्रांगण में शक्तिदामिनी आईमाता की केशर जोत व दर्शनों के लिए आईमाता के भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। माता के दर्शनों के लिए उमड़े जनसैलाब के चलते कई मर्तबा व्यवस्था चरमरा गई। जिसे सीरवी नव युवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने संभाली। माताजी के दर्शनों के लिए अल सवेरे से ही समूचे अरावल व कांठा क्षेत्र से आईमाता के भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो गया। जो देखते-देखते समूचा धाम आईमाता के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर मेला प्रांगण में लगी मणिहारी व अन्य साजों-सामान की दुकानों पर जंहा ग्रामीणों ने अपनी क्षमतानुसार खरीददारी की गई। वहीं झूलों, चाट की दुकानों पर आईमाता के भक्तों ने जमकर लुत्फ उठाया।



### हर कदम पर शीतल पेयजल

मेले में आने वाले मैलाथियों को शीतल पेयजल पिलाने के लिए माता के भक्तों ने मेला प्रांगण से लेकर डांयलाना गांव तक दो किलोमीटर मार्ग तक हर कदम पर ठंडे पानी के मटके रख कर बुला-बुलाकर शीतल पेयजल पिलाया गया।

### भगवामय बना धाम

विक्रम संवत्सर के अवसर पर आईमाता धाम में लगे मेले व डांयलाना कंला कस्बें में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने केसरिया परचम ओम अंकित झण्डियां लगाकर वातावरण को भगवामय बना दिया गया।

# एक शाम चामुण्डा माताजी के नाम भजन संध्या तीन अप्रैल को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती गुड़ा अखेराज गांव में चामुंडा माताजी मंदिर प्रांगण में मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर एक शाम चामुण्डा माताजी के नाम भजन संध्या तीन अप्रैल को मारवाड़ जशन विधायक केसाराम चौधरी के मुख्य अतिथि व पिलोवनी सरपंच किशोरसिह राजपुरोहित, खिंवाड़ा सरपंच श्रीपाल वैष्णव के विशिष्ट अतिथि में आयोजित होगी। झुंझारजी उपासक खरताराम सोलंकी ने बताया कि उक्त भजन संध्या में मनीष हटेला, प्रभु माधव, हजारीमल, दीपक राठौड़, शंकरनाथ एंड पार्टी सहित एक दर्जन भजन कलाकार चामुंडा माताजी मंडित भजन प्रस्तुत करेगें।

# वन्यजीव अभ्यारण्य में आग का तांडव

▶▶ वन्यजीवों पर मंडराया खतरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी वन्यजीव अभ्यारण्य की पहाड़ियों में पिछले तीन दिनों से भीषण आग लगी हुई है, जिससे जंगल में रहने वाले कई वन्यजीवों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। यह आग कस्बे के नाल घाट से जुड़े बड़े पहाड़ों पर लगी है, जिसे दूर से ही ग्रामीण स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। हालांकि, वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं, लेकिन पहाड़ों के दुर्गम इलाकों में आग तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है। इस कारण वन विभाग के सामने यह आग बुझाना एक बड़ी



चुनौती बन गया है। आग को काबू में करने के लिए वन विभाग ने 15 सदस्यों की एक विशेष टीम गठित की है, जो लगातार प्रयासरत है। टीम का मुख्य लक्ष्य आग के फैलाव को रोकना है, क्योंकि जिस स्थान पर आग लगी हुई है, वहां तक इंसानों का पहुंचना लगभग असंभव है। ऐसे में टीम आग के नजदीकी क्षेत्रों में फैलाव को रोकने की रणनीति पर काम कर रही है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन आग बुझाने के अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं, ताकि जंगल और उसमें रहने वाले जीव-जंतुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अंबिका मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

■ पूजा-अर्चना के साथ महिलाएं कर रहीं भजन-कीर्तन

**सांडेराव।** स्थानीय नगर के अंबिका मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रा महोत्सव के तहत घट स्थापना के दूसरे दिन सोमवार को संत मनसुख हिरापुरी महाराज के पावन सानिध्य में वेद पंडितों एवं मंदिर के पुजारी द्वारा माताजी की प्रतिमा पर अभिषेक के बाद विशेष श्रृंगार कर फुलमालाओं से सजाकर पूजा अर्चना के बाद दुर्गा पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ और दुर्गा चालीसा किया गया। यहां माता के दर्शनों का लाभ लेने के लिए ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से कंचन बहन, उमा बहन, अखिल भारतीय



मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश शाह मेवाड़ा, रुपचंद मेवाड़ा, लालचंद गहलोत, प्रकाश मेवाड़ा, मुंडारा सहित दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण पहुंचें। यहीं सुआ कंवर एवं रेखा सैन एंड पार्टी की महिलाओं ने मां भवानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियों के साथ माताजी की झांकियों की प्रस्तुतियां पेश कर वातावरण को भक्ति मय बना दिया।

### कामवासना में फंसे व्यक्ति का ध्यान धर्म कार्यों में नहीं रहता : हिरापुरी

■ ज्योतिषाचार्य संत मनसुख हिरापुरी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने प्रवचनों में कहा कि जो व्यक्ति कामवासना में फंस जाता है फिर उसका ध्यान धर्म कार्यों में नहीं रहता। संत महात्माओं के पास साधना की शक्ति होती है। वे इस शक्ति से हमारे मन व हमारे भाव को समझ सकते हैं और नियंत्रित भी कर सकते हैं। क्रोधित व विचलित व्यक्ति भी संत मुनियों के प्रभाव में आने से शांत हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में लोग थोड़ी देर अकेले रहने से बोर हो जाते हैं ऐसे में उन्हें बता दें कि साधु, संत कभी बोर नहीं होते। वे हमेशा साधना में लीन रहते हैं। चैत्रीय नवरात्रा का यह समय यह आत्ममंथन करने का समय है कि हमें अपने जीवन में क्या-क्या परिवर्तन लाना है किसी प्रकार भक्ति व धर्म से जुड़ा है, इस पर विचार करना चाहिए

# खुदा की इबादत में झुके हजारों सिर



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां ईदगाह में पेश इमाम की अगुवाई में ईद की विशेष नमाज अदा की गई।

इस अवसर पर बाली क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। जहां सभी ने एक साथ अल्लाह की इबादत की। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

### मुस्लिम समुदाय ने मनाया ईद-उल-फितर

ईदगाह में श्रद्धालुओं ने खुदा की बारगाह में सिर झुकाकर देश में खुशहाली और शांति की दुआ मांगी। इस पवित्र अवसर पर समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी दिया गया। वहीं घरों में मिठाइयां बनाई गई। ईद को लेकर बाजारों में चहल पहल रही।

### नाडोल में ईद- उल- फितर की नमाज़ अदा की

**नाडोल।** कस्बे में मुस्लिम समाज समुदाय द्वारा चांद नजर आने पर खुशी की लहर छा गई साथ ही माह रमजान रुखसत हुआ एक दूसरे के गले मिल मुबारक बाद पेश की। इस अवसर मौलाना मोहम्मद नफीस हैदरी ने ईदगाह में नमाज़ अदा करवाई व अपनी तकदीर पेश की। घरों में सवैया व खीर बनाकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। यह ईद भाईचारे व आपसी सौहार्द पूर्ण की मिसाल पेश करती है। इस अवसर मुस्लिम समाज द्वारा चन्द्रवीरसिंह एसआई, भैरुसिंह बीट आफिसर व कान्स्टेबल प्रकाश कुमार का माल्यार्पण व साफा पहनाकर कर किया। पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाएं रखने में सराहनीय योगदान दिया। ईद के अवसर पर उप सरपंच भवानी सिंह, समाज सेवी रमेश वैष्णव राम ढाणी, केके शाह, सांवलदास वैष्णव वरिष्ठ नागरिक, किस्तुरचंद, मदनसिंह खाद्य ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ सभी ने ईद की मुबारकबाद दी ।



# ईद-उल-फितर मनाया

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे के नूरानी मस्जिद में मुस्लिम समुदाय द्वारा भीतर ईद उल-फितर नमाज अदा की गई। मौलाना गुलाम नबी ने क्षेत्र व देश में अमन चैन की दुआ कर खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व सदर सत्तार मोहम्मद, बाबू छीपा, मुस्ताक खान मेवीं, रफीक खान, राजू आदि उपस्थित थे। इस मौके पर स्थानीय पुलिस प्रशासन मुश्तैदी के साथ तैनात रहा।

# रायपुर में ईद-उल-फितर पर सामूहिक नमाज अदा

**रायपुर मारवाड़।** रायपुर मारवाड़ के उपखंड में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। ईदगाह और शहर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विशेष नमाज अदा की। शहर मस्जिद के मौलाना ने ईदगाह में नमाज अदा करवाई। उपखंड के सभी गांवों की मस्जिदों में भी मौलानाओं के नेतृत्व में नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान विश्व शांति और समृद्धि के लिए दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगरपालिका के जनप्रतिनिधि भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समाज को शुभकामनाएं दीं। पूर्व सेक्रेटरी महरूम मोहम्मद शब्बीर जरगर के परिवार में भी ईद का जश्न मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

# देसूरी में हर्षोल्लास से मनाई गई ईद-उल-फितर



**देसूरी।** मुस्लिम समुदाय ने सोमवार को ईद उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया। सुबह से ही ईद की रौनक मस्जिदों और घरों में दिखाई देने लगी। समुदाय के लोग जामा मस्जिद पहुंचे, जहां से पेश ईमाम को घोड़े पर बैठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया। यह जुलूस ईदगाह स्थल तक पहुंचा, जहां पेश ईमाम ने अकीदत के साथ नमाज अदा कराई और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। ईद की नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और खुशियां बांटी। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। घरों में सिवइयां, मिठाइयां और पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। बाजारों में भी ईद की चहल-पहल रही। गौरतलब है कि ईद उल-फितर इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जो रमजान के पाक महीने के बाद शव्वाल की पहली तारीख को मनाया जाता है। इस वर्ष शव्वाल का चांद 30 मार्च की रात नजर आया, जिसके चलते 31 मार्च को ईद मनाई गई।

# फतेश्वर महादेव भजन संध्या में झूमें भक्त

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती केशरगढ गांव स्थित फतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार रात को आयोजित एक शाम फतेश्वर महादेव के नाम रविवार शाम को आयोजित भजन संध्या में शिव भक्तों ने देर रात तक गोते लगाए। अनिता जांगीड़ ने गणपति वंदना के साथ भजन संध्या का आगाज किया। तत्पश्चात जांगीड़ एंड पार्टी सहित विभिन्न भजन गायकों ने शिव मंडित भजनों पर शिव भक्त झूमने लग गए। इस मौके पर संत प्रेमनाथ महाराज मठ मुण्डारा, रानी कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन गिरधारीसिंह मेड़तिया, डा.मुकेश भाटी, ताराचंद्र सीरवी, सुरेश माली नाडोल सहित कई लोग उपस्थित थे।



# खेत में तारबंदी को तोड़कर महिला के साथ धक्का-मुक्की

**खिंवाड़ा।** स्थानीय पुलिस थाने में एक महिला के उसके खेत पर अवैध कब्जा करने की नियत से दो जनो सहित सात जनो पर खेत में लगी तारबंदी को जेसीबी से तोङते हुए मारपीट कर लज्जा भंग करने का एक मामला दर्ज हुआ हैं।खिंवाङा थानाधिकारी मनमंथ आढ़ा ने बताया कि खिंवाङा निवासी श्रीमती कैसी पत्नी स्वर्गीय देवाराम घांची ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाकर बताया कि खिंवाङा कस्बें के वणदार मार्ग के समीप उसकी खातेदारी भूमि पर कॉलानी बसाने के नाम पर अवैध रूप से कब्जा करने की नियत से खिंवाङा निवासी श्रीपाल वैष्णव,प्रवीण मालवीय सहित सात जने जेसीबी लेकर आए।मेरे साथ मारपीट करते हुए जेसीबी से खेत में लगी तारबंदी को तोड़कर कब्जा कर लिया गया। खिंवाङा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**टी.एम.आर.बी. आंबेडकर (नायगांव) प्रसुति गृह**
**नं. एचओ/1053/एनएमएच दि. 27.03.2025**

**ई-निविदा सूचना**

आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बी.एम.सी.) द्वारा पात्र बोलीदारों से निम्न कार्यों हेतु थाली आधार पर ई-टेंडर आमंत्रित है। बोली प्रारंभ की दिनांक व समय एवं बोली समापन की दिनांक व समय निविदा सेक्शन अंतर्गत एमसीजीएम वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना में अंकित है।

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2025-एमसीजीएम-1165846-1 |
| विभाग | लोक स्वास्थ्य विभाग |
| उप विभाग | टी.एम.आर.बी. आंबेडकर (नायगांव) प्रसुति गृह |
| विषय | इंडोर पेशंट्स हेतु प्रातः काल में नाश्ता एवं दो समय तैयार पकाया हुआ खाने की आपूर्ति। |
| ई-निविदा विक्रय | दि. 01.04.2025 को 11.00 बजे से<br>दि. 09.04.2025 को 15.00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम | डॉ. कविता सालवे, चिकित्सा अधिकारी,<br>टी.एम.आर.बी. आंबेडकर (नायगांव) प्रसुति गृह |
| संपर्क क्र. | 9820996275, 022-24130433 |
| ई-मेल पता | naigaonmaternitymo@gmail.com |

निविदा की अधिक जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकार महापालिका http://portal.mcgm.gov.in वेबसाइट देखें।
निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

हस्ता./-
चिकित्सा अधिकारी
टी.एम.आर.बी. आंबेडकर (नायगांव) प्रसुति गृह

PRO/2949/ADV/2024-25

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव-निवेश उत्सव

# राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ निवेश स्थल बनाने किए दूरगामी निर्णय : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता, सुशासन और नीतिगत सुधारों के माध्यम से राजस्थान को देश का सर्वश्रेष्ठ निवेश स्थल बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हस्ताक्षरित हुए निवेश प्रस्तावों में से 3 लाख करोड़ रुपए के एमओयू की आज ग्राउण्ड ब्रेकिंग की गई है। उन्होंने आह्वान किया कि उद्योगपति अपने निवेश, युवा अपनी प्रतिभा तथा किसान अपनी मेहनत से ऐसे राजस्थान का निर्माण करें, जो न केवल भारत का गौरव बने, बल्कि विश्व में अपनी पहचान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हमारी सरकार इस साल 11 और 12 दिसंबर को दो दिवसीय राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन भी करेगी।



- 2030 तक राज्य बनेगा 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था
- ऑनलाइन इन्वेस्टर इंटरफेस का मोबाइल ऐप लॉन्च
- 11-12 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव




### तीन लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावित

शर्मा ने कहा कि आज का निवेश उत्सव एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन इम्पैक्ट 1.0 (इम्पैक्ट वन प्वाइंट ओ) पर केंद्रित है, जो राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत किए गए एमओयू को धरातल पर उतारने के हमारे प्रयासों को दर्शाता है।

### राज्य में उद्योग की अपार संभावनाएं : राठौड़

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने राज्य को आर्थिक मजबूती देने के लिए अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया था। यह निर्णय मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं दूरदर्शिता का परिचायक है।

### डायरेक्ट एलॉटमेंट पॉलिसी

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए डायरेक्ट लैंड एलॉटमेंट पॉलिसी लॉन्च की जिसमें उन सभी एमओयू धारकों को शामिल किया गया जिन्होंने राइजिंग राजस्थान के तहत सरकार के साथ 15 मार्च तक एमओयू निष्पादित किए। निवेशकों के उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष आवंटन नीति 16 मार्च से 30 अप्रैल तक निष्पादित होने वाले सभी नए एमओयू पर भी लागू किए जाने की घोषणा की।

### विकसित भारत-विकसित राजस्थान

- शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत 2047' का जो विजन रखा है, वह केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी आत्मनिर्भरता, समृद्धि और वैश्विक नेतृत्व के प्रति दृढ़ संकल्प है। इसी विजन को आधार बनाकर हम राजस्थान में 'विकसित राजस्थान 2047' का सपना देख रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम वर्ष 2030 तक राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाएं।



### राजस्थान वस्त्र एवं परिधान नीति-2025 का विमोचन

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन इन्वेस्टर इंटरफेस का मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया है, जिससे संबंधित निवेशक मोबाइल पर ही अपने-अपने प्रस्तावों के क्रियान्वयन की प्रगति को ट्रैक कर सकेंगे, अपने सवालों का जवाब पा सकेंगे और अधिकारियों से और भी आसानी से जुड़ सकेंगे। साथ ही, उन्होंने राजस्थान लॉजिस्टिक नीति-2025, राजस्थान डाटा सेंटर नीति-2025 और राजस्थान वस्त्र एवं परिधान नीति-2025 का भी विमोचन किया।

# नागपुर में स्थापित करें वैदिक गणित गुणवत्ता केंद्र : फडणवीस

- सरकार से पूर्ण सहयोग का आश्वासन
- वैदिक गणित के खंडों का प्रकाशन




**नागपुर।** भारत में विकसित विभिन्न शास्त्रों की नींव गणित पर आधारित है। वैदिक गणित के खंडों के माध्यम से यह ज्ञान समाज के समक्ष नए रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। वैदिक गणित का महत्व और उपयोग आगामी पीढ़ियों तक पहुंचना आवश्यक है। सीएम फडणवीस ने कहा कि भारती कृष्ण विद्या विहार में वैदिक गणित का गुणवत्ता केंद्र स्थापित किया जाए, सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। विश्व पुनर्निर्माण संघ द्वारा संचालित भारती कृष्ण विद्या विहार विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के हस्ते और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रमुख उपस्थिति में आदि शंकराचार्य कृष्ण तीर्थ महाराज द्वारा लिखित वैदिक गणित के दो खंडों का प्रकाशन हुआ। इस अवसर पर विश्व पुनर्निर्माण संघ के अध्यक्ष प्रफुल्लकुमार काले, सरचिटणीस शैलेश जोगळेकर, और संचालक मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित थे। आज विश्व में आध्यात्मिकता पर आधारित अनेक परिवर्तन और पुनर्निर्माण हो रहे हैं, जिनमें वैदिक गणित भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह गणित संपूर्ण विश्व को सुखी और समृद्ध बनाने में योगदान दे सकता है। उन्होंने सांख्यदर्शन, वक्ररचना निर्देशांक, नल-दमयंती आख्यान, महाभारत आदि के उदाहरण देते हुए गणित के महत्व को स्पष्ट किया।

### प्राचीन भारतीय संस्कृति में शास्त्रों का विकास

- फडणवीस ने कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में कई महत्वपूर्ण शास्त्र विकसित हुए हैं, लेकिन विदेशी आक्रमणों के कारण इन शास्त्रों का ज्ञान सभी तक नहीं पहुंच पाया। आदि शंकराचार्य कृष्ण तीर्थ महाराज ने वेद ऋचाओं का अध्ययन कर संपूर्ण गणित को सरल पद्धति से वैदिक गणित खंडों में प्रस्तुत किया है।

### वैदिक गणित महत्वपूर्ण संपदा

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की कक्षा 5वीं से 7वीं के पाठ्यक्रम में इस पुस्तक को शामिल किया गया है। खंडों के माध्यम से शंकराचार्य ने वेदों में निहित ज्ञान को उजागर किया है। वैदिक गणित भारत की महत्वपूर्ण और विशाल ज्ञान संपदा है, जिसके संरक्षण और संवर्धन के लिए भारती कृष्ण विद्या विहार में गुणवत्ता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए।

### भारतीय परंपरा में विश्व कल्याण

- मुख्यमंत्री फडणवीस ने आश्वासन दिया कि शिक्षा विभाग वैदिक गणित को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए सकारात्मक विचार करेगा। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि मानवीय जीवन में गणना और आंकड़ों का अत्यधिक महत्व है। प्राचीन भारतीय परंपरा से प्राप्त वैदिक गणित का विचार विश्व कल्याण के लिए है।

रामदेव जी के भजन : भक्ति संध्या में उमड़ा जनसैलाब

# दयाराम महाराज का लोढ़ा ने लिया आशीर्वाद



**प्रवासियों ने साफा पहनाकर किया बहुमान**

**सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स**

**मुंबई।** सात रास्ता स्थित ओरम हाइट्स में रविवार को एक दिव्य और भव्य "एक शाम श्री रामदेव जी के नाम" भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें महंत श्री दयाराम महाराज के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रामदेवजी के प्रति आस्था, संस्कृति और समाज को एक सूत्र में पिरोना रहा। भजन संध्या का आयोजन मेघाराम प्रागाजी चौधरी (इटादा) की ओर से किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा उपस्थित रहे। लोढ़ा ने दयाराम जी महाराज का आशीर्वाद लिया,उसके बाद बाबूलाल चौधरी इटाडा ने लोढ़ा का राजस्थानी साफा पहनाकर बहुमान किया। इनके साथ राजस्थान से आए पूर्व विधायक भीनमाल पुराराम चौधरी, भाजपा राजस्थान सेल के अध्यक्ष नरेंद्र भंडारी, मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, नवाराम पुरोहित खिरोड़ी, नरसीराम चौधरी धुंबड़िया, नरेंद्र चौधरी, नरसीराम डभाल, धुखसिंह कारोला,शायरपूरी भीनमाल, मोहनलाल वाली,फूलचंद तातड़ा, भेराराम वाली, डायालाल भूरिया, परखाराम चौधरी, भावाराम चौधरी, सरेमल इटाड़ा, राहुल जेरण, मोहनलाल पालड़ी, ईश्वरलाल परिहार, जोइताराम चौधरी, थानाराम चौधरी, श्याम चौधरी, रमेश वाटेरा, गणेश आंजना, सावलाराम पटेल,इराराम इटाडा, अर्जुनपुरी, जबसा R.वाटेरा,राजूराम राउता, समेत समाज के कई गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में रामदेव भक्तों ने भाग लिया। भजन संध्या में राजस्थान के लोकगायक कलाकारों ने रामदेव जी के भजनों से समा बांध दिया। जयकारों और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे।



### राजपुरोहित समाज ने भी किया संत दयाराम जी महाराज का सत्कार

महंत दयाराम महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि "रामदेव जी महाराज केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव का भी संदेश देते हैं।" उन्होंने सभी को धर्म, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इस आयोजन ने प्रवासी राजस्थानी समाज को एक साथ जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का कार्य किया। आयोजन की भव्यता,अनुशासन और श्रद्धा ने यह सिद्ध कर दिया कि भक्ति जब संगठित होती हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती हैं।

ठाणे : राजस्थान दिवस महोत्सव आयोजित

# राजस्थान-महाराष्ट्र की संस्कृति का मिलन ऐतिहासिक संगम : शिंदे

**दिनेश चंद्र रावल/ जागरूक टाइम्स**

**ठाणे। राजस्थान विकास मंच, महाराष्ट्र द्वारा 'राजस्थान दिवस' के अवसर पर ठाणे में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान और महाराष्ट्र की संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज की वीरता को नमन करते हुए हिंदुत्व की रक्षा में चेतक घोड़े जैसी तेज गति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने राजस्थान और महाराष्ट्र की संस्कृति के मिलन को एक ऐतिहासिक संगम बताते हुए कहा, आने वाले नगर निगम के चुनाव में राजस्थानी समाज को प्राथमिकता दी जाएगी और कम से कम पांच पार्षद मनपा में राजस्थानी समाज से पहुंचेंगे। ऐसा आश्वासन दिया है। राजस्थान के व्यापारी न केवल महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं बल्कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी यहां जीवंत रखते हैं। महाराष्ट्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर प्रवासी राजस्थानी को यहां पूर्ण सुरक्षा मिले और वे निर्भीक होकर अपने व्यापार और सांस्कृतिक गतिविधियों में योगदान दे सकें। स्थानीय विधायक संजय केलकर ने राजस्थान और महाराष्ट्र की वीर गाथाओं को याद करते हुए कहा कि वीरों की धरती राजस्थान और महाराष्ट्र की परंपराएं हमेशा से एक-दूसरे की पूरक रही हैं। व्यापार, संस्कृति और परिश्रम में दोनों राज्यों के लोगों की समानता इस बात का प्रमाण हैं कि एकता में ही शक्ति है।**





- राजस्थान विकास मंच, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित 'राजस्थान दिवस'
- कार्यक्रम में दिखा राजस्थान-महाराष्ट्र की संस्कृति का अद्भुत संगम

### कार्यक्रम की भव्यता और सांस्कृतिक प्रस्तुति

- इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिसमें मारवाड़ी लोकगीतों, नृत्य और पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया गया। जाने-माने कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी, जिससे दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल पर राजस्थान के पारंपरिक व्यंजनों का भी आयोजन किया गया, जिसने इसे और भी यादगार बना दिया।

### राजस्थान दिवस पर एकता और गौरव का संदेश

- राजस्थान विकास मंच, महाराष्ट्र के इस आयोजन ने न केवल राजस्थानियों को एक साथ जोड़ने का कार्य किया, बल्कि यह भी दिखाया कि अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए प्रवासी समुदाय कैसे अपने नए परिवेश में समृद्धि और सम्मान प्राप्त कर सकता हैं। इस कार्यक्रम की सफलता ने यह साबित किया कि महाराष्ट्र और राजस्थान के बीच ऐतिहासिक संबंधों की डोर आज भी उतनी ही मजबूत हैं, जितनी वर्षों पहले थी।

### शिवाजी को जन्म देने वाली भूमि को प्रणाम : झाबर सिंह खर्रा

- राजस्थान के कैबिनेट मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने अपने संबोधन में छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे वीर योद्धा को जन्म देने वाली भूमि का सम्मान किया और कहा कि राजस्थान से आकर महाराष्ट्र को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले व्यापारी और उद्यमी समाज को देश के आर्थिक और व्यापारिक परिदृश्य में एक अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। राजस्थान के लोग अपनी मेहनत, व्यापार कुशलता और बुद्धिमत्ता के बल पर देश की आजादी के सौ वर्ष पूरे होने से पहले भारत को विश्व की सबसे समृद्ध और शक्तिशाली अर्थव्यवस्था बना सकते हैं।

### विशिष्ट सदस्यों की रही मौजूदगी

- इस अवसर पर भामाशाह गणपत कोठारी, ईटर मोबाइल एसेसरीज कंपनी के एमडी करनाराम माली, पंचायत समिति सदस्य फूलचंद पुरोहित, समाजसेविका अनु राजपुरोहित, वीणा राजपुरोहित, भावेश देवासी, गोविंद सरतरा, ईश्वर सेन, उत्तम बाफना, भेराराम पुरोहित, ललित पुरोहित, जोधाराम समेत हजारों राजस्थानी प्रवासी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# टोंक में ईद की नमाज के बाद हंगामा



- पुलिस और स्थानीय लोगों में बहस
- हाईवे किया जाम, स्थिति नियंत्रण में

**टोंक।** ईद खुशियों और भाईचारे का त्योहार है लेकिन इस बार राजस्थान के टोंक में नमाज के बाद माहौल गर्मा गया। जुलूस निकालने की मांग पर पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बहस हो गई। नारेबाजी बढ़ी, हाईवे जाम हो गया लेकिन प्रशासन की सूझबूझ से स्थिति काबू में आई। ईद का त्योहार खुशियों और भाईचारे का प्रतीक होता है, लेकिन राजस्थान के टोंक जिले में इस बार ईद की नमाज के बाद माहौल गर्मा गया। नमाज के बाद जब कुछ लोगों ने जुलूस निकालने की मांग की, तो पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी। देखते ही देखते बहस बढ़ गई, नारेबाजी तेज हो गई और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। एक तरफ लोग अपनी परंपराओं का सम्मान चाहते थे, तो दूसरी तरफ पुलिस नियमों का पालन कराने पर अड़ी थी। थोड़ी देर के लिए हालात तनावपूर्ण हो गए, लेकिन प्रशासन की सूझबूझ से मामला शांत कराया गया। राजस्थान के टोंक जिले में सोमवार को ईद की नमाज के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस हो गई। ईद की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग ट्रक स्टैंड चौराहे पर जुलूस निकालने की मांग कर रहे थे।

# मुफ्त की सफारी के लालच ने पहुंचाया हवालात

**जयपुर।** राजस्थान के रणथंभौर बाघ अभ्यारण्य में मुफ्त की सफारी करने के लालच में एक व्यक्ति हवालात पहुंच गया। दरअसल, सोमवार की सुबह अशोक जैन नाम का एक शख्स रणथंभौर पहुंचा। वह अपने साथ एक लेटर हेड लेकर आया था जो एमपी के मुख्यमंत्री का बताया गया। इस लेटर हेड पर फ्री में जिप्सी देने की सिफारिश की गई थी। लेकिन व्यक्ति के हाव-भाव से वन विभाग के अफसरों को शक हुआ। इस पर उस व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह लेटर हेड फर्जी है। इस व्यक्ति का नाम अशोक जैन बताया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने पूछताछ के बाद इसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में इसे सवाई माधोपुर कोतवाली के सुपुर्द कर दिया गया। अब पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि यह व्यक्ति फर्जी लेटर हेड आखिर कहां से लाया। इस तरह के लेटर हेड का यह कहां-कहां इस्तेमाल कर रहा था और इसके साथ कौन-कौन लोग शामिल हैं। सवाई माधोपुर बाघ अभ्यारण्य में बाघों को देखने के लिए बड़ी संख्या में टूरिस्ट आते हैं।



# राजस्थान दिवसः सूरत में 11 महिलाओं ने किया घूमर नृत्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार/सिरोही।** गुजरात के सूरत में राजस्थान दिवस पर घूमर नृत्य कार्यक्रम हुआ। समाजसेवी दिनेश कुमार मोदी ने बताया कि सूरत में प्रवासियों ने राजस्थान दिवस के अवसर पर राजस्थान युवा संघ सूरत (गुजराती मारवाड़ी समाज) की ओर से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। गुजरात महासंगम सूरत-2025 समारोह में 11 हजार माताओं-बहनों की ओर से किए ऐतिहासिक घूमर नृत्य का साक्षी बना। यह भव्य और ऐतिहासिक घूमर नृत्य गिनीज बुक ऑफ रिकॉड में वर्ल्ड रेकर्ड बना। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि गुजरात की पावन धरा पर राजस्थान की सांस्कृतिक सुगंध से अभिभूत हूं। हमारी संस्कृति ही हमारी विरासत है।

जेलकर्मियों को ऑफर

# जेल में मोबाइल-गांजा पकड़वाओ, इनाम और प्रमोशन पाओ



### सख्ती के बावजूद जेलों में फोन

- पिछले कुछ समय से जेलों में मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं मिल रही हैं। सरकार अब जेल कर्मचारियों को ही निगरानी तंत्र का हिस्सा बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। यह फैसला जेलों में अनुशासन और अपराधियों की अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### तीन जेल प्रहरियों पर गिरी गाज

- जेल में कैदियों को प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाने के मामले में दो जेल प्रहरियों को बर्खास्त कर दिया गया और एक जेल प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया। जीआईजी जेल मोनिका अग्रवाल ने मीडिया को बताया कि उदयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी प्रभनलाल और जयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी संजय कुमार को बर्खास्त कर दिया गया।

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जेलों में बढ़ती अवैध गतिविधियों और प्रतिबंधित सामानों की समस्या से निपटने के लिए नई निगरानी व्यवस्था लागू की है। जेल प्रशासन ने फैसला किया है कि गोपनीय रूप से महत्वपूर्ण सूचनाएं देने वाले प्रहरी और मुख्य प्रहरी को विशेष इनाम और प्रमोशन का लाभ दिया जाएगा। डीजी जेल गोविंद गुप्ता आदेश जारी किया है। गुप्ता ने आदेश में स्पष्ट किया है कि जेलों में मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की घुसपैठ रोकने के लिए विशेष निगरानी बढ़ाई जाएगी। प्रहरी और अन्य जेल कर्मचारी अगर अवैध गतिविधियों की सही सूचना देते हैं, और उससे प्रभावी कार्रवाई होती है, तो उन्हें प्रमोशन और अन्य विशेष लाभ दिए जाएंगे।

# कैथोलिक बिशप्स काउंसिल का वक्फ बिल को समर्थन

**तुरुवनंतपुरम।** केरल के कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल को समर्थन दिया है। केसीबीसी सांसदों से इस बिल के पक्ष में मतदान करने की मांग की है। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक पर पूरे देश में चर्चा जारी है। केरला कैथोलिक बिशप्स काउंसिल ने वक्फ बिल को समर्थन दिया है और सांसदों से बिल के पक्ष में वोट देने की अपील की है।




### केसीबीसी की अपील

केरला कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) ने वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 को समर्थन देते हुए, राज्य के सांसदों से आग्रह किया है कि विधेयक चर्चा वे इसके पक्ष में मतदान करें। प्रेस विज्ञप्ति में, केसीबीसी ने वक्फ अधिनियम की "असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण धाराओं" में संशोधन की मांग की है।

### वक्फ बोर्ड ने किया 404 एकड़ भूमि पर दावा

- केसीबीसी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में मुनंबन भूमि विवाद का उल्लेख किया गया है जिसमें केरला राज्य वक्फ बोर्ड ने केरला के एर्नाकुलम जिले के मुनंबम उपनगर में लगभग 404 एकड़ भूमि पर दावा किया है। इस दावे का भूमि पर रहने वाले 600 परिवारों ने विरोध किया, जिनमें मुख्य रूप से लैटिन कैथोलिक समुदाय के ईसाई और पिछड़े वर्गों के हिंदू शामिल थे। परिवारों ने इस बात पर जोर दिया कि भूमि पर कानूनी अधिकार उनके पास है, क्योंकि उन्होंने इसे दशकों पहले फारूक कॉलेज से खरीदा था।

# गदर काटेगी लखनऊ !



■ पंजाब की तरफ से प्रभसिमरन सिंह एक बार फिर बल्लेबाजी की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें विदेशी खिलाड़ी जोश इंग्लिस उनका साथ देने के लिए आ सकते हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं, क्योंकि पिछले मैच में उन्होंने नंबर तीन पर आकर धुंआधार पारी खेली थी और नाबाद 97 रन बनाए थे। ग्लेन मैक्सवेल चौथे नंबर पर तो शशांक सिंह पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं।

## इकाना स्टेडियम में पंजाब और एलएसजी के बीच होगा मुकाबला

लखनऊ। आईपीएल 2025 का कारवां दूसरे हफ्ते में पहुंच गया है। टूर्नामेंट में अब तक 12 मुकाबले खेले जा चुके हैं और सभी के नतीजें काफी चौंकाने वाले रहे हैं। इस सीजन में धाकड़ दिख रही हैदराबाद और मुंबई की टीम जहां दो लगातार मुकाबले हार गई हैं तो वहीं दिल्ली और आरसीबी ने अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं अब 1 अप्रैल को आईपीएल 2025 का 13वां मुकाबला पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने अपना पिछला मुकाबला जीता है। लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब के बीच ये मैच, शाम 7.30 बजे लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। वैसे देखा जाए तो लखनऊ का पलड़ा भारी दिख रहा है यहां बल्लेबाजों और गेंदबाजों का रहेगा बोलबाला। निकोलस पूरन, मिचेल मार्श और डेविड मिलर जैसे धाकड़ बल्लेबाजी लाइनअप से सजी लखनऊ की बल्लेबाजी कागजों में बेहद मजबूत दिख रही है।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

दोनों टीमों के हेड टू हेड आंकड़े की बात की जाए तो इसमें लखनऊ की टीम काफी आगे नजर आती है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और पंजाब के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक 4 मुकाबले हुए हैं, जिनमें पंजाब ने 1 और एलएसजी ने 3 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो लखनऊ का हाईएस्ट स्कोर 257 और पंजाब का 201 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं इन मुकाबलों में पंजाब का लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सबसे कम स्कोर 133 रन है।

### पिच रिपोर्ट

लखनऊ का इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच गेंदबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। इकाना स्टेडियम की पिच की पिछले आईपीएल सीजन काफी अलोचना हुई थी। यहां रन बिल्कुल ही नहीं बन रहे थे। ऐसे में इस आईपीएल में इकाना पर शायद ही बड़े स्कोर देखने को मिले। लखनऊ और पंजाब के बीच होने वाले मैच में गेंदबाजों का ही बोलबाला देखने को मिल सकता है ।यहां अब तक कुल 14 मैच खेले गए है।

### लखनऊ की संभावित प्लेइंग टीम

एडेन मार्कराम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), डेविड मिलर, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई ।इम्पैक्ट प्लेयर – मणिमरण सिद्धार्थ। पिछले मुकाबले की तरह इस मैच में भी एडेन मार्कराम और मिचेल मार्श ओपनिंग के लिए आ सकते हैं। तीन नंबर पर पूरन बल्लेबाजी के लिए आएंगे।

### पंजाब की संभावित प्लेइंग टीम

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, शशांक सिंह, नेहल वढेरा, मार्को जानसन, हरप्रीत बरार, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल। लॉकी फर्ग्यूसन और ओमरज़ाई इम्पैक्ट प्लेयर होंगे।

# 15 ट्रॉफी जीतने वाली टीमें टॉप 5 से बाहर



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का पॉइंट्स टेबल भी पहले 11 मैचों के बाद दिलचस्प दिख रहा है। 10 टीमों के क्रिकेट दंगल में यहां जिनके नाम पर आईपीएल की 15 ट्रॉफी हैं, वो टॉप 5 से बाहर हैं। वही 1 खिताब जीतने वाली टीमें इस बार प्लेऑफ की रेस में आगे हैं। आप सोच रहे होंगे कि हम ये क्या बात कर रहे हैं? आईपीएल में अब तक तो 15 ट्रॉफी किसी ने जीती ही नहीं? बेशक ऐसा ही है। लेकिन हम 15 ट्रॉफी जीतने वाली किसी एक टीम की नहीं बल्कि उन 5 टीमों की बात कर रहे हैं जिन्होंने मिलकर आईपीएल के 15 खिताब जीते हैं। आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल के टॉप 5 से वो सब बाहर हैं। अब सवाल है कि फिर टॉप 5 में कौन-कौन हैं? तो वो 5 टीमें जिनके नाम पर कुल मिलाकर अब तक सिर्फ 1 आईपीएल ट्रॉफी दर्ज है। 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले मैच के बाद भी आईपीएल की पॉइंट्स टेबल की टॉप की पोजिशन में कुछ नहीं बदला है। अब तक खेले अपने दोनों मैच जीतने वाली आरसीबी वहां अब भी टॉप पर है। दूसरे नंबर पर मौजूद दिल्ली कैपिटल्स ने भी अपने दोनों मैच जीते हैं, मगर उसका रन रेट आरसीबी से कम है। लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस ने अब तक खेले अपने 2 मैच में से एक जीते और एक हारे हैं। लेकिन, बेहतर रन रेट के चलते लखनऊ नंबर 3 पर है। जबकि गुजरात की टीम चौथे स्थान पर है। पॉइंट्स टेबल में 5वां स्थान पंजाब किंग्स का है, जिसने सीजन में अब तक खेला अपना पहला मैच जीत लिया है। अब अगर आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल में मौजूद टॉप की 5 टीमों पर नजर दौड़ाएं तो उनके नाम पर सबका मिलाकर कुल 1 आईपीएल खिताब है। गुजरात टाइटंस ने 2022 के आईपीएल में वो खिताब जीता था।

आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल में जो टीमें नीचे के पांच पायदानों पर हैं, उनके नाम पर कुल 15 खिताब हैं। 3 आईपीएल टॉफी जीत चुकी कोलकाता नाइट राइडर्स अब तक खेले 2 मैचों में 1 जीत और 1 हार के साथ छठे नंबर पर है। 5 आईपीएल ट्रॉफी जीत चुकी सीएसके की हालत थोड़ी खराब है। उसने अब तक खेले 3 मैचों में 2 गंवा दिए हैं और वो 7वें नंबर पर है। 1 बार आईपीएल चैंपियन बन चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने भी 3 मैच में सिर्फ 1 ही जीते हैं और वो पॉइंट्स टेबल में फिलहाल 8वें नंबर पर है। आईपीएल 2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल में 3 मैच खेलने के बाद 9वें नंबर पर है। जबकि 5 बार की आईपीएल विजेता रह चुकी मुंबई इंडियंस फिलहाल आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर है। उसने अबतक खेले अपने दोनों मैच हारे हैं।



# रियान पराग पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर स्लो ओवर रेट को लेकर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल 2025 में स्लो ओवर रेट का दोषी पाए जाने वाले रियान पराग दूसरे कप्तान हैं। उनसे पहले इसे लेकर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी जुर्माना लग चुका है। सीएसके के खिलाफ राजस्थान ने 6 रन से जीत दर्ज की, जिसके बाद उसके कप्तान रियान पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा। ये वो रकम है जो स्लो ओवर रेट का दोषी पाए जाने पर आईपीएल टीमों के कप्तानों को देने होते हैं। आईपीएल की ओर से कहा गया कि चूंकि स्लो ओवर रेट से जुड़ी ये रियान पराग की टीम की पहली गलती है, इसलिए आईपीएल कोड़ ऑफ कंडक्ट की धारा 2.22 के तहत उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रियान पराग से पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले मैच में स्लो ओवर रेट को लेकर जुर्माना लग चुका है। उस मैच में उन्होंने एक मैच का बैन झेलकर वापसी की थी। वो बैन भी उन पर स्लो ओवर रेट को लेकर ही लगा था। दरअसल, सीजन में अगर किसी कप्तान को 3 बार स्लो ओवर रेट का दोषी पाया जाता है तो उस पर एक मैच का बैन लगाया जाता है। रियान पराग की बात करें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों चली। जिस तरह से धोनी के लिए उन्होंने स्पिनर्स के ओवर बचाकर रखे, उस फैसले की जमकर सराहना हुई।

# पठान को दोस्त भी नहीं दिला सका नौकरी



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए एक बड़े कमेंट्री पैनल का ऐलान किया गया था। लेकिन ब्रॉडकास्टर्स ने इस बार टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान को इसमें शामिल नहीं किया। वह पिछले कई सालों से बतौर कमेंटेटर हर बड़े क्रिकेट इवेंट में नजर आते रहे हैं। इसके बावजूद उनका नाम लिस्ट में नहीं होने से सभी को हैरानी हुई। ऐसा दावा किया गया कि कुछ खिलाड़ियों ने उनकी कमेंट्री को लेकर शिकायत की थी। साथ ही, यह भी आरोप लगाया गया कि इरफान उन पर निजी हमले कर रहे थे। अब उनके बारे में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें पैनल से बाहर किए जाने की बात पहले ही पता चल गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने इसमें बने रहने की भरपूर कोशिश की, लेकिन वह असफल रहे।'माई खेल' की रिपोर्ट के अनुसार, इरफान पठान आईपीएल कमेंट्री पैनल में अपनी जगह बचाने की लगातार कोशिश कर रहे थे।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बिगड़ा मामला

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इरफान पठान के कुछ खिलाड़ियों के साथ संबंध अच्छे नहीं थे, और यह उनकी कमेंट्री और ऑनलाइन पोस्ट में साफ झलकता था। हालांकि, उन्होंने कभी सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया । ऐसा माना जाता है कि उनकी वजह से कुछ युवा खिलाड़ी अनजाने में विवादों में फंस गए और स्थिति बिगड़ गई। लेकिन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पठान ने कुछ खिलाड़ियों के बारे में जो टिप्पणियां कीं थी।

# धोनी के आउट होते ही महिला फैन का रिएक्शन वायरल

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के सामने 183 रनों का लक्ष्य रखा था। सीएसके मुश्किल में थी, इस बीच धोनी तब बैटिंग करने आए जब टीम को जीत के लिए 25 गेंद में 54 रन बनाने थे। 'थाला' आमतौर पर ऐसे मैचों को फिनिश करके ही दम लेते हैं, लेकिन राजस्थान के खिलाफ मैच में वो 11 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हो गए। संदीप शर्मा की गेंद पर शिमरोन हेटमायर ने शानदार कैच लपक कर धोनी को आउट किया था। धोनी के आउट होने पर एक महिला फैन का रिएक्शन वायरल हो रहा है। कैमरा पर एक लड़की को दिखाया गया जिसने कुछ कहा तो नहीं लेकिन उसके चेहरे पर गुस्से के भाव साफ देखे जा सकते थे। इस महिला फैन ने गुस्से में अपनी उंगलियां मरोड़ ली थीं।

## मनोरंजन



# 'किस किसको प्यार करूं 2' का फर्स्ट लुक आउट




मशहूर कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा ने फैंस को खास तोहफा दिया है। कपिल शर्मा ने अपनी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का फर्स्ट लुक जारी किया है। कपिल ने अपनी अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। कॉमेडियन-एक्टर ने इंस्टाग्राम पर इसका फर्स्ट लुक शेयर किया है जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इसमें उनके साथ उनकी दुल्हन भी नजर आ रही है। लेकिन उसका फेस रिवील नहीं किया गया है। कपिल शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से 'किस किसको प्यार करूं 2' का फर्स्ट लुक शेयर किया है। साथ में लिखा है, 'ईद मुबारक'। कपिल दूल्हा बने हुए हैं और उन्होंने सेहरा बांध रखा है। वो सेहरा हटाकर हैरान सी निगाहों के साथ देख रहे हैं। वहीं उनके साथ उनकी दुल्हन भी नजर आ रही है। लेकिन उसका चेहरा नहीं दिख रहा है, क्योंकि कपिल की दुल्हनिया ने घूंघट ले रखा है।

### 2015 की फिल्म का है सीक्वल

कपिल शर्मा करीब 10 साल के बाद अपनी फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का सीक्वल किस किस को प्यार करूं 2 ला रहे हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। कपिल चार-चार महिलाओं के प्यार में कैद नजर आए थे। एक बार फिर से उनका हाल ऐसा ही होने वाला है। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है। इसमें मनजोत सिंह भी होंगे। डायरेक्शन अनुकल्प गोस्वामी कर रहे हैं, प्रोड्यूसर रतन जैन, गणेश जैन और अब्बास-मस्तान हैं। साल 2015 में आई 'किस किस को प्यार करूं' को अब्बास-मस्तान ने डायरेक्ट किया था। कपिल के साथ फिल्म में एली अवराम, मंजरी फडनिस, सिमरन कौर मुंडी, वरुण शर्मा, साई लोकुर और अरबाज खान नजर आए थे।

# पंचायत एक्टर को नहीं मिल रहा काम?



ओटीटी प्लेटफॉर्म की सबसे चर्चित वेब सीरीज में से एक पंचायत की अपार सफलता के बाद दुर्गेश कुमार घर-घर में मशहूर हो गए। दर्शकों के बीच उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ी और लोग उन्हें कॉमेडी-ड्रामा सीरीज के भूषण के तौर पर पहचानने लगे। यूट्यूब पर उनके वीडियो को अमिताभ बच्चन वाले वीडियो से ज्यादा व्यूज मिले। लोग उन्हें पहचान रहे हैं देखना पसंद कर रहे हैं लेकिन कोई भी बड़ा प्रोडक्शन हाउस उन्हें कास्ट करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। एक टाइम था जब दुर्गेश कुमार का चेहरा पूरे इंटरनेट पर छाया हुआ था। ऐसा तब हुआ जब पंचायत सीरीज से उनके किरदार के क्लिप वायरल हुए। लोगों ने उनके डायलॉग, 'देख रहा है बिनोद' और 'आलहुआ मीटिंग' को अपनी वोकैबलरी में शामिल कर लिया। लेकिन इतनी जबरदस्त परफॉर्मेंस और दर्शकों से इतना प्यार पाने के बावजूद उन्हें बड़े प्रोडक्शन हाउस कास्ट नहीं कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में दुर्गेश, जिन्हें फिल्म हाईवे में आलू के रोल से सक्सेस मिली ने फिल्म इंडस्ट्री के काम करने के तरीके पर अपनी निराशा जाहिर की। उन्होंने बताया, "मैं काम करता रहता हूं लेकिन कोई भी बड़ा प्रोडक्शन हाउस मुझे कास्ट करने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है।



# अब राम चरण संग दिखेंगी जान्हवी

राम चरण की आने वाली फिल्म पेड्डी पिछले कुछ समय से फैंस के बीच दिलचस्पी का विषय बनी हुई है। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस स्पोर्ट्स ड्रामा में कपूर खानदान की एक लाड़ली स्टार भी है और यह 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है। जहां अभिनेता के पहले लुक ने पहले ही सनसनी मचा दी है, वहीं निर्माताओं ने अब एक और अपडेट के साथ दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है। फिल्म निर्माता बुची बाबू सना ने अपने एक्स अकाउंट पर राम चरण का पेड्डी से एक नया पोस्टर साझा किया, जिसमें वे बिल्कुल भी पहचान में नहीं आ रहे हैं। गौर से देखने पर वे इसमें पुष्पा फिल्म के अल्लू अर्जुन की तरह दिख रहे हैं। उसी पोस्टर में भी ये भी बताया गया है कि फिल्म का पहला शॉट कब रिलीज किया जाएगा। निर्देशक ने घोषणा की कि मोस्ट अवेटेड झलक 6 अप्रैल को राम नवमी के शुभ अवसर पर रिलीज होगी। निर्देशक ने अपने एक्स पर लिखा, '#पेड्डीफर्स्टशॉट – 6 अप्रैल को श्री राम नवमी के अवसर पर झलक वीडियो जारी किया जाएगा। आपको उगादी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। #पेड्डी।' जानकारी के लिए आपको बता दें कि पेड्डी कथित तौर पर दो खास खेलों- क्रिकेट और कुश्ती के इर्द-गिर्द केंद्रित होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, राम चरण ने अपने ऑन-स्क्रीन चित्रण को बेहतर बनाने के लिए दोनों में ट्रेनिंग ली है। लेकिन उससे भी ज्यादा फैंस इसलिए क्साइटेड हैं, क्योंकि अब आरआरआर स्टार की आने वाली फिल्म में बॉनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर स्क्रीन शेयर करेंगी। इससे पहले वे जूनियर एनटीआर के साथ दिख चुकी हैं और अब आरआरआर के दूसरे लीडिंग स्टार के साथ आने वाली हैं। राम चरण, जान्हवी कपूर के साथ पहली बार ऑन-स्क्रीन जोड़ी है। बता दें कि जान्हवी ने पिछले साल जूनियर एनटीआर की देवरा के साथ अपना तेलुगु डेब्यू किया था और दर्शक राम चरण के साथ उनकी केमिस्ट्री देखने के लिए एक्साइटेड हैं।

# सलमान की 5 बड़ी अपकमिंग मूवीज



■ सिनेमा के भाईजान यानी सलमान खान की इन दिनों अपनी लेटेस्ट फिल्म सिकंदर की रिलीज लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। ईद के खास मौके को मद्देनजर रखते हुए सलमान की ये एक्शन थ्रिलर थिएटर्स और बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। इस फिल्म के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर भाईजान का कब्जा रहेगा। क्योंकि आने वाले समय में सलमान खान की 5 बड़ी फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। आइए इस लेख में उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट पर एक नजर डालते हैं।

### किक 2

सिकंदर फिल्म के बाद सलमान खान निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करेंगे। दरअसल लंबे समय से उनकी मोस्ट अवेटेड मूवी किक 2 की चर्चा चल रही है। आने वाले समय में साल 2014 में आई ब्लॉकबस्टर किक के सीक्वल को जरिए सलमान फैंस को दिल जीतते हुए नजर आएंगे। हालांकि अभी किक 2 की रिलीज डेट के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### टाइगर वर्सेज पठान

पठान की सफलता के समय यशराज बैनर्स की तरफ से सलमान खान और शाह रुख खान (Shah Rukh Khan) की एपिक सागा स्पाई थ्रिलर टाइगर वर्सेज पठान की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई थी। ऐसे में तब से ही इस मूवी को लेकर चर्चाओं का बाजार काफी गर्म हैं और सलमान की अपकमिंग मूवीज की लिस्ट में इस फिल्म का नाम भी शामिल है।

### दबंग 4

पुलिस इंस्पेक्टर चुलबुल पांडे की भूमिका में सलमान खान काफी जचते हैं। बीते समय में दबंग फ्रेंचाइजी के जरिए भाईजान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा चुके हैं। दबंग के पार्ट 4 को लेकर भी सुर्खियां तेज हैं, किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन के दौरान सलमान ने कहा था कि वह और उनके छोटे भाई अरबाज खान इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं, जैसी ही कहानी फाइनल हो जाएगी, ये फिल्म ऑन द फ्लोर आ जाएगी।

### संजय दत्त संग फिल्म

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त के साथ सलमान खान लंबे समय बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। ये दोनों एक एक्शन थ्रिलर मूवी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसका जिक्र हाल ही में द भूतनी मूवी के ट्रेलर लॉन्च के दौरान संजू बाबा ने भी किया था। हालांकि, अभी सलमान खान की इस अपकमिंग फिल्म के टाइटल रिवील नहीं हुआ है।



### सूरज बड़जात्या की फिल्म

सलमान खान ने मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी शानदार फिल्में निर्देशक सूरज बड़जात्या के साथ दी हैं। हाल ही में सिकंदर के प्रमोशन के दौरान उन्होंने इस बात की जानकारी दी थी की वह भविष्य में सूरज के साथ एक और फिल्म करते हुए नजर आएंगे।